जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शुक्रवार, 17 जनवरी, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 259 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.



नागिन बन बड़े पर्दे पर कहर बरसाएंगी श्रद्धा? पेज: 10

## केंद्रीय कर्मचारियों को पीएम मोदी की सौगात...

# कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दी

### पीएम के आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक

### जल्द शुरू होगीं आयोग के गठन की प्रक्रिया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है और केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। जल्दी ही इसके लिए कमिटी का गठन होगा और 8वें वेतन आयोग को बनाने की प्रक्रिया चालू कर दी जाएगी। गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई और पीएम मोदी की अध्यक्षता में इस फैसले पर मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों ने इसके लिए कैबिनेट सचिव से मिलकर 8वें वेतन आयोग का गठन करने की मांग की थी और लगातार ये संगठन सरकार के सामने 8वें वेतन आयोग के गठन का दबाव बना रहे थे।



फाइल फोटो

#### जनवरी 2026 में हो सकता लागू

देश में 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे लगभग एक करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा था। चूंकि हर 10 साल में वेतन आयोग लागू किया जाता है ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी।

#### हर 10 साल में आता नया आयोग

अंतिम वेतन आयोग का गठन हुए 10 साल से ज्यादा समय बीत चुका है। आम तौर पर हर 10 साल में अगले वेतन आयोग का गठन हो जाता है। पुराने वेतन आयोग की जगह पर नए वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बीच भी सामान्यत: 10 साल का अंतर रहता है। ऐसे में आठवें वेतन आयोग का गठन जरूरी हो गया था। सातवें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 28 फरवरी 2014 को किया गया था। सातवें वेतन आयोग ने अपनी सिफारिशें उसके करीब डेढ़ साल बाद नवंबर 2015 में केंद्र सरकार को सौंप दी थी। उसके बाद एक जनवरी 2016 से 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो गईं, जो अभी तक लागू हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीके ने 14 दिन बाद तोड़ा अनशन

**पटना।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आमरण अनशन तोड़ने का फैसला किया है। पटना में गंगा पथ के पास आयोजित कार्यक्रम में वह 14 दिन लंबा आमरण अनशन खत्म कर रहे हैं। उन्होंने अनशन तोड़ने से पहले पवित्र नदी गंगा में डुबकी लगाई।

### बीजेपी ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को एक और लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 9 प्रत्याशियों के नाम का एलान किया गया है। इसमें बची दो सीटें जदयू को दी गई हैं। दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर एक चरण में पांच फरवरी को वोटिंग और मतगणना आठ फरवरी को होगी। इसी दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे।


# एक्टर सैफ अली पर हमला

### लीलावती की आईसीयू में भर्ती

### सैफ के घर में कैसे घुसे थे आरोपी

### दो में से एक संदिग्ध की पुलिस ने की पहचान





**मुंबई।** एक्टर सैफ अली खान पर देर रात चाकू से हमला हुआ था। इसके बाद ही एक्टर को गंभीर अवस्था में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर्स ने उनकी सर्जरी की। वो खतरे से भी बाहर आ गए हैं। बताया गया कि घर में घुसे अज्ञात शख्स ने उनके ऊपर चाकू से हमला किया था। चोरी की नीयत से घर में घुसे अज्ञात शख्स उनके बेटे के कमरे से दाखिल हुआ और मेड से हाथापाई करने लगा। मेड को बचाने पहुंचे सैफ अली खान भी हादसे का शिकार हुए और हमलावर ने उन पर अटैक किया। उन्हें कई जगह गंभीर चोटें आईं।

#### कैमरे में दिखे दो संदिग्ध

मुंबई पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध नजर आए हैं। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने दावा की है कि इनमें से कोई एक हो सकता है। पुलिस अभी तक इस निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही है कि दोनों में से कोई था भी या नहीं। दोनों की तलाश चल रही है। इनमें से एक शख्स की पहचान भी हो गई है। करीना कपूर घर पर ही थी।

#### मेड का बयान दर्ज

मेड लीना को हाथ में चोट लगी है। ये वही मेड है जिसे सैफ अली खान बचा रहे थे। लीना जहांगीर के कमरे में ही सोती है। लीना का इलाज भी लीलावती अस्पताल में ही कराया गया और इसके बाद वो बांद्रा पुलिस स्टेशन अपना बयान दर्ज कराने भी पहुंच गई है। सैफ अली खान के घर पर पिछले दो-तीन दिनों से फर्श पॉलिशिंग का काम चल रहा है। पुलिस इन मजदूरों से भी पूछताछ कर रही है।

### राजस्थान में जिलों के बाद अब 9 ट्रेजरी समाप्त

#### नई व्यवस्था 1 फरवरी से होगी प्रभावी

**जयपुर।** भजनलाल सरकार की ओर से समाप्त किए गए 9 जिलों में अब ट्रेजरी भी समाप्त कर दी गई हैं। इन्हें अब फिर से सब ट्रेजरी बना दिया है। समाप्त किए गए जिलों की सब ट्रेजरी फिर से मूल जिले की ट्रेजरी के अधीन हो जाएगी। यह व्यवस्था 1 फरवरी से प्रभावी हो जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार ने जिला और संभाग के बाद पुलिस रेंज का भी पुनर्गठन कर दिया है। भजनलाल सरकार ने हाल ही अनूपगढ़, दूदू, जयपुर ग्रामीण, गंगापुर सिटी, जोधपुर ग्रामीण, नीमकाथाना, केकडी, सांचोर, शाहपुरा जिले समाप्त कर दिए। इनको फिर से सब ट्रेजरी बना दिया है। समाप्त किए गए इन जिलों की सभी सब ट्रेजरी पुन: मूल जिलों की ट्रेजरी में शामिल कर दी गई है।

## सीएम भजनलाल शर्मा की कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद...

# बोले, कर्मचारियों के हित में लगातार अहम निर्णय ले रही राज्य सरकार

### कर्मचारी राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी, उनकी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता

### विकसित राजस्थान के लक्ष्य के लिए समर्पण भाव से काम करें कार्मिक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कर्मचारी हमारे राज्य की महत्वपूर्ण कड़ी है तथा सरकार और कर्मचारी का संबंध प्रगाढ़ होता है। हमारी प्राथमिकता है कि कर्मचारियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकसित और खुशहाल राजस्थान के लक्ष्य के लिए कार्मिक समर्पण एवं सेवाभाव के साथ काम करें तथा आगामी बजट 2025-26 में कर्मचारी संगठनों से प्राप्त सुझावों को परीक्षण कर यथासंभव शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में कर्मचारी संघों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे।

राज्य की 8 करोड़ जनता की आशा और आंकाक्षाओं को पूरा करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने राज्य में बिजली-पानी की प्राथमिकता को समझते हुए अनेक निर्णय लिए हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना सहित विभिन्न परियोजनाओं से जहां राज्य में जल की आपूर्ति बढ़ी हैं, वहीं किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लक्ष्य को लेकर राइजिंग राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं। राज्य सरकार प्रदेश को उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।



#### युवाओं को 10 लाख नौकरी देने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम घोषणा करने में ही नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने में यकीन रखते हैं। हमने हमारे संकल्प पत्र में युवाओं को 4 लाख सरकारी तथा 6 लाख निजी क्षेत्र सहित कुल 10 लाख नौकरियां देने का संकल्प किया था। अब तक हमने 59 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं और 15 हजार नियुक्ति यां प्रक्रियाधीन हैं। लगभग 81 हजार पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस साल होने वाली परीक्षाओं का कैलेंडर घोषित, राजस्थान चतुर्थ श्रेणी सेवा भर्ती नियमों में संशोधन, वाहन चालक की शैक्षणिक योग्यता आठवीं के स्थान पर 10वीं करना, 52 हजार से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और लगभग 3 हजार वाहन चालकों के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी करना, पेंडिंग न्यायिक मामलों को भी जल्द सुलझाने सहित विभिन्न कदम राज्य सरकार द्वारा उठाए गए हैं, जिससे युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के मार्ग प्रशस्त हो सकेंगे।

#### कर्मचारियों के हित में लिए कई अहम फैसले

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कर्मचारियों के हित में कई अहम फैसले लिए हैं। कार्मिकों को पदोन्नति के लिए वर्ष 2023-24 में वांछित अनुभव में 2 वर्ष की शिथिलता दी गई है। साथ ही, खेल पदक विजेताओं को नियमानुसार वेतन श्रृंखला एवं वेतन वृद्धि दी गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सिविल सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाहियों में परिनिंदा दंड का प्रभाव पदोन्नति पर नहीं होने संबंधी प्रावधान, जमादार ग्रेड-फर्स्ट एवं मुख्य जमादार का नया पद सृजन, सभी राजसेवकों को लंबित कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन भरने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय देने जैसे निर्णय राज्य सरकार ने कर्मचारियों के हित में लिए हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर पारिवारिक पेंशनर आवेदन की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। साथ ही, सभी सेवारत कर्मचारी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से ई-हस्ताक्षर द्वारा पेंशनर के जीवन प्रमाण पत्र जारी कर सकते हैं। इससे राज्य सरकार के 5 लाख से अधिक पेंशनरों को घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने, भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार करने और कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रेच्यूटी की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करना, पेंशनर को 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भत्ता, 1 अप्रैल, 2024 के बाद कर्मचारी की मृत्यु होने पर 10 वर्ष तक बढ़ी हुई पारिवारिक पेंशन देने जैसे विभिन्न प्रावधान कर्मचारियों के लिए किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरजीएचएस के लाभार्थियों को दवाओं की घर पर ही डिलीवरी की सुविधा पायलेट बेसिस पर चालू की गई है। साथ ही, संविदा कार्मिकों के लिए भी राज्य कर्मचारियों की तरह वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि की दो तिथियां 1 जुलाई और 1 जनवरी निर्धारित की गई हैं।

#### मुख्यमंत्री के फैसलों से कर्मचारी संतुष्ट

*बैठक में कर्मचारियों ने एक सुर में मुख्यमंत्री का बड़ी संख्या में सरकारी नौकरी की घोषणाओं, जमीन पर उनका शीघ्र क्रियान्वयन तथा कर्मचारियों के हितों में लिए जा रहे निर्णयों के लिए आभार व्यक्त किया। कर्मचारी संगठनों ने कहा कि कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री की नीयत और नीति अच्छी है। आज कर्मचारी बहुत खुश है तथा मुख्यमंत्री द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से उनमें संतोष का भाव है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी भी मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं को जानने के लिए आमंत्रित कर निरन्तर संवाद किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि मंत्री एवं विभागीय स्तर पर भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में कर्मचारियों द्वारा वेतन विसंगति, ग्रेड-पे, पदोन्नति अवसरों का पर्याप्त सृजन, संविदाकर्मियों का नियमितीकरण, दिव्यांगों को आरक्षण, कर्मचारियों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी।*

# अमित शाह ने किया 'प्रेरणा' स्कूल का उद्घाटन

## पीएम मोदी ने 8वीं से 11वीं कक्षा तक की थी पढ़ाई, 72 करोड़ से हुआ स्कूल का रेनोवेशन



**मेहसाणा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहनगर वडनगर में हैं। गुरुवार सुबह उन्होंने यहां बन रहे म्यूजियम के काम का जायजा लिया और फिर प्रेरणा स्कूल के कैंपस का उद्घाटन किया। यह वही स्कूल है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1962 से 1967 तक 8वीं से 11वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। अब इसी स्कूल को प्रेरणा स्कूल के नाम से जाना जाता है। आज यह स्कूल एक हेरिटेज साइट बन गया है। इस मौके पर शाह ने कहा कि मैंने विश्व नेताओं के बचपन के बारे में पढ़ा है। लेकिन नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की भलाई के लिए जो किया है, वह किसी ने नहीं किया।

गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर में नरेंद्र मोदी ने देश के लिए हर कदम पर अच्छा काम किया है। मैं नरेंद्र भाई को बधाई देना चाहता हूं। जिन्होंने इस अवधारणा के साथ न केवल वडनगर बल्कि गुजरात और देश की संस्कृति को विश्व मानचित्र पर रखने का प्रयास किया है।

उन्होंने आगे कहा कि जिस बच्चे का बचपन गरीबी में बीता हो वह इससे प्रेरणा लेता है। इसी तरह नरेंद्र मोदी भी एक चाय बेचने वाले के बेटे थे। इसीलिए उन्हें यह प्रेरणा मिली कि किसी भी बच्चे को इस तरह गरीबी में न रहना पड़े।

# आयकर विवरणी जमा कराने में राजस्थान देश में चौथे स्थान पर

**जयपुर।** आयकर विवरणी जमा कराने में राजस्थान देश में चौथे स्थान पर है। 15 जनवरी 2025 तक जमा हुई आईटीआर के आंकड़ों में तस्वीर उजागर हुई है। 15 जनवरी सामान्य करदाताओं के संशोधित आईटीआर जमा कराने की अंतिम समय सीमा थी। 55 लाख 9 हजार 093 ऑनलाइन आयकर विवरणियां राजस्थान से जमा हुई। राजस्थान से पहले देश में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और गुजरात का स्थान है।

महाराष्ट्र से देश में सर्वाधिक 1 करोड़ 29 लाख 41 हजार 238 आईटीआर हुई। जबकि 83,25,528 आईटीआर जमा होने के कारण दूसरा स्थान उत्तर प्रदेश को मिला। कुल 81,09,023 आईटीआर के साथ गुजरात राज्य देश में तीसरे स्थान पर रहा। 52 लाख 09 हजार 198 आईटीआर के साथ तमिलनाडु देश में पांचवें स्थान पर है। देश की राजधानी दिल्ली से पूर्व आईटीआर जमा कराने में पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश का स्थान है। देश भर में अब तक जमा 8 करोड़ 80 लाख 64 हजार 997 आईटीआर हुई है। इनमें से 8 करोड़ 64 लाख 15 हजार 188 आईटीआर का सत्यापन हो चुका है।


#### आईटीआर के आंकड़ों में उजागर हुए आकड़े

देश भर में 12 करोड़ 81 लाख 53 हजार 917 व्यक्तिगत करदाता आयकर विभाग में पंजीकृत है। प्रमुख आयकर सलाहकारों ने राजस्थान की मौजूदा स्थिति को स्वागत योग्य बताया है।

उन्होंने कहा है कि करदाताओं को समय रहते आईटीआर जमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है। हो सकता है देश में राजस्थान की इस मजबूत स्थिति के लिए यह भी प्रमुख कारण रहा हो।

# कड़ाके की सर्दी में भी डेंगू-चिकनगुनिया का डंक

### 13 दिन में 45 केस मिले, मलेरिया के 11 मरीज आए





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बावजूद डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया एक्टिव है। जनवरी माह के शुरुआती 13 दिन में प्रदेश में डेंगू के 24 केस मिले हैं। वहीं, चिकनगुनिया के 21 और मलेरिया के 11 केस मिले हैं। अच्छी बात यह है कि इन तीनों में किसी मरीज की मौत का केस नहीं आया है। डॉक्टर्स के मुताबिक इन केसों में सीवियरिटी बहुत ही कम है। हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान की एक रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के 6 जिलों में मलेरिया, 11 जिलों में डेंगू और 12 जिलों में चिकनगुनिया के केस आए हैं। डेंगू के सबसे ज्यादा 5 मरीज चित्तौड़गढ़ जिले में मिले हैं। वहीं, जयपुर जिले में 4 केस मिले हैं।

### मिल्कीपुर उपचुनाव 'अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित मिल्कीपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव की तारीख सामने आ चुकी है। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पांच फरवरी को वोटिंग होगी। वहीं, इस चुनाव के परिणाम आठ फरवरी को सामने आएंगे। इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच है। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है और चुनाव में जीत का दावा किया है।

## इसरो ने रचा इतिहास

# स्पेडेक्स डॉकिंग मिशन को किया पूरा



**नई दिल्ली।** भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया। इसरो ने 16 जनवरी को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट के तहत दो सैटेलाइट का सफलतापूर्वक डॉकिंग किया। इसरो ने इस मौके पर पूरी टीम को बधाई दी। इसरो ने 2 स्पेस सैटेलाइट के बीच दूरी पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक रखी। बाद में दोनों सैटेलाइट को वापस सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

# ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में मासिक बैठक का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया के निर्देशानुसार चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर व देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू की अध्यक्षता में शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों के संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों से सुझाव आमंत्रित कर परिचर्चा की गई तथा आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने को लेकर रणनिति तैयारी की गई तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया व चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां का 20 जनवरी को जन्म दिवस के इस अवसर पर चूरू विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पचायत समिति में नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र बुडानियां ने कहॉ की जन नेता रफीक मण्डेलिया एवं जन नेता राहुल कस्वां का जन्म दिवस के अवसर पर चूरू जिलें एवं चूरू तहसील में सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना है। इस अवसर पर चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर ने कहा कि आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों में हमें कांग्रेस पार्टी को विजय श्री दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना है तथा रफिक मंडेलिया एवं राहुल कस्वां के जन्म दिवस को सेवा संकल्प



दिवस के रूप में मनाते हुए सामाजिक सरोकारों से संबंधिक कार्यक्रमों का आयोजन करना है। इस अवसर पर देहात शहर ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू ने कहा कि नगर निकाय एवं पंचायतों के परिसिमन एवं पूर्नगठन के लिए सजग रहना है तथा जहां परिसीमन एवं पुर्नगठन में नियमों का उलधंन किया जाता है वहॉ सारर्गभित रूप से आपति दर्ज करवाते हुए उनका उच्चित निस्तारण करवाने का प्रयास करना है तथा रफिक मंडेलिया एवं राहुल कस्वां के जन्म दिवस के अवसर पर जन कल्याण के कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर इन दोनों नेताओं के उज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करनी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने कहॉ की आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहुमत दिलवाने तथा कांग्रेस पार्टी का बोर्ड बनाने का हम सब को अधिक से अधिक प्रयास करना है एंव पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करनी है। इस अवसर पर कमला पुनियां, जमील चौहान, सोहनलाल मेघवाल, सुखाराम घिंटाला, नारायण बालाण, षिवकुमार शर्मा, शमशेर भालू खां, रामेश्वर प्रसाद नायक, संजय भाटी, विनोद खटीक, जंगशेर खां सरपंच, अजीज खान, श्रवण बसेर, आसिफ निर्वाण, प्यारेलाल दानोदिया, सुशील स्वामी, बजरंग बजाड, तारीक नागौरी, अनिल तंवर, नवाब खां हवलदार, शेरखां मलखाण, चन्दनमल मेघवाल, नवाब अली, सबीर खां, शंकर डाबला, गौर्धन कस्वां, असलम खान मोयल, तोफिक खान, सम्मीउल्लाह, मो. ईमरान, तोफिक खान एनएसयुआई, फारूक खान, अनिस खान, भूरामल भाटीया, हरेन्द्र कुमार महला, मो. शरीफ गौरी, मुस्ताक, जगनाराम, नानूराम, महावीर सिंह, विकास बुडानिया, हर्ष लाम्बा, ओमप्रकाश बाकोलिया, सत्यनारायण बाकोलिया, युनस खान, ओमप्रकाश गोदारा, बाबू खां, निरंजन कुमार, मनिष कुमावत, जाफर खान, इस्माईल भाटी, नोमान सयैद, सोयल डीके, अब्दूला कुरेशी, अजीज गौरी, शाहरूख खान, शाहिद खान, इस्लाम खान, घनश्याम अलवरिया, हरिराम पुनियां, मो. आजम, राजेन्द्र बलारा, पुर्णाराम, दुर्गादत रायपुरिया, सुलेमान मणियार, सुरेन्द्र रतननगर, हुणताराम, प्रेमप्रकाष, रणजीत सिंह, अब्दुल मजीद, अरविन्द्र बाघ, भरतसिंह चलकोई, विनोद सैनी, महबूब खान, भंवरसिंह झारिया, मोटाराम मेघवाल, श्रवणराम भगत, दलीप कुमार, भादरमल मेघवाल, कमलेष महला, योगेष ढाका, अजू लुहार, केषव झाझडिया, सचिन सैनी, जतनलाल, बरकत अली, जगदीष प्रसाद, उम्मेद लाखाउ, पालाराम मेघवाल, सीताराम झारिया, राजेष मेघवाल, इनायत खां, चन्द्रप्रकाष सैनी, आबिद खान राजेश कुमार, महबूब अली, सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजुद रहें। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सदाम हुसैन ने किया तथा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर धांधू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नशा मुक्ति केन्द्र भविष्य मे शुरू कर समाज को सम्पिर्त किया जाएगाः धीमान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कुरुक्षेत्र में नशे की लत मौत का खत। नशा एक बुराई है जीवन की सच्चाई है। नशे को छोडो जीवन से नाता जोड़ो। नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना। जैसे असंख्य नारों के साथ हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया की जल्द ही यूनिवर्सिटी के अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र जनकल्याण को समर्पित कर दिया जायेगा जिसका लाभ समस्त प्रदेशवासियो को मिलेगा।

## स्व.बुलाकी दास मोहता की पुण्यतिथि पर स्वेटर एवं कोट वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में गुरुवार को माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर पिलानी रोड सादुलपुर में स्व.बुलाकी दास मोहता की पुण्यतिथि पर



स्थानीय समिति के अध्यक्ष एवं राजगढ़ नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन मंगतू राम मोहता द्वारा जरूरतमंद भैया बहनों को गर्म स्वेटर यानी कोट का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार मंगतू राम मोहता के दीर्घायु होने की व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है। इस कार्यक्रम में संकुल प्रमुख नारायण गुर्जर सुलोचना, सोनी, रमेश, मनीष रणवीर राजेश आदि का सहयोग रहा।

## मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

### फुलेरा सदस्य विष्णु कयाल ने रखी महत्वपूर्ण मांगे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डिविजनल रेलवे यूजर्स कंसलटेटिव कमिटी–डीआरयूसीसी) की वर्ष–2025 की प्रथम बैठक मंडल कार्यालय के सभा कक्ष में हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार, समिति के सचिव और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना एवं समिति में नामित सदस्यों में से 12 सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक के आरंभ में समिति के सचिव कृष्ण कुमार मीना ने समिति के कार्य क्षेत्र एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने सदस्यों से समिति के मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए रेल उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सुझाव और सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। वही फुलेरा से डीआरयूसीसी सदस्य ओर दैनिक रेल यात्री महासंघ फुलेरा के अध्यक्ष विष्णु कयाल ने बैठक में भाग लेते हुए रेलवे अधिकारियों को बताया कि फुलेरा में लिफ्ट का टेंडर 2 वर्ष से किया जा रहा है लेकिन अभी तक लिफ्ट नहीं लगी है। इसी क्रम में उन्होंने आगे वरिष्ठ नागरिकों के लिए फुट अंडर ब्रिज के निर्माण करवाने, बाड़मेर जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस का समय पुराने समय पर करवाने, 12467 लीलण सुपरफास्ट एक्सप्रेस का समय फुलेरा से प्रातः 11.25 बजे करवाने, राज बाजार की तरफ रास्ता निकलवाने, रेलवे अधिकारियों एवं रेलवे परामर्शदात्री समिति सदस्यों के नाम,नंबर स्टेशन पर लगवाने,अमृत भारत स्टेशन योजना कार्य को गति से करवाने का आग्रह किया है। साथ ही समिति सदस्यों ने जयपुर मंडल पर किए गए विकास कार्यों के लिए रेल प्रशासन का आभार प्रकट किया।

## अखिल भारतीय सूत्रकर महासभा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** अखिल भारतीय सूत्रकर महासभा का शपथ ग्रहण समारोह इंडियन गुलाब मैरिज गार्डन जनपद श्याम नगर में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर छत्रपति एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर गोपाल लाल सरावता तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा,महासभा के नव नियुक्त प्रदेश जिला के पदाधिकारी को अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झालाना जयपुर के अध्यक्ष जसवंत संपतराम एवं महासचिव गणपत लाल वर्मा द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई । मंच संचालन संयोजक बीएम रोजडे ने किया कार्यक्रम में महिला पदाधिकारी को शाल एवं अन्य पदाधिकारीयो को माला साफा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर अनिल गोठवाल पूर्व महासचिव अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी तथा कानाराम बलाई डॉ शशि इंदोलिया उर्मिला वर्मा रामस्वरूप अजमेरा एस आर नवलिया श्याम सुंदर डेबाणा सहित कई वक्ताओं ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ढाणी डूंगरसिंहपुरा गांव में 01करोड़ 52 लाख की लागत से बनने वाले 8 खुरा, 23 पानी के कुण्ड, 8 प्रधानमंत्री आवास, धर्मशाला में तीन कमरे, टिन शेड, चार दिवारी, शौचालय, कुंड व इंटरलॉक आदि का लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने किया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के राज में विकास कार्य न के बराबर हुआ है। जबकि पिछले एक वर्ष में भाजपा सरकार ने विकास कार्यों की छड़ी लगा दी है। आगे भी भाजपा सरकार विकास कार्य पर काम करेगी। कांग्रेस पार्टी तो सिर्फ दिखावे का काम करती है। विकास काम इनको करना ही नहीं आता है। ये तो सिर्फ जनता को लूटने का काम करती है। कांग्रेस के राज में पेपर लीक मामलों में युवाओं को निराश करने का काम किया है। युवाओं को रोजगार के काम से दूर रखा और बेराजगारी को बढावा देने का काम किया था। जिससे राजस्थान की जनता इस बार कांग्रेस पार्टी उखेड़ने का काम किया है। अब जाकर भाजपा सरकार में युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा के राज में विकास की गंगा बहती है। लेकिन कांग्रेस के राज में सिर्फ लूटने का काम होता था। अब राज्य में विकास के कार्य दिनों दिन हो रहे है। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल,प्रधान दीपचन्द राहड़, चन्द्राराम गुरी, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष बलवीर ढाका, ताराचन्द भांभु, सीपी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य नन्दराम गोदारा व कपिल रक्षक आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुल्तान चौपड़ा, सतवीर दूलड़, समनद्र कुलड़िया, दयानंद कुलड़िया, ओमप्रकाश इसराण, धर्मपाल भाकर आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में पीयूष सैनी बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** नोहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रहे प्रमुख समाजसेवीभामाशाह स्व. संतलाल मोदी स्मृति बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में जे.पी. फुटबॉल एकेडमी रावतसर व नोहर फुटबॉल क्लब नोहर के मध्य फाइनल मैच हुआ। जिसमें नोहर फुटबॉल क्लब नोहर 1–0 से विजेता रही



टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पीयूष सैनी रहा। पीयूष सैनी ने पूरी प्रतियोगिता में सात गोल किये।समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नोहर श्रीमती राजकंवर थी। अध्यक्षता नोहर एसडीएम पंकज गढ़वाल ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में उप पुलिस अधीक्षक ईश्वरसिंह ,सीबीईओ भगवती वर्मा, ठेकेदार श्यामसुन्दर मोदी, वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी चम्पालाल आचार्य सहित अनेक गणमान्य जन शामिल रहे।इसके अलावा समारोह में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम कासनिया, आशीष मोदी, अनिल कड़वासरा, पार्षद छोटू सेवग, दिनेश भूकरकेवाला, मुकेश बंसल, विजय सरावगी, ओम लालवानी, मोहन डाबी, मुकेश हिसारिया, केशव खटोतिया, जुल्फिकार पठान, जयकिशन वर्मा, राजपाल बिजारणिया, सांवरमल हिसारिया, किशन सैनी, अशोक कंकर, सादक अली आदि उपस्थित थे।मंच संचालन पीटीआई कासम अली ने किया। विदित रहे कि पीयूष पत्रकार किशन सैनी के पुत्र है। पीयूष सैनी को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी जताई गई।

## नशे का व्यापार है पाप और अत्याचार, बहुत हुआ बस अब और नहीं:वर्मा

### हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 88वां जागरूकता कार्यक्रम





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** यमुनानगर में नशे का व्यापार पाप और अत्याचार बहुत हुआ बस, अब और नहीं। नशे का प्रचार तस्करों का कारोबार। मृत्यु का सौदा, अब और नहीं। नशे का प्रयोग जीवन से वियोग। जीते जी मृत्यु और दुर्गति, अब और नहीं। नशे के प्रकार तन–मन और धन विकार। बल–बुद्धि का पतन, अब और नहीं। नशे का शौक कलह–क्लेश और निर्धनता रुपी शोक। सुख–शान्ति का पतन, अब और नहीं। नशे पर प्रहार कर रही है सरकार। नशा और नशे का व्यापार, अब और नहीं। नामक कविता के माध्यम से हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन एक संकल्प के साथ नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहुंचे हुए थे। संस्थान के वर्ग अनुदेशक नरेश कुमार की अध्यक्षता में 210 प्रशिक्षणार्थियों 5 अनुदेशकों और 1 अन्य कर्मचारी ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है, नशे में ग्रस्त हो रही युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है लय में सुनाई। तालियों की गडगड़ाहट से संस्थान में एक नई उमंग का संचार हुआ। कार्यक्रम के मध्य से नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। यह यमुनानगर में 88 वां कार्यक्रम था। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालाना ताल में स्वेटर वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में कालाना ताल के सीनियर स्कूल में शा शिक्षक पवन कुमार पूनिया की प्रेरणा से भामाशाह मनीराम कपूरिया ने कक्षा एक से पांच तक के 65 बालक बालिकाओं को सर्दी को देखते हुए गरम स्वेटर बांटे तथा खूब मेहनत लगन से पढने् की नसीहत दी कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच चरण सिंह काजला, संस्था प्रधान रोहिताश कुमार,सेवानिवृत शिक्षक ओमप्रकाश, एसडीएमसी सदस्य डूंगरराम तथा उपस्थित स्टाफ ने भामाशाह व प्रेरक का आभार जताया और शीत ऋतु में वस्त्र वितरण को शास्त्र सम्मत व उपयोगी बताया।

## डॉ.रवि अग्रवाल के स्वर्गवास पर शोक सभा आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** डॉक्टर रवि अग्रवाल के स्वर्गवास पर चूरू में नई सड़क पर चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया के सानिध्य में एक शोकसभा आयोजित की शोक सभा में महन सरिया ने कहा कि डॉक्टर रवि अग्रवाल ने कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी के समय में भी किसी भी रोगी को देखने से मन नहीं किया जिसकी आज आमजन में चर्चा है डॉ.रवि अग्रवाल ब्लड बैंक के प्रभारी रहते हुए भी आमजन ने जितना ब्लड मांगा उतना ब्लड देकर सेवा की,इनके घर कोइभी मरिज किसी भी समय आया तो उसको देखने से मना नहीं किया।

महनसरिया ने कहा कि ऐसे सेवाभावी डॉक्टर का अचानक स्वर्गवास होना चूरू के लिए अपूर्णिय नुकसान है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती इस कठिन घड़ी पर हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचंद सैनी, पूर्व पार्षद डूंगरमल सेनी बाबा, कायम खानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशीखा, राजेश मडावे वाला, पूर्व पार्षद ताराचंद बाठिया, पार्षद अली मोहम्मद भाटी, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, कालूराम महर्षि, युसूफ लोहार, किसना राम बाबल, नवाब खान दौलत खानी, पार्षद विजय जालान, मोहन ट्रेलर, परमेश्वर रेगर, भबरलाल मेघवाल सहनाली, सहित उपस्थित जनो ने डॉक्टर रवि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मोहन रखकर श्रद्धांजलि दी।

## विद्यार्थियों को जुराब, जैकेट वितरित, खिलाई खीर जलेबी

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखलाण बड़ी के विद्यालय प्रांगण में विवेकानंद जयंती सप्ताह के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता, योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया । इस अवसर पर




सुखवीर सिंह पूनियाँ (वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक ) ने कक्षा 1 से 5 के नन्हें–मुन्ने विद्यार्थियों को गर्म जुराबें वितरित कीं तथा कक्षा 1 से 8 के बच्चों को पोषाहार में गर्मागर्म जलेबी और खीर का पौष्टिक भोजन करवाया। इसी अवसर पर श्रीमती प्रिया कुमारी (व्याख्याता) ने कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों को जैकेट वितरित किए । प्रधानाचार्य श्री सत्यवीर सिंह दायमा ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी तथा स्वच्छता अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उप प्राचार्य श्रीमती अनीता चौधरी ने सुखवीर सिंह तथा श्रीमती प्रिया कुमारी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर विजय सिंह सहारण , भूप सिंह, श्रीमती सीमा वर्मा,सौरभ , अमर चंद, रमेश श्योराण एवं श्रीमती सुशीला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ जांगिड ने किया।

## विद्यालय में बच्चों को वितरित किए शूज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** खटीकान मोहल्ला की राजकीय प्रावि में शिक्षक पवन बड़थ्वाल की प्रेरणा से विक्रम सिंधी के सौजन्य से बच्चों को 54 शूज व जुराब वितरित किए गए। यूसीईओ ओमप्रकाश फगेड़िया ने कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन में सेवा का कार्य करना चाहिए। सेवा करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। ऐसा पुनीत कार्य करने से मन की संतुष्टि मिलता है। बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढाया जा सकता है। इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को शाला के मंदिर में अध्ययन करने के लिए भेजना चाहिए। जिससे आगे जाकर ये बच्चें अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मंगलचंद सैनी, आरपी प्रताप सिंह नाथावत, सारा चौहान व कमला खेड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

देवनानी ने देश हित में कार्य करने के लिए कर्मचारियों का किया आव्हान

# शपथ लेना सरल मगर इसको निभाना कठिनः विधानसभाध्यक्ष देवनानी

## अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य कर्मचारियों का आव्हान किया है कि वे ईमानदारी व निष्ठा और संवेदनशीलता से कार्य कर राज्य सरकार के जनहितकारी संकल्पों को पूरा करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि कर्मचारीगण समय पर आए, समय पर जाए और जनहित के कार्य कर राजस्थान की माटी को यश दिलाएं। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी गुरूवार को यहां जयपुर कलेक्ट्रेट में नव निर्वाचित राजस्व मंत्रालयिक संघ की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। देवनानी ने सभी कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कर्म और भाग्य हमारे जीवनरूपी लॉकर की दो चाबियां है। राज्य हित में राजकीय कार्यों का ईमानदारी व निष्ठा से सम्पादन आवश्यक है।

देवनानी ने कहा कि राज्य कर्मचारीगण को राजकीय कार्यों में ऐसा वातावरण बनाया जाना आवश्यक है जिससे आमजन के सभी कार्य आसानी से हो सके और कोई भी जन निराश होकर न जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सोच सकारात्मक होनी चाहिए और जनता की समस्याओं का हल किया जाना हमारी प्राथमकिता होनी चाहिए। देवनानी ने कहा कि कर्मचारीगण नई तकनीक सिखने के लिए सदैव तत्पर रहे और नवाचारों और रचनात्मक सोच के साथ राजकीय कार्यों को सम्पादित करें।

देवनानी ने कहा कि लोकतन्त्र में लोक और तंत्र दोनों महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोक अर्थात जन की सेवा के लिए तंत्र अर्थात शासन का सशक्त होना आवश्यक है। कर्मचारी लोकतंत्र के हिस्से है, उन्हें निष्ठा से कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इस मौके पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर जिला कलक्टर, डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा सहित पदाधिकारीगण और कर्मचारीगण मौजूद थे।

# 12 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त, अन्य स्थानों पर भी हटाए अतिक्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-12 में निजी खातेदारी करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-5 में गोपालपुरा बाईपास 10बी स्कीम के भूखण्ड संख्या-340 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने तृतीय फ्लोर के अवैध निर्माण की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-13 में चौमू के दुल्हा सिंह की ढ़ाणी में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जैतपुरा, जिला जयपुर में करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिहारीपुरा फाटक के पास, जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बिहारीपुरा फाटक्, जिला जयपुर में ही करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गोपालपुरा बाईपास 10बी स्कीम के भूखण्ड संख्या-340 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के तृतीय फ्लोर का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 16.01.2025 को उक्त अवैध निर्माण इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम दुल्हा सिंह की ढाणी, चौमू, जिला जयपुर में खसरा नं. 2652 गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें पर करीब 01 कि.मी. लम्बाई तक अवैध कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल बनाकर तारबंदी कर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमणकर्ता को धारा 72 का नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन आम रास्तें को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 05, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 20 आज तक कुल 403 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया एवं 11 गैर मुमकिन आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

# 'फ्रेंड्स ऑफ राजसखी' सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वर्कशॉप का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् द्वारा शुक्रवार को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर मे 'फ्रेंड्स ऑफ राजसखी' सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वर्कशॉप का आयोजन राजीविका के राज्य मिशन निदेशक व ग्रामीण विकास विभाग के शासन सचिव आशुतोष ए.टी. पेडणेकर की अध्यक्षता में किया गया।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मीट में प्रदेश से लगभग 160 इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया। आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने बताया कि राजसखी एवं सोशल मीडिया के समन्वय से समाज सेवा के लिए महिला सशक्तिकरण को एक नया मंच प्रदान किया जा सकता हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से राज सखी और राजीविका का नाम प्रत्येक गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजसखी की महिलाएं एक वर्ष में लगभग 15 हजार करोड़ रूपये के उत्तम क्वालिटी के उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने कहा कि इन्फ्लुएंसर्स अपनी सक्रियता से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव ला सकते हैं। उन्होने इन्फ्लुएंसर्स को राजीविका के प्रचार-प्रसार के लिए विभाग द्वारा हर संभव सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया।

राज्य के सभी जिलों से आये इन्फ्लुएंसर्स ने राजीविका के प्रचार-प्रसार हेतु बढ़ चढकर सहभागिता निभाने एवं राजसखी उत्पादों का सोशल मीडिया पर नियमित रूप से प्रचार-प्रसार करने का आश्वासन दिया। वर्कशॉप में परियोजना निदेशक (प्रशासन) अजय कुमार आर्य, राज्य परियोजना प्रबंधक (प्रशासन) मीना नीरू तुलसीराम एवं राजीविका सोशल मीडिया टीम प्रभारी नीरू नरूका सहित राजीविका के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# जिले में मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गुरूवार को जिले में चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसमे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि जिले में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। उन्होंने बताया कि सत्रों में गर्भवती महिलाओं और परिजनों को पर्याप्त व उचित पोषण के विषय में जानकारी दी गई और नियमित रूप से पोषणयुक्त खानपान लेने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के बारे में बताया गया। टीकाकरण सत्रों की जिला एवं ब्लॉक स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की गई।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत 45 कचरा बीनने वाले को वितरित किए पीपीई कीट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर टीम एवं एलसीसीए एनजीओ द्वारा रेग पीकर्स को पहचान पत्र और पीपीई किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त एनयूलएम श्याम लाल जांगिड़, आरओ मानसरोवर, डीपीओ एनयूलएम द्वारा कचरा बीनने वालो का सम्मान करते हुए उनको पहचान मिले इस उद्देश्य के साथ उनको पहचान पत्र और कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उनको पीपीई किट भी दिये गए कार्यक्रम में पीआईयू, सीएसआई, आमजन और कचरा बीनने वाले उपस्थित रहे।

उपायुक्त एनयूएलएम ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कचरा बीनने वालों को पीपीई किट वितरित करना और उन्हें सम्मानित किया जाना था। उपायुक्त एनयूएलएम ने कचरा बीनने वालों को पीपीई किट के महत्व के बारे में बताया और पीआईयू टीम ने सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता शपथ दिलाई गई। यह समारोह जीरो वेस्ट थीम पर आधारित था तथा 45 कचरा बिनने वाले को पीपीई कीट वितरण की गई।

# भारत निर्वाचन आयोग ने पर्वतारोही नीरज चौधरी को राजस्थान स्टेट इलेक्शन आइकॉन घोषित किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के ख्यातनाम पर्वतारोही और जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता नीरज चौधरी को निर्वाचन विभाग, राजस्थान का 'स्टेट आइकॉन' घोषित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने चौधरी को स्टेट आइकॉन घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरुवार को चौधरी को इस आशय का प्रमाण पत्र सौंपा।

महाजन ने बताया कि चौधरी निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित की जाने वाले विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों में स्टेट आइकॉन के रूप में भागीदारी करेंगे। वह विभाग द्वारा लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए नई पीढ़ी को आगे लाने के उद्देश्य की प्राप्ति में सहयोग करेंगे। इसके लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित होने वाली जागरूकता गतिविधियों में शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चौधरी को राज्य और देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि विभाग ने नीरज चौधरी के अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के 7 खिलाडियों एवं एक सामाजिक कार्यकर्ता को स्टेट आइकॉन बनाया है। चौधरी ने इस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन का आभार जताया और विभाग की जागरूकता गतिविधियों में पूरा सक्रिय सहयोग देने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2025: साहित्य का महाकुंभ जयपुर में



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर/नई दिल्ली।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 18वाँ संस्करण 30 जनवरी से 3 फरवरी, 2025 तक होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में आयोजित होगा। इस वर्ष की थीम उन विचारों और किताबों पर आधारित है, जिन्होंने हमारी दुनिया को गहराई से प्रभावित किया है। फेस्टिवल में नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी, एस्थर डुफ्लो, और बुकर पुरस्कार विजेता गीतांजलि श्री जैसे प्रमुख वक्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र, समानता, क्राइम-फिक्शन, गैस्ट्रोनॉमी, नाटक और संस्कृति जैसे विविध विषयों पर सत्र होंगे।

नूपुर संस्थान के सहयोग से साइन लैंग्वेज और इंटरप्रिटेशन सेशन्स का आयोजन किया जाएगा। 300 से अधिक हस्तियों की मेजबानी करने वाला यह फेस्टिवल साहित्य, विचार और संवाद का अद्भुत उत्सव होगा। फेस्टिवल के सह-निदेशक विलियम डेलरिम्पल ने कहा, 'यह एक वैश्विक मंच है जहां विचारों का आदान-प्रदान होता है।' सह-निदेशक नमिता गोखले ने कहा, 'यह संस्करण विभिन्न संस्कृतियों की समृद्ध विविधता का जश्न मनाता है।'

नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्यवाही

# 12 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूला, 3 केन्टर सामान जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में राम गली नं. 03 राजा पार्क, मंगल मार्ग बापू नगर, ज्योति नगर पेंशन कार्यालय के बाहर, एसएमएस अस्पताल, के सामने, गुर्जर की थड़ी वार्ड नं. 75 मानसरोवर खेल मैदान, महेश नगर 80 फीट रोड़ रोड़ आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 12 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 03 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में राम गली नं. 03 राजा पार्क, मंगल मार्ग बापू नगर, ज्योति नगर पेंशन कार्यालय के बाहर, एसएमएस अस्पताल, के सामने, गुर्जर की थड़ी वार्ड नं. 75 मानसरोवर खेल मैदान, महेश नगर 80 फीट रोड़ रोड़ आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 12 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024

# आयोग ने जारी की विभिन्न विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत जीके एंड एजुकेशन साइकोलॉजी, सोशल साइंस, हिंदी, साइंस, मैथेमेटिक्स, संस्कृत एवं इंग्लिश विषय की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 18 जनवरी से 20 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**आपत्ति दर्ज कराने का शुल्क व प्रक्रिया:**- आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क रु 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क रू 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है।

आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक 18 से 20 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समयावधि के बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएंगी। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई-मेल से अथवा फोन नम्बर 9352323625 व 7340557555 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कार्यालय नगरपालिका आबूरोड, जिला-सिरोही (राज.)**

क्रमांक/न.पा./निर्माण/2024/3563 दिनांक : 13.01.2025

:: **संशोधित निविदा सूचना** ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका आबूरोड के निर्माण शाखा द्वारा सिविल कार्य हेतु निविदा क्रमांक 3260 दिनांक 30.12.2024 के निविदा संख्या 15 को प्रसाशनिक कारणों से निरस्त किया जाता है।

**सूचित रहें।**

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका आबूरोड**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका आबूरोड**

**राज.संवाद/सी/24/10362**



# चौकवाले बालाजी मंदिर में गूंजी मानस की चौपाइयां

## मंदिर के वार्षिकोत्सव पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** स्थानीय धानुका कुएं के पास स्थित श्री चौकवाले बालाजी मंदिर के ग्यारहवें वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत गुरुवार को हनुमान जी और शिवजी का अभिषेक भक्ति भाव पूर्वक किया गया। इससे पूर्व बुधवार सुबह अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। गुरुवार को रामायण पाठ संपूर्ण होने के पश्चात हनुमत रुद्राभिषेक पंडित पंकज आत्रेय के आचार्यत्व में विधि विधान पूर्वक किया गया। आयोजन समिति के कुणाल व्यास ने बताया कि बालाजी का अभिषेक पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया ने किया और भगवान भोलेनाथ का अभिषेक राहुल और मोनिका व्यास दंपति ने किया। अभिषेक के पश्चात् बालाजी, शिवजी, लक्ष्मी जी और रामायण जी की आरती मंदिर पुजारी घनश्याम शर्मा ने करवाई। पंडित मनोज आत्रेय, निरंजन ताम्रायत, विवेक महर्षि, गोविंद प्रसाद आदि विप्रों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं चौपाइयों के सुमधुर संगान से अनुष्ठान को सरस बनाया गया। इस अवसर पर श्री चौक वाले बालाजी की आराधिका ललिता देवी व्यास की माताजी सरस्वती देवी, कुलदीप व्यास, मैना देवी, कौशल शर्मा, ललित कटारिया, कन्हैयालाल, नवीन, प्रवीण व्यास, मदन लाल, रमाकांत सतासरिया आदि उपस्थित थे।

# इंद्रदेव का अंहकार दूर करने के लिए भगवान कृष्ण ने रची थी लीला : शास्त्री

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** चम्बल नदी के किनारे बीहड़ों में स्थित श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास डॉ. सुरेश शास्त्री ने बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि





कृष्ण भगवान की अद्भुत लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। इस वजह से उन्हें अपनी मैया से डांट भी खानी पड़ती थी। भगवान श्रीकृष्ण के घर गायों और माखन की कमी नहीं थी। इसके बावजूद गोपियों के अटूट प्रेम के चलते भगवान श्रीकृष्ण माखन चोर कहलाए। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण भक्तों के बंधन में बंध जाते हैं। जब जीव मन, वचन, काया से स्मरण करता है तो प्रभु कृपा कर देते हैं। प्रभु अपने भक्तों से दूर नहीं रह सकते हैं। गोवर्धन पूजा कथा का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने इंद्रदेव का अहंकार दूर करने के लिए लीला रची थी और सभी ब्रज वासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाया। जब इंद्र ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करके ब्रज वासियों को परेशान किया तो सारे ब्रज वासियों की रक्षा करने हेतु भगवान श्री कृष्ण आए और आकर के गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया। सभी ब्रज वासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। इसके बाद इंद्र को अपनी भूल का अहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा याचना की। इसके बाद ही गोवर्धन पर्वत के पूजन की परंपरा आरंभ हुई। इस दौरान भजन मंडली में शामिल दरोगा गौड, संगीत शर्मा, वीरेश दंडौतिया, रिंकू, नितेन्द्र आदि ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। कथा के प्रारम्भ में श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर के महंत मनोजदास महाराज सहित भक्तजनों ने कथापीठ का पूजन किया और कथा व्यास डॉ. शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 52 दीपक प्रज्वलित कर की गई पं.सुरेश मिश्रा के दीर्घायु होने की कामना

**नोहर।** गुरुवार को प्राचीन जोहड़े वाले हनुमान मंदिर में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया।



पंडित मिश्रा के 52 वे जन्म दिवस के अवसर पर 52 दीपक प्रज्वलित कर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा गौमाता को गुड़ और हरा चारा भी खिलाया गया। इस अवसर पर महिला और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.हंसराज शर्मा ,डॉ.दीपक पारीक, सर्व ब्राह्मण महासभा नोहर के अध्यक्ष गौरव पारीक , गोविंद नारायण पारीक, सुष्मिता पारीक ,रामू जोशी ,राजकुमार पारीक ,बेबी पारीक ,देवेंद्र जोशी ,कैलाश चन्द्र पंडा ,उमकान्त पंडा ,राजेंद्र कुमार ,रामदेव शर्मा समेत सर्व ब्राह्मण महासभा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हेलमेट किए वितरित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** भारत सरकार के जन जागरण सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एलएन मेमोरियल चौरीटेबल ट्रस्ट की ओर से शिवम् ऑर्थो एवं जनरल हॉस्पिटल के आगे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने आमजन की सुरक्षा को देखते हुए दूपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। एलएन मेमोरियल चौरीटेबल ट्रस्ट के चौयरमेन डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि हमारा ट्रस्ट जनहित में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते रहे है।

इस मौके पर यातायात व्यवस्था के लिए कोतवाली थाना के एएसआई राजेश कुमार, एएसआई नरेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल मदनलाल, राजेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह व कांस्टेबल बलकेश उपस्थित रहे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ नें बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पंहुचाना चाहिए। उन्होने कहा कि आमजन को केवल पुलिस चालान के डर ही नहीं अपितु खुद की सुरक्षा के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। विधायक हरलाल सहारण नें बताया कि वाहन नशा कर न चलाए तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पंचायत समिति प्रधान दीपचंद राहड़, पंस सदस्य विक्रम सिंह राठौड़, चन्द्राराम गुरी, अभिषेक चोटिया, दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत, चन्द्रप्रकाश शर्मा, अमर सिंह बुडानिया, अमीलाल घेतरवाल, डॉ. कमल वशिष्ठ, टीम एलएन मेमोरियल चौरीटेबल ट्रस्ट व शिवम् ऑर्थो एवं जनरल हॉस्पिटल के डॉ. जेपी महायच, डॉ. रामनिवास दुकिया, डॉ. उषा कस्वां, डॉ. अजहर कुरेशी व सागरमल शर्मा आदि उपस्थित रहे। ट्रस्ट सचिव सागरमल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।संचालन भाजपा जिला संगठन महामंत्री भास्कर शर्मा ने किया।

# जरूरतमंद 56 छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर का वितरण

**चूरू।** देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोजासर में जरूरतमंद 56 छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरित किए गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शाला स्टाफ द्वारा



समिति सदस्यों का माल्यार्पण आदि द्वारा स्वागत, अभिनंदन किया गया। संरक्षक सीताराम दाधीच ने समिति के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। उपाध्यक्ष सीताराम जगिड़ ने बच्चों को अपने भविष्य के लक्ष्यों को निर्धारित करआगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया वहीं उपाध्यक्ष नरोत्तम लाल सोनी ने शिक्षकों से निवेदन किया कि स्कूल के छात्रों को स्कूल के पाठ्यक्रम के अलावा भारत की संस्कृति व नैतिक शिक्षा पर भी जोर देवें। योगाचार्य श्री सांवरमल जांगिड़ ने छात्र- छात्राओ को योगिक क्रियाओं द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ व तंदुरुस्त रखने के गुर सिखाए। कार्यक्रम को अरुण कुमार शर्मा सीए ने भी सम्बोधित किया। प्रधानाचार्या सुनिता ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आगंतुक अतिथियों का इस सेवा करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दौकेनसाल के बाला राम, विपुल राजवंशी, अमरचंद बांगड़वा, हनुमान प्रसाद प्रजापत, प्रभुसिंह, भूराराम प्रजापत, हीरालाल, शिवराज शर्मा, माणक चंद दाधीच सहित अनेक प्रबुद्ध ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को किया जाएगा सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में जिले के विशिष्ट व्यक्तियों, सामाजिक कला, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करन वाले विशिष्ट व्यक्तियों, संस्थाओं, छात्रों, छात्राओं, अधिकारियों व कर्मचारियों, एनजीओ, कृषक, पशुपालक, खिलाड़ी, आर्टिजन्स, लोक कलाकारों, बाढ़ प्रबन्धन, सड़क सुरक्षा, राजस्थान युवा महोत्सव व अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों, युवाओं, बीएलओ व सुपरवाईजरों, सीएससी तथा भामाशाहों आदि को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। अधिकारियों एवं कर्मचारियां के प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में मय आवश्यक दस्तावेज सहित संबंधित नियंत्रण अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा अपनी स्पष्ट अभिशंषा के साथ भिजवाये।

# जिला स्तरीय जागरूकता सेमिनार में दी कैंसर की जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित राजस्थान मरु उड़ान के तहत स्तन और सर्वाइकल कैंसर पर एक जिला स्तरीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन गुरुवार को जिला परिषद सभागार में किया गया। इस सेमिनार का उद्घाटन महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक रश्मि कौशिश ने किया। जिन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंतसिंह शेखावत और उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। कौशिश ने कहा कि महिलाओं में होने वाले शारीरिक रोगों और स्वास्थ्य संबंधी संपूर्ण जानकारी का होना बेहद आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं से सही पोषण, आहार, व्यायाम, योग, स्वास्थ्य मनोरंजन, स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्यप्रद आदतों को अपनाने का आह्वान किया, ताकि वे स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। कार्यशाला के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शेखावत ने स्तन कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर ऊतकों में होने वाला एक कैंसर है



जो तब होता है जब स्तन की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। यह महिलाओं में सबसे आम कैंसर है, हालांकि यह पुरुषों में भी हो सकता है। डॉ. शेखावत ने स्तन कैंसर के लक्षणों के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने मैमोग्राफी द्वारा स्तन कैंसर का निदान और स्क्रीनिंग के महत्व पर जोर दिया, ताकि कैंसर के लक्षण शुरुआती अवस्था में ही पहचाने जा सकें। सर्वाइकल कैंसर का इलाज सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को नियमित रूप से स्तन की जांच करानी चाहिए और यदि सर्वाइकल कैंसर का पता चलता है, तो उसका उपचार विभिन्न चरणों में किया जाता है।

# 28 केंद्रों पर होगी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 का आयोजन शनिवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर विद्यालय सभागार में अभिविन्यास बैठक का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसमें सभी सीबीईओ व परीक्षा पर्यवेक्षक को परीक्षा की जानकारी दी गई। जिले में कुल 8 हजार 736 परीक्षार्थी कक्षा 5 में अध्ययनरत है। नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश व अध्ययन के लिए जिले के 28 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। आवासीय विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षण के लिए परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्राचार्य द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में राजपालसिंह मंडिया पीजीटी भौतिक विज्ञान ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन




परमानन्द भट्ट व घनश्याम भम्मर ने किया।

**इन केन्द्रों पर होंगी परीक्षा:** नवोदय प्राचार्य मीना ने बताया कि परीक्षा स्वामी विवेकानंद रा. मोडल विद्यालय भीम, राबाउमावि भीम, राउमावि भीम, स्वामी विवेकानंद मोडल विद्यालय देवगढ़, राउमावि देवगढ, रावत नाहरसिंह राबाउमावि देवगढ़, स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय आमेट, राउमावि आमेट, स्वामी विवेकानंद मोडल विद्यालय कुम्भलगढ़, महाराणा कुम्भा राउमावि केलवाड़ा, राउमावि चारभुजा, राबाउमावि चारभुजा में होगी। बाल कृष्ण विद्या भवन राउमावि कांकरोली, महात्मा गांधी राउमावि राजनगर, राबाउमावि धोबी गली राजनगर, राबाउमावि आसोटिया, स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय केलवा, राउमावि धोइंदा, स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय रेलमगरा राउमावि रेलमगरा, राबाउमावि रेलमगरा, महात्मा गांधी राउमावि बड़ा बाजार नाथद्वारा, राबाउमावि नाथद्वारा, जीकेडी राउमावि नाथद्वारा, महाराणा प्रताप राउमावि खमनोर, अम्बालाल सिरोहिया राबाउमावि देलवाड़ा, राउमावि देलवाडा, दीपचंद पालीवाल राउमावि उपली ओडन नाथद्वारा में आयोजित की जाएगी।



# आजादी के 8 दशक के बावजूद भी करोड़ों परिवार बेघर : न्यौल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं कॉंग्रेस जिला उपाध्यक्ष किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी अथक प्रयास के बावजूद देश भर में लगभग 22 करोड़ परिवार झुग्गी झोपंदी में तथा सड़कों के किनारे खुले आसमान तले रहने सोने को विवश हैं। किसान नेता न्यौल आज यहां गांव सातड़ा में विभिन्न गांवों से आये किसान मजदूर कर्मचारी संगठनों के प्रति निधियों से बात चित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि चाहे कड़कड़ाती हादकम्पाने वाली शितलहर हो चाहे प्रचंड ल्लूष् के थपेड़े हों चाहे अतिवृष्टि, ओलावृष्टि हो इस देश के गरीब, मजदूर को झुग्गी-झोंपड़ी या सड़क के किनारे सोकर रहकर जीवन बसर करना पड़ रहा है। न्यौल ने कहा कि इस देश की अजीब व्यवस्था है धनाढ्य लोग अधिक धनी उद्योगपति हो रहे हैं जबकि गरीब रोजाना अधिक गरीब होता जा रहा है दूर जाने की जरूरत नहीं चूरू जिले में ही सावधानी से देखें तो झुग्गी झोपडीयों में सैकंदों मजबूरी में बेबस जीवन यापन कर रहे हैं। न्यौल ने कहा कि देश के कर्ता-धर्ता राजनेता भारत को तीसरी विश्व शक्ति बनने की दुहाई दे रहे हैं। परन्तु रोटी - कपड़ा मकान के अभाव में करोड़ों लोगों का जीना खाना रहना सहना दूभर हो रहा है। देश भर का अन्नदाता एमएसपी के गारण्टी कानून के लिए आन्दोलित है। युवा बेरोजगार नकल मुक्त कानूनी गारन्टी का इन्तजारकर रहे हैं, सभी जगह बेराजगारी-बेईमानी-भ्रष्टाचारी मंहगाई बढ़ रही है 15 जनवरी आज से जन जागृति अभियान शुरू किया गया ताकि सरकार रोटी कपड़ा तथा आवास की व्यवस्था करने को मजबूर हो।

# टाउन हॉल निर्माण कार्य का कलक्टर ने किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमन्द ।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बन रहे टाउन हॉल का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। नगर परिषद के आयुक्त बृजेश राय, अधिशासी अभियंता तरुण कुमार बायती, रूडसिको के अधिशासी अभियंता अरविंद माथुर आदि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिला कलक्टर को टाउन हॉल की पूरी प्लानिंग से अवगत कराया और सभी तकनीकी पहलू बताए। कलक्टर ने कहा कि टाउन हॉल का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को इसका समुचित लाभ मिल सके। कलक्टर ने टाउन हॉल की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इसके तहत मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गिरीराज गर्ग के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

# कुरज में जागरुक मंच की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** कुरज के ग्राम पंचायत कार्यालय में बुधवार को जागरुक मंच की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जतन संस्थान रेल मगरा के पंचायती राज कार्यक्रम के प्रबंधक बद्री नारायण शर्मा ने की। बैठक



में सरकारी योजना मा वाउचर योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं आने वाले पंचायती राज चुनाव के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी कालूराम रेगर, कनिष्ठ लिपिक माधवलाल सीरवी, रोजगार सहायक लादूलाल लोहार, जन प्रतिनिधि देवीलाल यादव, रुक्मणी खटीक, जागरुक मंच के सदस्य कैलाश गिरी गोस्वामी, मिट्ठूलाल टेलर, शंभूसिंह राठौड़, दिनेशचंद्र रेगर, सोहनगिरी गोस्वामी, रतनलाल अहीर, प्रकाशचंद्र राव, दलीचंद कुमावत, कस्तूरी यादव, मधुगिरी गोस्वामी, सीता देवी, डाली भील, आशा देवी, जशु देवी, माली जतन संस्थान के सुनील कुमार शर्मा मौजूद थे। बैठक का संचालन शंभूलाल वैष्णव ने किया।

# महाराणा कुम्भा की पावन जन्मभूमि मेवाड़ का एक गौरवशाली तीर्थ हैः शेखावत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** महाराणा कुम्भा जन्मभूमि सेवा समिति के द्वारा महाराणा कुम्भा की 608वीं जयंती पर मेवाड़ महाकुम्भ के तहत मदारिया माल्यावास में विराट महासभा का आयोजन मदारिया स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय तीर्थ सवाईभोज के महंत सुरेशदास, मुख्य अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि भीम विधायक हरिसिंह रावत, कुम्भलगढ़ विधाय सुरेन्द्रसिंह राठौड़, सर्जन एवं संस्थापक डॉ. ओमेन्द्र रत्नू, डॉ. लक्ष्मण प्रजापत, हृदय रोग विशेषज्ञ एवं हिन्दु



विचारक पिट्सबर्ग, मिनाक्षी आहुजा अध्यक्ष निमित्तेकम, संगीता चौहान, रावत वीरभद्रसिंह, देवगढ़, रावत जयवर्द्धनसिंह, कुंवर मयूरध्वजसिंह, महाधृतिसिंह, महाराणा कुम्भा जन्मभूमि सेवा समिति के अध्यक्ष नारायण उपाध्याय, समिति संरक्षक अमरसिंह चुण्डावत, सेवानिवृत डीआईजी बीएसएफ चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी, कोमोडोर शौर्य चक्र विजेता किशनसिंह चुंडावत, पालिकाध्यक्ष शोभालाल रेगर, सरपंच अम्बालाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति रही। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार कंसारा ने बताया की अथितियो नें मां चामुंडा माता मंदिर के दर्शन कर महाराणा कुम्भा पेनोरमा का भ्रमण किया। समिति सदस्यों ने सभी का इकलाई और प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए कहा कि मेवाड़ निर्माता कीर्तिपुरुष महाराणा कुम्भा की पावन जन्मभूमि मेवाड़ का एक गौरवशाली तीर्थ है। महाराणा कुम्भा ने युद्धभूमि में विजयगाथाओं के साथ, साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति क्षेत्र में नए कीर्तिमान रचे। मेवाड़ के संस्थापक कीर्ति कलश महाराणा कुम्भा का कार्यकाल मेवाड़ के इतिहास का स्वर्णिम युग है। कार्यक्रम अध्यक्ष धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण, राजस्थान सरकार के ओंकारसिंह लखावत ने भी ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा की आज हम बहुत सौभाग्यशाली है कि राणा कुम्भा को स्मरण करने का समारोह आपके यहा आयोजित हो रहा है।

# परिवादियों की इष्टतम संतुष्टि के लिए करें प्रयासः जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के निस्तारण हेतु दिए निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि सभी परिवादों का यथा संभव समाधान किया जाये जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट

हो सकें। जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त सभी उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे राज्य आपदा निधी से स्वीकृत कार्यां की नियमित मॉनिटरिंग करें। सर्दी के मौसम



को देखते हुए आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर माकूल इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियें से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाईनों की सफाई, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

ग्राम दुर्गसी के परिवादियों ने ग्राम पंचायत खुर्दिया में चारागाह भूमि पर से अतिक्रमण हटवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने उपखण्ड अधिकारी सरमथुरा को मौका देखकर त्वरित ढंग से अतिक्रमण हटवाये जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी विनोद कुमार ने कृषि विद्युत कनेक्शन दिलवाये जाने से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। परिवादी हरिविलास जाटव ने पट्टा दिलाये जाने हेतु निवेदन किया जिस पर नगर परिषद को पट्टा दिलाये जाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। दौनारी में आम रास्ते पर अतिक्रमण के मामले में तहसीलदार को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही वार्ड नम्बर 3 में स्ट्रीट लाइट खराब होने के मामले में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने नगर परिषद को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



## जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने की जिला स्तरीय जनसुनवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने की। जनसुनवाई में जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें मुख्य रूप से पेयजल, बिजली, राजस्व और अतिक्रमण से संबंधित मुद्दे शामिल रहे। इस दौरान कुल 27 प्रकरणों पर चर्चा कर निस्तारण के निर्देश दिए।

**अतिक्रमण और रास्ते के विवाद प्राथमिकता में:** जनसुनवाई में अतिक्रमण और रास्तों से जुड़े विवादों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। इन समस्याओं को लेकर नागरिकों ने जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों का समाधान शीघ्रता से किया जाए और लोगों को राहत प्रदान की जाए।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े पूरे जिले के अधिकारी:** बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, सभी उपखंड अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

## मंत्री खर्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### शुक्रवार को सियाराम शिक्षक संघ के कार्यक्रम में लेंगे भाग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** गुरुवार को जिले में प्रवास पर आए स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिह खर्रा का सर्किट हाऊस



में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में पुष्पमाला, दुपट्टा पहना पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । इस मौके पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, नगर मण्डल अध्यक्ष एव जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा, नगर महामंत्री रवि लांबा, पार्षद विजय सैनी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। केबिनेट मंत्री खर्रा शुक्रवार को प्रात 10 बजे कर्नल जे पी जानू स्कूल में सियाराम शिक्षक संघ के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

## जे.बी.शाह गर्ल्स (पी.जी.) महाविद्यालय में कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जे.बी.शाह गर्ल्स (पी.जी.) महाविद्यालय प्रांगण में श्री जी.डी. शाह स्मृति प्रेरणा दिवस का आयोजन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से किया जाएगा।



जे.बी.शाह गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज के सह-संस्थापक स्व. श्री जी.डी. शाह की स्मृति में 'प्रेरणा दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा समसामयिक समस्याओं में छात्राओं का चिंतन कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। प्रात: 10.00 से दोपहर 12.00 बजे तक, 'गृहस्थ ऋषि' विमोचन एक झलक दोपहर 12.00 से 12.30 बजे तक एवं पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 12.30 से 1.00 बजे तक होगा। जानकारी देते हुए कालेज प्राचार्य डॉ. योगिता शर्मा एवं राजकुमार मोरवाल सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में विषय पर विचार प्रकटीकरण का आयोजन भी किया जा रहा है। महाविद्यालय की छात्राओं के इस नवाचार के रचनात्मक प्रयास में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर स्टार्ट अप मीट का किया आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं नारिका इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 16 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर स्टार्ट अप मीट का आयोजन किया गया। सत्र में महाविद्यालय के 20 स्टार्टअप की लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया एवं अपने स्टार्ट अप की प्रस्तुति दी। स्टार्टअप्स ने लक्ष्य समूह, प्रतिस्पर्धियों, यूएसपी, मूल्य निर्धारण रणनीति, निवेश, वित्त पोषण का स्रोत, रोड मैप आदि पर अपनी प्रस्तुति दी। इसमें भाग लेने वाले इंटुएटिव पाव्स, रॉय ज्वैल्स, एस्ट्रो गाइड, चोको लक्स आदि स्टार्ट अप रहे। इस अवसर पर युवा उद्यमी प्रीत जैन, उद्यमी और स्टार्ट अप सलाहकार अतिथि विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। सत्र विशेषज्ञ ने स्केलेबिलिटी, सर्वोत्तम उत्पाद मानकीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद जैसे विभिन्न टिप्स और ट्रिक्स एवं फंडिंग के लिए प्रेजेंटेशन पर अपने सुझाव दिए। उन्होंने फंडिंग के विकल्प बताये एवं अपने उद्यम को मुख्य धारा में प्रदर्शित कर किस प्रकार आगे बढ़ा सकते हैं, इसकी जानकारी दी।

# केंद्रीय मंत्री यादव से मिले अलवर के 120 सरपंच

## यादव ने हर पंचायत में ई-लाइब्रेरी खोलने पर भी जोर दिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर ।** दिल्ली स्थित पर्यावरण भवन में अलवर सांसद और केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर के 120 सरपंचों से मुलाकात की। सभी सरपंच विकास कार्यों में आयी तेज़ी के लिए भूपेंद्र यादव का धन्यवाद देने दिल्ली आये थे।

सरपंचों ने मंत्री भूपेंद्र यादव को बताया की अपने व्यस्त समय के बावजूद लगातार अलवर की जनता के बीच रहकर आप ने अलवर के लोगों के दिलों को जीता है।

बैठक के दौरान भूपेन्द्र यादव ने सभी सरपंचों को मुख्यत: चार विषयों पर राजनीति से उठकर काम करने को कहा जिसमें जल जीवन मिशन पर सभी सरपंचों को ठेकेदारों से उचित काम लेने और बिना किसी भेदभाव और भ्रष्टाचार के काम को सफल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा, पानी पिलाना पुण्य का काम है। इस विषय पर हमें धर्म और जाती के भेद-भाव से ऊपर उठकर काम करने के आवश्यकता है। भूपेन्द्र यादव ने हर पंचायत में ई-लाइब्रेरी खोलने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि जो समाज आने वाली पीढ़ी में निवेश करता है, वो ही तरक्की करता है। ये आने वाली पीढ़ी में हमारा इन्वेस्टमेंट होगा जो बच्चों को नशे जैसे व्यसनों से भी दूर रखेगा। उन्होंने सरपंचों से अपने अलवर प्रवास के दौरान माला-साफ़े पर पैसे खर्च करने की बजाय पैसे उन पैसों को ई-लाइब्रेरी पर खर्च करने को कहा। भूपेन्द्र यादव ने खेल मैदानों का नवीकरण एवं सुधार, और महिला स्वयं-सहायता समूहों को अच्छे से चलाने की भी बात कही। अलवर सांसद खेल उत्सवआयोजित क्रिकेट मैचों में लगभग 340 टीमें सम्मिलित हुईं और मुझे बहुत खुशी है की इनमें से 40 टीमें अलवर की बच्चियों की थी. अलवर के खेल के प्रति उत्साह को आगे बढ़ाने के मुझे आपके सहयोग की ज़ुरुरत है। अपने इलाके के खेल मैदानों को बच्चों के लिए तैयार करें, केंद्रीय मंत्री ने सरपंचों से कहा। उन्होंने इन चार विषयों पर सभी सरपंचों को राजनीति और भेदभाव से ऊपर उठकर काम करने को कहा।

सरपंचों ने मंत्री भूपेंद्र यादव के समक्ष सरपंचों ने कार्यकाल बढ़ाये जाने की माँग रखी। भूपेन्द्र यादव ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस विषय पर जल्द सकारात्मक नतीजे आयेंगे।

दूसरा विषय सरपंचों पर चल रही जाँच को लेकर था जिस पर भूपेंद्र यादव ने कहा कि निष्पक्ष जाँच होगी और किसी को तकलीफ़ नहीं आने दूँगा।

अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने बताया कि ईआरसीपी योजना से अलवर को जोडने् का काम तेज़ी से चल रहा है, मेवात विकास बोर्ड के माध्यम से मेवात के अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कार्य किये जा रहे हैं, खैराना में चिड़ियाघर, भिवाड़ी में एसटीपी प्लांट, प्रयागराज कुंभ के लिए अलवर में ट्रेन स्टॉप, रूपारेल में पानी लाने का काम, 1.5 लाख वर्ग मीटर में युवाओं के कौशल विकास के लिए इनक्युबेशन सेंटर आदि विकास कार्यों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने सरपंचों से आग्रह किया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प को अलवर की धरती पर जनभागीदारी से उतारें। उन्होंने कहा कि अगर सब मिलकर काम करेंगे तो अलवर इस बार स्वच्छता रैंकिंग में 63वें स्थान से निकलकर निश्चित ही टॉप 10 में अपनी जगह बनाएगा। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अवैध कट को बंद कराने की कार्यवाही की गई

**अलवर ।** जिले में 31 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत आज कटोरी वाला तिबारा स्थित पेट्रोल पम्प के पास किए गए अवैध कट



को बन्द कराया गया। आरटीओ सतीश चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले प्रमुख मार्गों पर हो रहे अवैध कट्स को बन्द करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में आज कटोरी वाला तिबारा स्थित पेट्रोल पंप के पास किए गए अवैध कट को बंद कराया गया जिससे सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर अवैध कट करें तो उसकी सूचना आरटीओ अथवा संबंधित सड़क निर्माण एजेन्सी को देवे। सूचना मिलने पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।




## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

### 130 व्यक्तियों ने दी परिवेदनाएं

**अलवर ।** त्रि.स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रो.एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण करे। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण में फरियादियों की संतुष्टि स्तर में इजाफा करे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय में नियमित जनसुनवाई करें। जिला कलक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई पहली बार आने वाली परिवेदनाओं के निराकरण की समयसीमा तय कर अधिकारियों को परिवेदनाओं की प्रकृति के अनुसार 3 दिवसए 7 दिवस एवं 15 दिवस का समय देकर निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवेदना निर्धारित समय सीमा निस्तारित कर रिपोर्ट भिजवाये। उन्होंने परिवेदनाओं के दिए गए समयनुसार निस्तारण की मॉनिटरिंग करने हेतु उन्होंने सहायक निदेशक लोक सेवाए को निर्देशित किया। उन्होंने पूर्व आई हुई परिवेदनाओं को भी अधिकतम एक माह में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में ही परिवेदनाओं का निस्तारण करें ताकि फरियादियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### राजकीय बालिका महाविद्यालय बाड़ी की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

## अंजली इकाई अध्यक्षा एवं सोनम प्रजापति बनी इकाई मंत्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर में स्थित राजकीय बालिका महाविद्यालय में परिषद की नवीन इकाई का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाड़ी द्वारा गठन किया है। जिसमें अंजली को इकाई अध्यक्ष और सोनम प्रजापति को मंत्री बनाया गया है।

महाविद्यालय की इकाई मंत्री रश्मि सोनी ने बताया कि- विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा एवं अनुशासित छात्र संगठन है। जो वर्षभर निरंतर कार्यरत रहता है। साथ ही दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करता है। वही परिषद शिक्षा व राष्ट्र के विभिन्न मुद्दे पर अपनी आवाज को मुखर करते हुए राष्ट्र में एक स्वतंत्र एवं स्वायत्त छात्र संगठन की अपनी पहचान स्थापित किये हुए है,ऐसे में परिषद के विभिन कार्यो को देखते हुए इसके विस्तार में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें अंजली कुमारी इकाई अध्यक्ष,रेखा कुशवाह इकाई उपाध्यक्ष,सोनम प्रजापति को इकाई मंत्री बनाया गया है साथ में नीरज कुशवाह को इकाई सहमंत्री,अंजली को एसएफएस संयोजक,नीतेश मीणा एसएफडी संयोजक,रंजना गौड़ राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, दुर्गेश मीणा को एनएसएस संयोजक,कुमकुम को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है।

# आमजन के परिवादों में समय निर्धारित कर पेंडेंसी को खत्म करें : सुराणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने डीओआईटी वीसी सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिलेभर से आमजन के अभाव-अभियोग सुने व अधिकारियों को परिवादों में समुचित जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर भी विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए गए। प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत ने प्रदेश स्तर से वीसी के जरिए जुड़कर जिला स्तरीय जन सुनवाई की समीक्षा की।

जिला कलक्टर सुराणा ने जिला स्तरीय जन सुनवाई में आए फरियादियों के परिवाद सुनकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के परिवादों में समय निर्धारित कर पेंडेंसी को समाप्त करें। प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर फरियादियों के संतुष्टि स्तर को बेहतर बनाएं। शिकायतों के निस्तारण में एवरेज डिस्पोजल टाइम व परिवादी के संतुष्ट स्तर का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के जवाब देने तथा निस्तारण के दौरान किसी प्रकार की गलत रिपोर्टिंग ना हो। परिवादों की बारीकी से मॉनीटरिंग करें तथा नियमित रिव्यू करें। सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी जिला कलक्टर कार्यालय से किए जाने वाले पत्राचार की निर्धारित समय सीमा में पालना रिपोर्ट भिजवाएं। इसी के साथ राज्य स्तर के प्रकरणों व सीएसआर अंतर्गत करवाए जाने वाले कार्यों की जानकारी भिजवाएं। सुराणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने हेतु अच्छे व कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों के साथ इनोवेटिव कार्य करने वाले कार्मिक की अभिशंषा समय से भिजवाएं। गणतंत्र दिवस समारोह की समुचित तैयारियां करें। सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन ढंग से हो, यह सुनिश्चित किया जाए। जन सुनवाई के दौरान अतिक्रमण, फर्जी कंपनी बनाकर पैसे वसूलने, रास्ते के विवाद, निर्माण कार्य का मलबा सड़क पर पड़ा होने से रास्ता अवरूद्ध होने, स्वच्छता, जल भराव, पट्टे बनवाने, बकाया एरियर भुगतान, डेयरी बूथ हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने, बिजली के खंभों को हटवाने सहित सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त व सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों को लेकर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समुचित जांच करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-फाइल पेंडेंसी व एवरेज डिस्पोजल टाइम व प्रकरणों के निस्तारण में सेटिस्फेक्शन लेवल को लेकर सभी अधिकारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए।

## विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ की अध्यक्ष निर्मला रावत का सम्मान आज

**जयपुर।** विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के जयपुर की निर्मला रावत को अध्यक्ष चुने जाने पर रावत के सम्मान में सम्मान समारोह शुक्रवार को दोपहर 12.15 बजे गोपालपुरा,बाईपास,कमल रतन टॉवर स्थित होप्स इन टेटर्स में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर भारत के विभिन्न राज्यों के विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ प्रतिनििा निर्मला रावत का सम्मान करेगे। इस मौके पर राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा,कर्नाटक,हरियाणा से भी प्रतिनिधि व खिलाड़ियों की भाग लेने की संभावना है। इस मौके पर सांसद मंजू शर्मा,राजस्थान सरकार के मंत्री सुरेष रावत,विधायक कालीचरण सराफ व पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल की भाग लेने की संभावना है। इस प्रतिष्ठित पद पर उनका चुनाव राजस्थान पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमावत और भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट की अनुशंसा पर हुआ। इस महत्वूपर्ण पद पर निर्मला रावत का चुना जाना, उनकी नेतृत्व क्षमता और दिव्यांगजनों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## तम्बाकू मुक्त युवा कैम्पेन के तहत 60 दिवस नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**झुंझुनूं।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं संदर्भ व्यक्ति् प्रशिक्षण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को डाईट सभागार, झुंझुनूं में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र सिंह एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अलसीसर राजेन्द्र कुमार सिंह, सूरजगढ़ बसन्ता देवी, उदयपुरवाटी आत्माराम तथा सिंघाना नीलिमा यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एवं शिविर का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य संदर्भ व्यक्ति सुरेन्द्र सिंह व्याख्याता राउमावि माकड़ो द्वारा उजास शिक्षण हेतु स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए मार्गदर्शिका एवं महत्वपूर्ण जीवन कौशल की जानकारी अपने प्रस्तुतीकरण में प्रस्तुत की। मुख्य संदर्भ व्यक्ति घनश्याम सैनी व्याख्याता राउमावि छऊ द्वारा ऑफलाइन/ऑनलाइन कक्षा संचालन एवं सामाजिक चेतना केन्द्र के बारे में प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया गया। एक दिवसीय उक्त कार्यशाला के अन्तिम सत्र में सम्भागीयों के साथ खुला सत्र आयोजित किया गया जिसमें जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र सिंह द्वारा सम्भागियों की जिज्ञासाओं का प्रत्युत्तर देते हुए खुले सत्र में सम्भागियों के साथ चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला में जिले के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, संदर्भ व्यक्ति तथा ब्लॉक साक्षरता समन्वयकों सहित कुल 40 सम्भागियों ने भाग लिया।

### डॉ.निखिल कुमार को वापस झुंझुनूं का कार्यभार

**झुंझुनूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की देर रात आई तबादला सूची में डॉ निखिल कुमार को वापस झुंझुनूं ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले गत तबादला सूची में उनका स्थानांतरण सीकर के पलसाना में कर दिया गया था। गत सूची में उनकी जगह लगाए गए चरण कमल को पुन: राजगढ़ चूरू भेजा गया है।

# तुलसीवन रोड़ की सेठ कॉलोनी में जलभराव

## नाले के रिसाव से फैल रही बीमारी,जिस मालिक ने कॉलोनी बनाई उसी के खाली भूखंडों में जलभराव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर के तुलसीवन रोड़ पर नवीन कॉलोनी में जल भराव से लोग परेशान है। जिस खेत मालिक द्वारा उक्त भूमि पर



प्लाटिंग की गई है। उसी के खाली भूखंडों में अब पानी भर रहा है। नाले के इस गंदे पानी में पनप रहे मच्छरों से जहां बीमारियां बढ़ रही हैं,वहीं कॉलोनी के लोग परेशान हो रहे हैं। जिसको लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं है। तुलसीवन रोड़ के सेठ वाले बाग के ठीक सामने बसी नई कॉलोनी निवासी कालू कोठारी,वृंदावन शर्मा,किशोर मंगल, विष्णु शिवहरे,त्रिलोकी,शुभम मंगल,दीपू गर्ग आदि ने बताया कि- करीब 5 साल पूर्व उक्त कॉलोनी में लोगों ने अपने नवीन भवन बनाए हैं। जिनमें वह रह रहे है। नगर पालिका द्वारा भी कॉलोनी के रास्तों में सीसी खरंजा कराया गया है, लेकिन कॉलोनी में मुख्य रास्ते के किनारे करीब छह भूखंड खाली पड़े हैं। उक्त भूखंडों में सड़क किनारे नाले का गंदा पानी रिस कर जमा हो गया है। जिसमें अब गंदगी फैल रही है,साथ में मच्छर भी पनप रहे हैं। इससे परेशानी बढ़ रही है।

कॉलोनी निवासी महिला रोशनी अग्रवाल,महावीर शिवहरे, बनवारी गर्ग,दीपू,अजब सिंह,जीतू शिवहरे आदि ने बताया कि- खाली पड़े भूखंडों में ना तो भूखंड का मालिक चारदीवारी करा रहा है और ना ही उसमें पानी नहीं जाए इसको लेकर कोई व्यवस्था की है। कई बार आग्रह करने पर भी कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा।

कॉलोनी के नागरिकों ने नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा और नगर पालिका प्रशासन से भी कई बार शिकायत की हैं साथ में बाड़ी उप जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया गया है,लेकिन कहीं पर कोई सुनवाई नहीं है, ऐसे में कॉलोनी के लोग परेशान है। मच्छरों के प्रकोप से उनके बच्चे बीमार हो रहे हैं। जिसको लेकर अब जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है साथ में मुख्यमंत्री जन समस्या पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की है।

## किरी मोहल्ले और माधव नगर कॉलोनी में लापरवाही से परेशान नागरिक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर के किरी मोहल्ले और माधव नगर कॉलोनी में पिछले 15 दिन से लोगों का जीवन दूभर हो रहा है। इसकी वजह सीवर और पेयजल पाइप लाइन कार्य में ठेकेदार और संबंधित कार्मिकों द्वारा बरती जा रही लापरवाही है।

मोहल्ले की सड़कों को खोदकर डाल दिया गया है और उससे निकली मिट्टी से अब कीचड़ हो रही है साथ में घरों में जाने वाली कई पेयजल पाइप लाइन तोड़ दी गई है और कई जो बची हैं उनमें गंदा पानी आ रहा है। जिसको लेकर नागरिकों द्वारा नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन में शिकायत की गई,लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे नागरिक आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं। किरी मोहल्ले और माधव नगर कॉलोनी की महिला नैनीबाई, मायादेवी, पूजा अग्रवाल, राजकुमारी, रामेंद्र कुमार, पप्पू सिंह, रामनिवास, शिवचरण सहित अन्य लोगो ने बताया कि- पिछले 15 दिन पूर्व यहां सीवर और पेयजल पाइप लाइन के काम करने को लेकर जेसीबी से खुदाई की गई। खुदाई के बाद पाइप भी डाला गया,लेकिन उसके बाद स्थावत स्थिति छोड़ दी गई। जिसको ना तो ठीक ढंग से मरम्मत की गई और ना ही आगे कोई कार्य हुआ है। ऐसे में अब वहां दलदल भरा कीचड़ हो गया है। इसमें से रास्ता निकलना मुश्किल हो रहा है।

यह स्थिति पिछले 15 दिन से बनी हुई है। जिसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल के साथ नगर पालिका प्रशासन और उपखंड कार्यालय में ज्ञापन दिया है, लेकिन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। अब सीवर और पेयजल पाइप लाइन के ठेकेदार द्वारा भी इसकी कोई सुध नहीं ली जा रही। इससे छोटे बच्चे और बड़े बुजुर्गों का रास्ता निकालना मुश्किल हो गया है।

## सुविचार

सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से हर मुश्किल को आसान बनाया जा सकता है।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### अंतरिक्ष में बढ़ता प्रभाव

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) अपने स्पेस डाकिंग एक्सपेरिमेंट (SpaDeX) मिशन के साथ इतिहास रच दिया। इसरो ने अपने स्पेस डाकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो सैटेलाइट्स के डाकिंग प्रोसेस को पूरा कर लिया। इसरो ने पहली बार पृथ्वी की कक्षा में दो उपग्रह सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया में चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने यह काम किया है। यह वाकई भारत के लिए गर्व का पल है। इस मौके पर पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई दी है। इससे पहले 7 और 9 जनवरी को तकनीकी कारणों से इसे टाला गया था। 12 जनवरी को ISRO ने एक परीक्षण किया था। जिसमें उपग्रहों को 3 मीटर की दूरी तक लाया गया था और फिर आगे के विश्लेषण के लिए उन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था। मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने के लिए चौथी बार कोशिश की की थी। इस बार वैज्ञानिकों को सफलता मिल गई। वैज्ञानिकों की पूरी टीम ने जानकारी का विश्लेषण किया और इस ऑपरेशन की सफलता की पुष्टि की। डेटा की समीक्षा पूरी होने के बाद आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई। इसरो ने अपने बयान में कहा कि दो उपग्रहों को जोड़ने के बाद, दोनों को एक ही वस्तु के रूप में कंट्रोल करने में सफलता मिली है। वहीं, इसरो ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई दी है। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। 15 मीटर से 3 मीटर होल्ड पॉइंट तक लाने का प्रोसेस पूरा हुआ। स्पेसक्राफ्ट को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। वहीं इस सफलता पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इसरो में हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को सैटेलाइट्स के डाकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल, स्पेस डाकिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दो अंतरिक्ष यान या सैटेलाइट एक दूसरे के पहले बहुत करीब आते हैं। फिर एक साथ जुड़ जाते हैं। यह एक जटिल प्रक्रिया होती है। इसे खासतौर पर अंतरिक्ष अभियानों में इस्तेमाल किया जाता है। डाकिंग कराने के पीछे कुछ अहम मकसद भी होते हैं। ऐसा करके दो उपग्रहों को एक दूसरे से जोड़कर डेटा शेयर किया जाता है। स्पेस डाकिंग के दौरान एक अंतरिक्ष यान को दूसरे यान के पास लाकर उसे बेहद नियंत्रित तरीके का इस्तेमाल कर उन्हें जोड़ना पड़ता है।

76वां गणतंत्र दिवस

## संविधान पर हो सार्थक बहस..!!




मनोहर मनोज

देश में संविधान के 75 साल के सफर पर पिछले दिनों (संसद के शीतकालीन सत्र में) जो दो दिन की बहस हुई, वह निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य पहल थी; लेकिन संविधान के जिन जिन पहलुओं पर वहां बहस की गई वह देश के पॉलीटिकल थियेटर का महज एक स्टीरियोटाइप आख्यान ही था। दलीय लोकतंत्र के दबाव में पार्टी लाइन आधारित टाइप्ड भाषण और उबाऊ पॉलीटिकल नैरेटिव से भरे संवादों के इतर संसद के इस बहस में भारतीय संविधान की एक संपूर्ण, ईमानदार और समालोचनात्मक बौद्धिक विमर्श का इसमें सर्वथा अभाव था। संसद में संपन्न इस बहस में राजनीतिक पार्टियों के आरोपों-प्रत्यारोपों और राजनीतिज्ञों में अपने को इतिहास पुरूष तथा अपने प्रतिद्वंद्वी को गलत साबित करने की होड़ ही दिखाई पड़ी। हालांकि कुछ भाषण प्रभावशाली भी थे, लेकिन कुल मिलाकर ये सभी भाषण पॉलीटिकल करेक्टनेस की चासनी से ही सराबोर थे। इसलिए 76वें गणतंत्र के मौके पर देश में बुद्धिजीवियों के बीच संविधान पर सार्थक बहस होनी चाहिए।

- इमेज

पिछले दिनों देश ने अपनी सबसे बड़ी पंचायत (संसद) के पटल पर दुनिया के सबसे बड़े भारतीय संविधान की एक बेहतरीन मीमांसा का एक बेहद ख़ास मौक़ा गवां दिया। देश के लोकतंत्र, बहुपहचानीय समाज और आधुनिक शासन पद्धति तथा उच्च कोटि की सुशासन व समावेशी राजव्यवस्था के मद्देनजर भारतीय संविधान के कई पहलुओं पर नजर डालना बेहद जरूरी था। मसलन भारत में असल व आधुनिक लोकतंत्र का प्रसार, इसका राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक विभिन्नता व भौगोलिक अखंडता, धर्मनिरपेक्षतावाद और सामाजिक न्याय व अवसर की समानता। मोटे सैद्धांतिक तौरपर भारतीय संविधान की व्याक्खा इन चारों कसौटियों को ध्यान में रखकर की जा सकती थी। उपरोक्त चारों कसौटियों पर भारतीय संविधान की कार्यगत सफलता का पैमाना इस बहस के जरिये बड़े अच्छे तरीके से निर्धारित किया जा सकता था। मिसाल के तौर पर भारत में लोकतंत्र को लेकर ये बातें जरूर कही गई कि एक दल ने आपातकाल लाकर लोकतंत्र का गला घोंटा तो दूसरे ने कहा कि आपातकाल वह दौर तो एक निर्धारित समय के लिए ही था, लेकिन अभी तो एक दशक से देश में अघोषित आपातकाल लगा है। दोनों बातें ठीक हैं पर इसे लेकर दोनों ही पक्षों को यह भी आत्मावलोकन करना होगा कि हमारा लोकतंत्र देश के राजनीतिक दलों के मठाधीशों के मनमर्जीवाद की कोटरी में क्यों कैद है? हमारा दल आधारित लोकतंत्र देश में सभी लोगों की लोकतांत्रिक भागीदारी और सर्वथा योग्य उम्मीदवारी को कहीं से भी प्रोत्साहित क्यों नहीं नहीं करता? किसी भी लोकतंत्र में व्यक्ति पूजा और राजनीतिक दलों के एकाधिकार या द्वैधाधिकार के लिए जगह नहीं होनी चाहिए। ठीक है कि अमेरिका में भी दो दलीय प्रणाली अस्तित्व में है, पर वहां अच्छी बात यह है कि कोई कितना भी लोकप्रिय राष्ट्रपति क्यों न हो, उसे अधिकतम दो बार ही इस पद को पाने का मौका मिलता है। भारत में लोकतंत्र की असलियत ये है कि कोई भी अपराधी, अज्ञानी, सामंत, भ्रष्टाचारी अपने सभी कुकृत्यों को इसकी आड़ में छिपा सकता है, यदि वह सत्ताधारी दल में शामिल हो जाता है।

ये ठीक है कि संसद में संपन्न इस बहस में उस राजनीतिक वंशवाद पर भी चर्चा हुई, जिसमे संलग्न तमाम दलीय नेता इस आधुनिक काल में भी भारत के मध्ययुगीन सामंतों की याद दिलाते हैं। बहस के दूसरे आधारभूत पहलू राष्ट्रवाद को लेकर बात की जाए तो भारत के राष्ट्रवाद की एक व्यापक रूपरेखा व सहमति संविधान के जरिये भारत के सभी दलों में अनुगूंजित व मान्य होनी चाहिए। मिसाल के तौर पर एक दल जहां भारत माता की जय लगाकर राष्ट्रवाद को पोसने की बात कर इतने गंभीर मसले का सरलीकृत कर देता है, वहीं दूसरा दल देश के सांप्रदायिक विभाजन को स्वीकृति प्रदान करने के उपरांत भी देश में समावेशी लोकतंत्र के नाम पर भौगालिक विखंडता को पनपाने की प्रवृति प्रदर्शित करता है। भारतीय संविधान में ये बात साफ साफ उच्चरित होनी चाहिए कि देश का विभाजन एक भयानक भूल थी जिसमें अब ये नई बात उद्घोषित होनी चाहिए कि इसे हम बाद में भी ठीक करेंगे और देश में अलगाववाद की किसी भी प्रवृति को किसी भी सूरत में पनपने से पहले कुचल देंगे। भारतीय संविधान को लेकर तीसरा आधारभूत बिंदु धर्मनिरपेक्षता को लेकर है जिसका सभी दल अपनी अपनी सुविधा के मुताबिक मीमांसा करते आए हैं। असल में धर्मनिरपेक्षता संविधान के एक ऐसे मजबूत मूल सिद्धांत के रूप में सभी लोकतांत्रिक दलों में मान्य होनी चाहिए जो किसी भी तरह से चुनाव और सार्वजनिक बहस में दोबारा उल्लिखित नहीं होनी चाहिए। देश में आजादी के उपरांत ही धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों से जो खिलवाड़ किया जाता रहा है और फिर उसके प्रत्युत्तर में धर्मनिरपेक्षता के विचार का जो मजाक बनाया जाता रहा है, इन दोनों ही नैरेटिव के जरिये संविधान का भारी उल्लंघन किया जाता है। इस मामले में सबसे बड़ा अपराध उनका है, जिन्होंने धर्मनिरपेक्षता को असल स्वरूप में लागू न करके सामुदायिक तुष्टीकरण को उसका विकल्प बना दिया। ऐसे में 'स्यूडो सेकुलरिज्म' या छद्म धर्मनिरपेक्षता की परिपाटी का जो आगमन हुआ वह इस महान शब्द के खिलवाड़ के साथ भारतीय संविधान का भी अपमान करता रहा है। इस तुष्टीकरण की सबसे बड़ी मिसाल मौलिक अधिकारों में अल्पसंखयकों को अपने धार्मिक शिक्षण चलाने के मिले मौलिक अधिकार से दिखती है। एक तरह से धर्मनिरपेक्षता का सबसे बड़ा अपमान संविधान में दर्ज है। विख्यात इतिहासकार इरफान हबीब भी मानते हैं कि अल्पसंख्यकों को शिक्षण संस्थान चलाने का मौलिक अधिकार मिला है, पर इस संवैधानिक अधिकार का तकाजा ये है कि इसका पाठय़क्रम भी सेकुलर हो। छद्म सेकुलरवाद गलत है, लेकिन सेकुलरवाद गलत नहीं हैं। एक राजनीतिक जमात सेकुलरवाद के नाम पर तुष्टीकरण और संविधान को फूलों की बगिया बताकर छद्म सेकुलरवाद को पोषित करता है तो दूसरी तरफ दूसरी जमात सेकुलरवाद को बुलडोज करके बहुसंख्यक पहचान की राजनीति के जरिये प्रतियोगी लोकतंत्र व सुशासन के सिद्धांतों का गला घोटता है। एक दल दूसरे पर संविधान को मटियामेट करने का आरोप लगाता है तो दूसरा प्रत्युत्तर में यह कहता है कि देश संविधान से चलेगा, शरिया से नहीं। ऐसे में सवाल ये है कि इस विभ्रम की स्थिति में किसे सच माना जाए? नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत भारतीय संविधान समूचे देश में समान नागरिक संहिता लाने की बात करता है पर सेकुलरपंथी इसे अमलीजामा पहनाने से क्यों घबराते हैं? यानी दोनों गलत हैं और संविधान मूक बनकर खुद अपनी अवमानना झेलने को अभिशप्त है।



## पंचांग

17 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | कृष्ण |
| • तिथि | - | चतुर्थी 29.31 तक |
| • वार | - | शुक्रवार |
| • नक्षत्र | - | मघा 12.45 तक |
| • योग | - | सौभाग्य 24.57 तक |
| • करण | - | बव 16.44 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.21 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.28 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.14 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | सिंह |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.26 से 13.10 |
| • राहु काल | - | 11.25 से 12.48 |
| • व्रत, त्यौहार | - | संकष्ट चतुर्थी, चंद्रोदय 21.32, सिद्धियोग 12.45 से सूर्योदय |
| • दिशा शूल | - | पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### साल का पहला सकट चौथ व्रत

सकट चौथ व्रत हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है, और इसे गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना के लिए मनाया जाता है। इसे व्रती महिलाएं संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और विघ्नों के नाश के लिए रखती हैं। इस व्रत को माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन गणपति जी की पूजा चंद्रोदय के बाद की जाती है। व्रती भगवान गणेश को दूर्वा, लड्डू, फूल और प्रसाद अर्पित करते हैं। साथ ही, "ॐ गण गणपतये नमः" मंत्र का जाप करना भी फलदायी माना जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 16 जनवरी को सुबह 4:09 मिनट पर हो गई है। वहीं, इस चतुर्थी का समापन 17 जनवरी को सुबह 5:33 मिनट पर होगा। ऐसे में उदय तिथि के अनुसार, सकट चौथ का व्रत 17 जनवरी 2025 को रखा जाएगा। शाम में चंद्रमा के दर्शन करने के बाद ही सकट चौथ का व्रत खोला जाता है। ऐसे में 17 जनवरी को चंद्रोदय समय रात को 9:09 मिनट पर होगा।

सकट चौथ व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और व्रत का संकल्प लें। शाम में गणेश जी की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराएं और उन्हें नए वस्त्र पहनाएं। गणेश जी को 16 श्रृंगार करें, जैसे सिंदूर, मेहंदी, चंदन आदि जरूर लगाएं। गणेश जी के सामने धूप और दीप जलाएं। फिर गणेश जी को मोदक, दूध, फल आदि का भोग लगाएं। और गणेश जी से संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि की मंगल कामना करें। सबसे आखिर में शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें और व्रत खोलें। इस दिन तिल और गुड़ से बनी चीजें विशेष रूप से खाई जाती हैं और प्रसाद के रूप में बांटी जाती हैं।

सकट चौथ का व्रत विशेष तौर पर संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है, जो विघ्नहर्ता के रूप में पूजे जाते हैं। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से सभी प्रकार के संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता माना जाता है। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सफलता और समृद्धि का मार्ग खुलता है।

## तारीख विशेष

### मोहम्मद अली: एक महान मुक्केबाज और प्रेरणा स्रोत



मोहम्मद अली, जिन्हें पहले कैसियस मार्सेलस क्ले जूनियर के नाम से जाना जाता था, का जन्म 17 जनवरी 1942 को अमेरिका के लुइसविले, केंटकी में हुआ। वे इतिहास के सबसे महान मुक्केबाजों में से एक माने जाते हैं। अपनी बेहतरीन मुक्केबाजी के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता के लिए भी विश्व प्रसिद्ध हैं। मोहम्मद अली ने 12 साल की उम्र में मुक्केबाजी शुरू कर दी थी। एक बार उनकी साइकिल चोरी हो गई, और उन्होंने पुलिस अधिकारी जो मार्टिन से कहा कि वे चोर को पीटना चाहते हैं। मार्टिन ने उन्हें मुक्केबाजी सिखाने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद, अली ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 1960 के रोम ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने रखा। 1964 में, 22 साल की उम्र में, मोहम्मद अली ने सन्नी लिस्टन को हराकर पहली बार विश्व हैवीवेट चैंपियनशिप जीती। उसी साल, उन्होंने इस्लाम धर्म अपना लिया और अपना नाम बदलकर मोहम्मद अली रख लिया। उनकी मुक्केबाजी शैली तेज गति और फुर्ती पर आधारित थी, जिसे उन्होंने 'फ्लोट लाइक ए बटरफ्लाई, स्टिंग लाइक ए बी' (तितली की तरह उड़ो, मधुमक्खी की तरह डंक मारो) के रूप में परिभाषित किया। मोहम्मद अली ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक मुकाबले लड़े, जिनमें जो फ्रैजियर के साथ 'थ्रिला इन मनीला' और जॉर्ज फोरमैन के खिलाफ 'रंबल इन द जंगल' शामिल हैं। उन्होंने तीन बार विश्व हैवीवेट खिताब जीता, जो अपने समय में एक अद्वितीय उपलब्धि थी। अली केवल एक महान एथलीट ही नहीं थे, बल्कि वे नस्लीय समानता और मानवाधिकारों के लिए एक महत्वपूर्ण आवाज भी थे। 1967 में, उन्होंने वियतनाम युद्ध में लड़ने से इनकार कर दिया, जिसके कारण उन्हें जेल की सजा का सामना करना पड़ा और उनके खिताब छीन लिए गए।

स्वास्थ्य

## हफ्ते में कुछ घंटे की कसरत भी फायदेमंद...!!

डा.माजिद अलीम

इन दिनों गली मुहल्लों में जिम की भरमार और सोशल मीडिया में हेल्थ संबंधित कंटेंट की बाढ़ को देखकर कई लोग बड़ी हताशा में रहते हैं कि वे पर्याप्त कसरत नहीं कर पाते, जैसा बाकी लोग कर रहे हैं। यह हताशा तब और बढ़ जाती है, जब दफ्तर में हमारे बगल में बैठा कोई शख्स हर रोज अपने घंटों पसीना बहाने के किस्से रज-रजकर सुनाता हो या यू-ट्यूब अथवा एक्स में जब हम सेलिब्रिटीज को जिम से अपनी आकर्षक और टोंड बॉडी के साथ निकलते हुए देखते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की बातें, खबरें और रीलें उन लोगों को मन ही मन कुढ़ने के लिए छोड़ देती हैं, जो दिल में चाह रखने के बावजूद हर दिन एक से दो घंटे पसीना नहीं बहाते। लेकिन ऐसे लोगों के लिए एक नहीं कई खुशखबरियां हैं। सबसे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की बात करते हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक हम सप्ताह में अगर 150 से 300 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली एक्सरसाइज जैसे तेज तेज चलना, साइकिलिंग या फिर 75 से 150 मिनट वाली तीव्र एक्सरसाइज जैसे दौड़ना आदि कर लें तो भी सेहतमंद रह सकते हैं। कई और महत्वपूर्ण शोध अध्ययन भी बताते हैं कि फिट और चुस्त दुरुस्त रहने के लिए हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत भरपूर होती है, बशर्ते यह सही तरीके से की गई हो।

- इमेज

'द जनरल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' में छपे एक अध्ययन के मुताबिक हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई एरोबिक और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज से दिल की बीमारियों का 20 से 30 फीसदी खतरा कम हो जाता है। इसी क्रम में साल 2020 में प्रकाशित हुई लॉसेंट स्टडी के मुताबिक भी सप्ताह में अगर 3 घंटे की एक्सरसाइज सही तरीके से कर ली जाए तो जिंदगी में दो से तीन साल का इजाफा हो जाता है।

मगर सवाल है कि हफ्ते में जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज करनी हो तो इसकी योजना कैसे बनाएं और इसके तहत कौन कौन सी एक्सरसाइज की जा सकती हैं, जो ज्यादा से ज्यादा फायदेमंद हों? हमें फिटनेस विशेषज्ञों की एक बात याद रखनी चाहिए कि व्यायाम करना अपने आपमें एक कला है। यह महज शारीरिक श्रम या एक्टिविटीज तक ही सीमित नहीं है, इसमें बेहतर तकनीक, अनुशासन और संतुलन के ज्ञान का भी शामिल होना जरूरी है। क्योंकि जब सही तकनीक के साथ हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत की जाती है, तब उसके इस स्तर के फायदे मिलते हैं। गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे लोगों के लिए तो यह खतरा और भी ज्यादा होता है, जो हफ्ते में इतने कम समय के लिए एक्सरसाइज करते हैं। ऐसे लोगों को वजन उठाने की सही पोजीशन का भी ख्याल रखना चाहिए वर्ना पीठ या जोड़ों पर इसका खतरनाक असर हो सकता है। हालांकि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना भिन्न होती है, साथ ही हर किसी के फिटनेस का स्तर और उसके लक्षण भी अलग अलग होते हैं। इसलिए कई बार जो व्यायाम एक व्यक्ति के लिए सही होता है, वही दूसरे के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह बात कहने की जरूरत इसलिए है क्योंकि जब हमें कम समय की एक्सरसाइज से ज्यादा फायदा लेना हो तो किसी एक्सपर्ट से मिलकर अपने लिए सबसे उपयुक्त कसरतों का पता लगाना चाहिए। साथ ही कम से कम शुरुआती ट्रेनिंग तो एक्सपर्ट की देखरेख में ही करना चाहिए। जब कम समय में एक्सरसाइज से ज्यादा फायदे लेने हों तो अनुशासन और धैर्य को बनाए रखना बहुत जरूरी है। वास्तव में व्यायाम का असर पलभर में नहीं दिखता, इसके लिए कुछ वक्त लगता है। इसलिए जब एक्सरसाइज करना शुरू करें तो उसे एक अनुशासन के रूप में अपनाएं और लंबे समय तक इस पर टिके रहें। यही नहीं जब कम समय की एक्सरसाइज करना हो तो शारीरिक और मानसिक तालमेल का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सिर्फ शारीरिक व्यायाम ही न करें बल्कि कुछ मिनट का समय मानसिक व्यायाम यानी योग जैसी गतिविधियों के लिए भी निकालें। हफ्ते में महज 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज का हमें सबसे ज्यादा फायदा तब दिखता है, जब हम उसके पहले बिल्कुल ही एक्सरसाइज न करते रहे हों। मसलन अगर आप पूरे समय बैठे रहते हैं, तो थोड़ी सी कसरत भी आपके लिए दिल संबंधी रोगों के जोखिम को काफी कम कर देती है। सप्ताह में दो बार हमने अगर एक एक घंटे की साइकिलिंग कर ली या 75 से 150 मिनटों तक तेज गति से वॉक कर लिया, तो हृदय संबंधी रोगों से होने वाली मौत का जोखिम 20 फीसदी तक कम हो जाता है। कम कसरत वास्तव में सबसे ज्यादा दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होती है। जो व्यक्ति बिल्कुल ही एक्सरसाइज नहीं करता और ज्यादातर समय बैठा रहता है, उसमें सबसे ज्यादा दिल से संबंधित बीमारी का ही खतरा रहता है। वैसे इस योजना के पीछे एक अप्रत्यक्ष वास्तविकता यह भी जुड़ी है कि अगर आप सप्ताह में नियमित रूप से 3 से 4 घंटे की कसरत के लिए वक्त निकालते हैं तो धीरे धीरे बिना प्रयास किए खुद ही आपके ये घंटे बढ़ जाएंगे और इसका आप पर कोई अतिरिक्त तनाव भी नहीं पड़ेगा। इसलिए कम समय के मोटीवेशन से एक्सरसाइज की शुरुआत करने वाले कई लोग बाद में हर दिन आराम से दो से ढाई घंटे तक कसरत करने लगते हैं। बहरहाल यहां हम इस अप्रत्यक्ष वास्तविकता को ध्यान में रखकर ही कम समय में एक्सरसाइज के होने वाले फायदे को नहीं बता रहे बल्कि यह फायदा सिर्फ हर हफ्ते में 3 से 4 घंटे तक की एक्सरसाइज से होने वाले फायदों की ही बात है। क्योंकि बिल्कुल कसरत न करने की तुलना में 4 घंटे की कसरत बहुत उपयोगी है और अगर आप हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (हिट) जैसी कसरत 30 मिनट के लिए भी करते हैं तो इसका उतना ही फायदा होगा, जो हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई कसरत से मिलता है। दरअसल छोटी छोटी कसरतें कई बार ज्यादा प्रभावी और ज्यादा नतीजापरक होती हैं। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करने में हर दिन की गई 20 मिनट की हिट एक्सरसाइज हफ्तेभर हर दिन धीरे धीरे एक घंटे की वॉक करने से बेहतर है। मगर इस बात का ध्यान रखना हर हाल में बहुत जरूरी है कि कम समय के लिए की गई इस एक्सरसाइज का कार्यक्रम बेहद सटीक और वैज्ञानिक हो।



## गीता सार

इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते ।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम् ॥ (40)

भावार्थ

इन्द्रियां, मन और बुद्धि कामनाओं के निवास-स्थान होते हैं, इनके द्वारा कामनायें ज्ञान को आच्छादित करके जीवात्मा को मोह-ग्रस्त कर देती हैं।

## बोले तो...



दिल्ली की स्टेपनी मुख्यमंत्री आतिशी कह रही हैं कि हमारी सरकार आएगी तो फिर से शराब नीति लाएंगे। अन्ना के आंदोलन से निकली पार्टी की सरकार की प्राथमिकता अब शराब हो गई है। शराब व्यवसायियों का आतिशी पर क्या दबाव है, सीएजी भी घोटाले की पुष्टि कर चुकी है?

- रविशंकर प्रसाद

आने वाले दिनों में संघर्ष और युद्ध अधिक हिंसक तथा अप्रत्याशित हो जाएंगे। इसके साथ ही अनेक देशों में गैर-सरकारी तत्वों' का उभरने और उनका आतंकवाद का सहारा लिए जाने की भी आशंका है।



- राजनाथ सिंह



इतने सुरक्षित स्थान पर रहने वाले एक्टर सैफ अली खान के घर के अंदर रात में घुसकर बदमाशों द्वारा उनपर चाकू से हमला कर देना, राज्य सरकार और केंद्र सरकार के ऊपर बड़ा प्रश्न खड़ा करती है।

- अरविंद केजरीवाल

## कुछ अलग | अजब गजब

### छह पीढ़ी देख चुकी महिला, 124 की उम्र में भी इतनी चुस्त-तंदुरुस्त

लंबी उम्र की चाहत सभी को होती है लेकिन अनजाने में ही हम ऐसी लाइफस्टाइल जीने लगते हैं जो हमारे लाइफस्पैन को 5 से10 साल कम करने का काम करती है। यही कारण है कि आज कल के समय में सबसे बड़ी चुनौती खुद को लंबे समय तक बनाए रखने और स्वस्थ रहने की है। वैसे क्या आप जानते हैं कि इस दुनिया में एक महिला ऐसी भी है जिसने अपनी 6 पीढ़ियों को देखा है और अभी इनकी उम्र 125 साल बताई जा रही है। सुनने में आपको ये बात भले ही अजीब लग रही हो लेकिन ये पूरी तरीके से एकदम सच है.

हम बात कर रहे हैं कियु शाइशी के बारे में, जिन्होंने बीते 1 जनवरी को अपना 124वां जन्मदिन मनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक उनका जन्म 1901 में हुआ था। उस समय चीन में क्विंग वंश का राज हुआ करता था। हैरानी की बात तो ये है कि उन्होंने अपने यहां की 6 पीढ़ियों को खेलते-कूदते और बड़े होते देखा है और वो चीन के सिचुआन प्रांत में 6 पीढ़ियां देखने वाली पहली



महिला बन गई हैं। आपको जानकार हैरानी होगी कि उनके पोते और पोतियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। हालांकि कियु की ये उम्र सिर्फ चीन में ही वैलिड है चीन के बाहर के किसी भी संस्थान ने आधिकारिक तौर पर इस महिला की उम्र को प्रमाणित नहीं किया है। चीन के हाउसहोल्ड रजिस्ट्रेशन सिस्टम में उनकी जन्मतिथि लिखी हुई है।

यही कारण है कि चीन के लोगों के बीच ये पॉपुलर है। अपने एक इंटरव्यू में महिला ने अपने लंबे उम्र का राज बताया कि वो अपने क्विंग डाइनेस्टी के दौरान खाने-पीने के लिए बहुत परेशान रहती थी और शादी के बाद वो मेहनत वाला काम ज्यादा करती थी। 40 की उम्र में ही पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद मैंने अपने चार बच्चों को अकेले ही पाला। कियु बताती हैं कि पति के कुछ समय बाद मेरे बड़े बेटे की मौत हो गई थी। जिसके बाद मैंने अपने बच्चों को अकेले ही पाला। मैं आज भी अपने सारे काम खुद करती हूं और रात आठ बजे के बाद सो जाती हूं। मुझे खाने में कद्दू के साथ दलिया, तरबूज, कुटे हुए कॉर्न और चावल खाना पसंद है। अपने लंबे जीवन के बारे में उन्होंने कहा कि अपने जीवन के प्रति आशावान ही लंबे का नुस्खा है।

## पाठक पाती

### आठवें पेंशन आयोग की मंजूरी ऐतिहासिक फैसला

मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दी है। यह निर्णय लाखों सरकारी कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन में उल्लेखनीय वृद्धि करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वेतन आयोग, सरकारी व्यवस्था में आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य महंगाई और बदलते आर्थिक परिदृश्य के अनुसार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में सुधार करना है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें न केवल कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ाएंगी, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार लाएंगी। इस फैसले से कर्मचारियों का आर्थिक संतुलन मजबूत होगा और बाजार में मांग बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम देश के समग्र विकास को गति देगा।

-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी (मप्र)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

जागरूक टाइम्स
जयपुर, शुक्रवार, 17 जनवरी, 2025



# कलेक्टर ने सुनी समस्याएं : बिजली, पानी व सड़क से जुड़े परिवाद रहे ज्यादा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** डीओआईटी सभागार में गुरुवार को जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई अटल जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने जिलेभर से आए परिवादियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी अपने विभाग व क्षेत्र से जुड़ी आमजन की विभिन्न परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न लंबित प्रकरणों में जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।




जिला कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र को दिलवाने व जनसुनवाई से परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा सहित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल की भी समीक्षा की साथ ही विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने की बात भी कही। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दलपतसिंह को कोतवाली तो घनश्यामसिंह को सौंपी सिरोही सदर थाने की कमान

**▸ पुलिस अधीक्षक ने बुधवार रात को थानाधिकारियों को सौंपी कमान**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में पुलिस प्रशासन की ओर से बुधवार देर रात को एक बड़ा फेरबदल किया है। एसपी अनिल कुमार के नेतृत्व में जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 30 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए है। जिसमें 11 इंस्पेक्टर रैंक तथा 19 सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। एसपी ने बेनिवाल ने अलग अलग आदेश जारी कर तबादले किए है। जिसमें सिरोही कोतवाली में दलपतसिंह तथा सदर में घनश्यामसिंह, साइबर थाने में कैलाशदान को थानाधिकारी लगाया गया। है। जबकी हरचंद देवासी को आबूरोड शहर थाना प्रभारी, भवानीसिंह को पिण्डवाड़ा, दर्शनसिंह को आबूरोड सदर, लक्ष्मणसिंह को आबूरोड रीको, पर्वत डांगा को आबूपर्वत थाना एवं सीताराम को रेवदर थाने, राजेश पंचाल को पुलिस लाइन में संचित निरीक्षण और अचलदान को सिरोही कार्यालय में तैनात किया गया। इसी के साथ 19 सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों के भी तबादले किए गए। इनमें प्रमुख रूप से मनीष सोनी, निर्मल कुमार, भगवानराम, सरिता विश्नोई, शशिकला, राजेंद्रसिंह, प्रेमसिंह, भागचंद वर्मा, प्रभुराम, माया पंडित और जितेंद्रसिंह शामिल हैं। इन अधिकारियों को विभिन्न थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।



### नवनियुक्त थानाधिकारियों ने संभाला पदभार

*__आबूरोड।__ शहर व रीको थाना में नवनियुक्त थानाधिकारियों ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। शहर थाने में हरचंदराम देवासी व रीको थाने में लक्ष्मणसिंह ने पदभार ग्रहण किया। दोनों थानाधिकारियों का गणमान्य नागरिकों ने स्वागत व अभिनंदन किया।*

# माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस

**▸ बादल छाए रहने से दिन में भी सर्दी जारी**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंट आबू।** हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में पड़ रही बर्फका सीधा असर हिल स्टेशन माउंट आबू में दिखाई दे रहा है। शीत लहर चलने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। गुरुवार सवेरे से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया। जिससे दिन में भी सर्दी का असर जारी रहा। लोगों ने सर्दी से बचाव को जगह-जगह अलाव तापते हुए चाय और कॉफी का सहारा लिया।





बादलों का जमघट लगा रहने से सूरज के छिपने पर लोग धूप सेवन का आनंद नहीं ले पाए। लोगों को दिन भी भारी भरकम गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। तापमान में उतार चढ़ाव के चलते न्यूनतम तापमान 5.4 व अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम ढलते ही लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव भी तापे और गर्म व्यजंनों का सहारा लिया। दिन में दर्शनीयस्थलों का अवलोकन करते हुए पर्यटकों ने फोटो भी खींचे।



## गोशाला मे किया गोदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** काशी विश्वनाथ गोशाला में गुरुवार को गोभक्तों ने गोदान किया। सचिव लक्ष्मणसिंह गुजराल ने बताया कि गोभक्त धनदास वैष्णव और शंकरदास वैष्णव परिवार ने सपत्नीक गोशाला में दान किया। रविन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने 21 हजार रुपए भेंट किए। गोभक्त बाबूलाल बंसल की स्मृति में परिवार की ओर से पांच ट्रोली हरा चारा वितरण किया। गोशाला अध्यक्ष लालदास, नीरजभाई, मांगीलाल, पशु सहायक भूपेंद्रसिंह, कल्पेश पुरोहित, बाबूलाल कलबी, शांतिदेवी, भंवरीदेवी, चंदूभाई, अशोक बंसल, सुशीला जोशी, नीलम दवे सहित गौ भक्त मौजूद रहे।

## मोहरेशा बने सरगरा समाज के जिला प्रचार मंत्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** अखिल भारतीय सरगरा महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पढियार ने सरुपगंज के रमेश मोहरेशा को सरगरा समाज के जिला प्रचार मंत्री एवं रमाकांत सरगरा को समाज युवा महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया। संस्थापक सदस्य युवा संगठन सुरेश थिंगौर ने बताया कि मोहरेशा विविध सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाज सेवा, सशक्तिकरण के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य कर रहे है। वही सरगरा समाज युवा संगठन सरूपगंज के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत खन्ना उड़वारिया को युवा महासभा का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

## साइकिल पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को सरपंच बबी बेन, उप सरपंच मणिलाल रावल, संस्था प्रधान भगवसिंह सोलंकी, एसडीएमसी लेहरचंद पुरोहित, पहाड़सिंह देवड़ा एवं विद्यालय की उपस्थिति में बालिकाओं को साइकिल वितरित की। सरपंच भाट ने बालिकाओं को अपने जीवन में उच्च शिक्षा अर्जित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उप सरपंच रावल ने बालिकाओं को सरकार की विविध प्रकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। संस्था प्रधान सोलंकी ने बालिकाओं को कैरियर निर्माण से संबंधित जानकारी प्रदान दी। बबली मीणा, संतोष मिस्त्री, तेजसिंह सोलंकी, रामराज गुर्जर, रामेश्वरलाल, सुमेरसिंह सोलंकी, अगराराम बोस, मंगनाराम, कमलेश कुमार उपस्थित रहे।




**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंदरा में सरपंच तेजाराम सरगरा की अध्यक्षता में 12 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। प्रधानाचार्य वागालाल मीणा ने बताया कि सभी बालिकाओं को साईकिल मिलने के हर्ष जताया। शम्भुलाल, महेश, प्रवीण कुमार, कल्याणसिंह, वार्ड पंच नेनाराम, रुपाराम आदि मौजूद थे।

## रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राजस्थान रक्तदान सेवा संस्थान के प्रयास से युवक ने रक्तदान कर गर्भवती महिला की जान बचाई। टीम के वॉटस एप ग्रुप के माध्यम से पता चला कि महिला को डिलेवरी में एबी नेगेटिव की जरूरत है। जिससे सदर बाजार निवासी राहुल सोनी से संपर्क किया गया। सोनी ने तुरन्त ब्लड बैंक पहुंचकर कर रक्तदान किया। महिला को राहत प्रदान कराई । संस्था के जिलाध्यक्ष मनीष सिंहल ने बताया कि टीम द्वारा समय समय पर ब्लड कैम्प व इमरजेंसी होने पर तत्काल रक्त की व्यवस्था करवाई जाती है। ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्रसिंह ने रक्तदाता का आभार जताया।



# सीइओ के आदेश की अवहेलना, न कमेटी बनी, ना हुई जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

*__तलहटी।__ तत्कालिन मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ टी शुभमंगला ने 21 नवम्बर 2022 को एक आदेश जारी कर ग्राम विकास अधिकारी दोयतरा को निलम्बित करते हुए विकास अधिकारी को ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा की ओर से किए कार्यों के लिए कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। लेकिन, आज दिन तक न तो कमेटी का गठन किया गया और न ही जांच की गई। वहीं वर्तमान तबादलों के दौर में ग्राम पंचायत उपलागढ़ में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तबादला किया गया।*

### यह था मामला

ग्राम विकास अधिकारी दोयतरा मिश्रा के खिलाफ विभिन्न शिकायतें जो लोकायुक्त जयपुर, एवं जिला कलेक्टर सहित मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत की गई। शिकायतों में वर्णित ग्राम पंचायतों के कार्यो में लापरवाही बरतते हुए वित्तिय अनियमितता कर राजकोष राशि का दुरुपयोग किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत आमथला के 2,08,666 रुपये की गम्भीर वित्तिय अनियमितता मिलने पर निलम्बित कर इनके कार्यकाल में किए कार्य की जांच के निर्देश दिए। आरोप प्रमाणित होने पर इनके खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाने के भी निर्देश दिए थे। लेकिन, आज दिनांक तक विकास अधिकारी पंचायत समिति आबूरोड द्वारा न तो कमेटी का गठन किया गया और नही जांच करवाई गई। अब ग्राम पंचायत उपलागढ में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तबादला भी कर दिया गया।

## केर में रात्रि चौपाल आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में केर में रात्रि चौपाल एवं जनसंवाद का आयोजन किया गया। एडीएम सापेला ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवेदनाएं विभिन्न समस्याओं जैसे बिजली, पानी, कक्षा कक्ष निर्माण इत्यादि की प्राप्त हुई। ग्रामवासियों द्वारा नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण होते ही जिला प्रशासन द्वारा रात्रि चौपाल आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी नरेंद्र जांगिड़, विकास अधिकारी नवलराम, तहसीलदार शंकरलाल परिहार, निजी सहायक सुरेन्द्र खाटीवाल व अन्य जिलास्तर व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंटआबू।** पाडव भवन में शनिवार को संगठन संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि को विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसकी सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके शशि प्रभा ने बताया कि विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाई जाने वाली ब्रह्माबाबा की पुण्यतिथि में भाग लेने को विश्व के अनेक देशों से राजयोगी पहुंच रहे है।



## महाराष्ट्र विधान परिषद के लीडर ऑफ पोजिशन कल जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** महाराष्ट्र विधान परिषद के लीडर ऑफ ऑपोजिशन अंबादास दानवे शुक्रवार से दो दिन के लिए जिले की यात्रा पर रहेंगे। दानवे शनिवार रात को शांतिवन पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन रविवार को वे सवेरे माउंट के लिए रवाना होंगे। दोपहर को वे शांतिवन के लिए रवाना होंगे। यहां कार्यक्रम के बाद रात को अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे।

## जागरूकता शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशामक देखभाल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ.पीएन गुप्ता एवं अन्य चिकित्सकों ने पेन एण्ड पैलिएटिव केयर के बारे में चर्चा की। एसटीएचआर व नर्सिंग स्टूडेंट्स को एम्स जोधपुर द्वारा चल रहा होम केयर के बारे में जानकारी दी गई।

## पूर्णाहुति यज्ञ के साथ कथा का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मानपुर के ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा का समापन एवं पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन किया गया। सेवा समिति सदस्यों का महंत जनकपुरी महाराज व स्वामी सदानन्द महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। सेवासमिति के सदस्यों द्वारा वृंदावन के कथा वाचक स्वामी सदानंद का स्वागत अभिनन्दन किया गया। प्रसादी सांसद लुम्बाराम चौधरी, पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में नवनिर्मित आई-स्टार्ट लांच पैड कक्ष में स्टार्ट अप दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा, प्रो जीवी मिश्रा व डॉ. गायत्री प्रसाद समेत करीब 70 विद्यार्थियों भाग लिया। डोमेन एक्सपर्ट मानवेन्द्र खत्री, आई-स्टार्ट प्रोग्राम से वीडियों दिखाया। उद्यमिता दिवस व स्टार्ट अप के लिए इसके पोर्टल पर पंजीकरण की क्रियाविधि ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा बताया। टीचर मेटोर प्रो.जीवी. मिश्रा ने स्टार्ट अप/उद्यमिता के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। डॉ. गायत्री प्रसाद ने आज के समय में स्टार्ट अप के आयाम व व प्रासंगिकता की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा ने महाविद्यालय में राज्य सरकार के सूचना व प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा सुविधाओं से युक्त नवनिर्मित व सुसज्जित आई स्टार्ट लांच पैक का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। इसी प्रकार महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय पुराना भवन में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। जिसमें प्राचार्य जगदीशसिंह आढ़ा तथा आई स्टार्ट प्रोग्राम के जुनियम डॉमेन एक्सपर्ट रविन्द्रपालसिंह चम्पावत ने विद्यार्थियों को आई स्टार्ट स्कूल एवं आई स्टार्ट नेस्ट डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के बार में जानकारी दी।



## व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आईटीआई परिसर में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं व्यावसायिक कौशल दक्षता प्रदर्शनी गोल सरपंव इन्द्रा रावल एवं कुलदीप रावल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। संस्थान के संस्था प्रधान दिनेश कुमार गौड़, उप निदेशक औप्रसं द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल के बारे प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी। राउमावि मांडवा के शारीरिक शिक्षक जितेन्द्रसिंह चौहान ने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित होकर इस प्रदर्शनी में भाग लिया। भरत कुमार, कालूसिंह राजपुरोहित, प्रेमाराम गरासिया, कपुराराम का सहयोग रहा।

## राज्य स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स शिविर में माधव विवि का बेहतर प्रदर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पांच दिवसीय शिविर में माधव विवि के प्रतिनिधियों ने आचार्य डॉ. धरती सवानी एवं आचार्य गोविंद कुमार के नेतृत्व में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और दक्षता का प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में गाइड कौशल एवं पूनम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विवि के चैयरमेन डॉ राजकुमार, चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर, प्रो. चांसलर डॉ. बी.के. गौतम, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार, और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. देवेंद्र मुझाल्दा ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सम्मान समारोह की तैयारी बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सरगरा समाज की धर्मशाला में आबू पटटे की बैठक हुई। जिसमें प्रतिभा सम्मान समारोह पर चर्चा की गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा जिलाध्यक्ष राजेश धवलेशा के अनुसार नवनियुक्त पदाधाकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारी व समाजबंधु मौजूद थे।

## प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** स्वामीनारायण मंदिर के सभाभवन में शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल पट्टा/स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

# जैसलमेर में 72 घंटे जलापूर्ति ठप्प

- तीन दिन बंद रहेगी 700 गांवों की सप्लाई
- मरम्मत का होगा काम, पेयजल आपूर्ति होगी प्रभावित

### 700 गांव होंगे प्रभावित

पानी के 72 घंटों के शटडाउन के चलते जैसलमेर व बाड़मेर जिलों में पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी। इस वजह से एक बार फिर पेयजल संकट गहराने की संभावना बनी हुई है। जलदाय विभाग के अधिकारियों ने आमजन से पेयजल का दुरुपयोग नहीं करने की अपील की गई है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष गर्मी के मौसम से शुरु हुई पेयजल समस्या का सर्दी के मौसम में भी समाधान नहीं हो पाया। पिछले सात माह से कभी वोल्टेज तो कभी लाइनों में लीकेज के कारण प्रोडक्शन डिमांड के मुताबिक कम हुआ।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर व बाड़मेर शहर सहित इन जिलों के करीब 700 गांवों व रक्षा संस्थानों में एक बार फिर से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने वाली है। इस बार वोल्टेज व लीकेज जैसी समस्या नहीं है। इस बार रखरखाव कार्य के चलते तीन दिन 72 घंटे का शटडाउन लिया जा रहा है। जिससे पानी का प्रोडक्शन शून्य हो जाएगा। ऐसे में एक बार फिर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जलदाय विभाग के एसई कैलाश चंद मीणा ने बताया- बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना में 16 जनवरी दोपहर दो बजे से 19 जनवरी दोपहर दो बजे तक 72 घंटे का संपूर्ण शटडाउन रहेगा। इस दौरान पानी का प्रोडक्शन नहीं हो पाएगा। लेकिन हम अलग-अलग जगहों से पानी की सप्लाई की व्यवस्था करेंगे ताकि लोगों को परेशानी नहीं आए।




### मरम्मत का कार्य जरुरी

जलदाय विभाग के एसई कैलाश चंद मीणा ने बताया कि बाड़मेर लिफ्ट पेयजल परियोजना के प्रथम चरण के संचालन एवं संधारण का कार्य जलदाय विभाग क्षेत्र द्वितीय जोधपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वारा 14 नवंबर 2024 को मैसर्स गोदारा कन्स्ट्रक्शन कंपनी मलार को दिया गया है। पूर्व के मैसर्स वीबी चौधरी मेहसाना गुजरात द्वारा संचालन एवं संधारण से संबंधित कुछ आवश्यक कार्य जैसे संप की सफाई (संप में जमा मिट्टी निकालना) व पंप हाउस का संधारण आदि बाकी रहे थे। जिसके लिए पूर्व में 72 घंटे शटडाउन चाहा गया था। लेकिन सरकार के एक साल पूरे होने के कार्यक्रम व वित्त मंत्री बैठक होने के कारण शटडाउन नहीं मिल पाया। अब नहरबंदी से पूर्व शटडाउन लेकर संप की सफाई करवाई जाएगी।

# बर्ड फ्लू से चार और मृत कुरजां पक्षी मिली

**लखमना तालाब पर मिली मृत**

### मृतक कुरजां पक्षियों का आंकड़ा पहुंचा 14


जैसलमेर जिले के देगराय ओरण इलाके के लूनेरी तालाब क्षेत्र में 11 जनवरी को छह कुरजां पक्षियों के शव मिले थे। इसके बाद 12 जनवरी को दो कुरजां पक्षी मृत मिले थे। सभी आठ मृत पक्षियों के विसरा को जांच के लिए भोपाल स्थित निषाद लैब भेजे गए थे। बुधवार को आई रिपोर्ट में मौत का कारण बर्ड फ्लू बताया गया है। इसके बाद से कुरजां पक्षियों में मौत का सिलसिला लगातार जारी है। 13 को दो व 15 को तीन व 16 जनवरी को एक और कुरजां पक्षियों के शव लखमना तालाब में मिलने पर प्रशासन अलर्ट हो गया है और शवों को दफनाया। दोनों ही तालाब देगराय ओरण इलाके में स्थित है जहां पर बड़ी संख्या में प्रवासी कुरजा पक्षी ने डेरा डाला हुआ है।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर के देगराय ओरण इलाके में बर्ड फ्लू का कहर प्रवासी कुरजां पक्षी पर टूटा है। गुरुवार को देगराय ओरण इलाके के लखमना तालाब पर चार और मृत कुरजा पक्षी मिलने से सनसनी फैल गई। जिले में अब बर्ड फ्लू से मरने वाली कुरजां पक्षियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। मौके पर मौजूद वन विभाग और पशुपालन की टीम ने मृत मिली कुरजा पक्षी को प्रोटोकॉल के हिसाब से दफनाया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डाक्टर उमेश व्रंगतिवार ने बताया कि प्रशासन कि सभी टीम देगराय इलाके में अलर्ट है और पक्षियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### हॉटस्पॉट एरिया में जाने पर लगाई रोक

पशुपालन विभाग जैसलमेर के संयुक्त निदेशक डा. उमेश व्रंगतिवार ने बताया- हॉटस्पॉट एरिया में आम लोगों और पशुओं के जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। कुरजां पक्षियों की मौत के बाद से प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर प्रताप सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।



### लोगों से भी सतर्क रहने की अपील

उन्होंने बताया- प्रवासी पक्षियों में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैलने की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह संक्रमण पक्षियों से इंसानों में भी फैल सकता है। इस खतरे को देखते हुए आम जनता को सतर्क रहने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया- बर्ड फ्लू की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। प्रभावित क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने इस संकट से निपटने के लिए चिकित्सा, वेटरनरी और वन विभाग के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित किया है।

# चार साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

### झगड़े व चेक बाउंस के मामले में थी तलाश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद की कुवारियां पुलिस ने चार साल से फरार स्थायी वारंटी को भीलवाड़ा से गिरफ्तार किया है। कुंवारिया थाना इंचार्ज सोनाली शर्मा ने बताया कि पुलिस ने भी चार साल से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी धनौली निवासी राकेश (39) पुत्र भवानी शंकर श्रीमाली को भीलवाड़ा शहर से गिरफ्तार किया है। शर्मा ने बताया कि लड़ाई झगड़ा एवं चेक अनादरण के मामले में आरोपी चार साल से फरार चल रहा था। इस दौरान व पुलिस को चकमा देते हुए अपनी पहचान छुपाकर रह रहा था। जिसे कॉन्स्टेबल हेमंत कुमार डांगी ने भीलवाड़ा शहर से गिरफ्तार किया है। बताया कि स्थायी वारंटी के उदयपुर व राजसमंद से वारंट जारी हुए है।

# पटवार संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी

- सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर
- नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** राजस्थान पटवार संघ की ओर से गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन और अन्य मांगों को लेकर शुरू किया गया गिरदावरी कार्य का बहिष्कार जारी है। संघ की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अब आंदोलन तेज हो गया है। 13 जनवरी से पटवारियों ने संपूर्ण कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जैसलमेर कलेक्टर ऑफिस के बाहर भी पटवारियों का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को जारी है। जिलाध्यक्ष अशोक दान चारण के नेतृत्व में तीसरे दिन जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष पटवारियों का धरना जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।




### तीसरे दिन धरना जारी

धरने के दौरान पटवारियों ने घोषणा की कि 16 जनवरी से सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर जाएंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा 20 जनवरी को राज्यभर के सभी जिला मुख्यालयों पर पटवारियों द्वारा रैली और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन को और तेज करेंगे। धरने के दौरान पटवारियों ने अपने सरकारी वॉट्सऐप ग्रुप्स से भी बाहर निकलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रशासन से संवाद तभी संभव है जब उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाए। पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व रिकॉर्ड संबंधी कार्य, कृषि योजनाएं व खाद्य सुरक्षा योजनाओं के काम अटक गए हैं।

### काम हो रहे प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल के चलते नामांतरकरण, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास, सीमा ज्ञान, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरण, राजस्व वसूली, पत्थरगढ़ी, नक्शा तरमीम, भूमि विभाजन, भूमि आवंटन, प्रमाण पत्रों की जांच, कृषि गणना, राजस्व रिकॉर्ड की प्रतिलिपि, जनसुनवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अतिक्रमण निस्तारण, पेंशन प्रकरणों की जांच, खाद्य सुरक्षा आवेदन जांच एवं भौतिक सत्यापन संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

# बाड़मेर में फरार तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

▸▸ विघार्थियों के जरिए करता था एमडी और अफीम दूध की सप्लाई


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर कोतवाली पुलिस ने दो माह से फरारी काट रहे मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने किराए के मकान से दो स्टूडेंट के कब्जे से 987 ग्राम एमडी, 188 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया था। इससे मामले आरोपी ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था।

फिलहाल पुलिस मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और सहयोगी आरोपियों को लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में मकान मालिक भी आरोपी है।

### विघार्थियों के पास मिला एमडी

पुलिस के अनुसार जिले की डीएसटी टीम और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में हेमराज के घर पर दबिश दी। वहां पर किराएदार छात्र मनोहर लाल (19) निवासी सोमारड़ी सेड़वा (बाड़मेर) और भरत सिंह (27) निवासी धांधलों की ढाणी बाखासर (बाड़मेर) को डिटेन किया। घर की तलाशी में युवकों से 987 ग्राम एमडी, 189 ग्राम अफीम का दूध, 11 फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गई। ड्रग्स की अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपए की थी। इस मामले में पुलिस ने दो स्टूडेंट, मकान मालिक सहित सात जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें दो-दो स्टूडेंट मनोहरलाल, भरत सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही थी। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि ड्रग्स तस्कर अशोक और पीराराम सहित अन्य की तलाश की जा रही थी। तकनीकी और सूचना के आधार पर धोरीमना थानाधिकारी बगडूराम व कोतवाल लेखराज सियाग की टीम ने अशोक पुत्र राम किशन निवासी माणकी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ को लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश में जुटी है।



राज्य पुलिस बेड़े में बड़ा फेरबदल

# आठ सीआई का तबादला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर सहित पूरे प्रदेश में तबादलों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में बाड़मेर पुलिस बेड़े में बड़ा फेरबदल हुआ है। जोधपुर रेंज आईजी ने अन्य जगहों से सात सीआई सहित आठ जनों का ट्रांसफर बाड़मेर एसपी ने किया। वहीं बाड़मेर एसपी ने आठ एएसआई का ट्रांसफर थानों में ट्रांसफर किए है। बाड़मेर कोतवाली के नए कोतवाल बलभद्र सिंह, मनीषदेव पुलिस थाना शिव, देवीचंद ढाका गुड़ामालानी, राजूराम चौहटन, अमृतलाल को महिला थाने और हनुवंत सिंह का ट्रांसफर साइबर थाने में किया गया है। दरअसल, जोधपुर रेंज आईजी ने बुधवार देर शाम को 32 सीआई का ट्रांसफर एक जिले से दूसरे जिले में किया है। उदयपुर रेंज से सीआई हनुवंत सिंह, जयपुर आयुक्तालय से अमृतलाल सोनी, राजूराम बामनिया, जोधपुर आयुक्तालय से देवीचंद ढाका, मुकुनदान, अजमेर रेंज से मनीष देव विश्वकर्मा, बलभद्र सिंह का तबादला बाड़मेर किया गया था। बाड़मेर एसएपी नरेंद्र सिंह मीना ने एक आदेश निकालकर जोधपुर रेंज से स्थानान्तरण होकर आए हनुवंत सिंह को पुलिस थाना साइबर, अमृतलाल सोनी का ट्रांसफर महिला थाने, राजूराम को चौहटन थाना, देवीचंद ढाका को गुड़ामालानी थाना, मुकुनदान को ट्रैफिक शाखा, मनीष देव विश्वकर्मा को पुलिस थाना शिव और बलभद्र सिंह को पुलिस थाना कोतवाली में लगाया गया है। वहीं सीआई पदमाराम का तबादला ट्रैफिक शाखा बाड़मेर से प्रभारी मानव तस्करी प्रकोष्ठ के पद पर लगाया गया है।

### आठ एएसआई के थाने बदले

बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने एएसआई रामाराम का ट्रांसफर पुलिस लाइन से बिशाला चौकी ग्रामीण थाना, मदरूप सिंह का कंट्रोल रूम से बाछड़ाऊ चौकी धोरीमन्ना, दुर्गाराम का ट्रांसफर कोतवाली से गिराब, अमीन खान का तबादला पुलिस लाइन से महिला थाने, पन्नाराम का पुलिस लाइन से कंट्रोल रूम का तबादला किया गया। वहीं एएसआई बीजराज सिंह का ट्रांसफर चौहटन से सेड़वा, गिरधारीराम का महिला थाने से चौहटन, अनोपाराम का कोतवाली से बाड़मेर ग्रामीण किया गया है।

# राजसमंद : नागेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद में भिक्षु निलियम के पास नवनिर्मित श्री नागेश्वर महादेव शिखर मंदिर के पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को संपन्न हुआ। पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नागेश्वर महादेव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी की मूर्तियों की वैदिक मंत्रों के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। पंडितों द्वारा मूर्तियों का धान्याधिवास, जलाधिवास, सहित सभी अनुष्ठान मंत्रोच्चारण के साथ गुरुवार को पूर्ण किए गए। इसके बाद पूर्ण विधि विधान से सभी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर पर कलश ध्वजादंड की प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान महादेव के गगन भेदी जयकारों लगाए गए जिससे वातावरण शिवमय हुआ। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन की पूर्णाहुति हुई, जिसके बाद महाप्रसादी में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया।



## व्यापार जगत

प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

# मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो आज से

- ग्रेटर नोएडा में कई गाड़ियां होंगी लॉन्च
- 17-22 जनवरी तक चलेगा एक्सपो



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जनवरी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दूसरे एडिशन का उद्घाटन करेंगे। इसमें ऑटोमोबाइल, कंपोनेंट उत्पादों और टेक्नोलॉजी में 100 से अधिक नए लॉन्च होने की उम्मीद है। यह एक्सपो 17-22 जनवरी तक चलेगा। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025, ऑटोमोबाइल निर्माताओं से लेकर कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स, टायर और ऊर्जा भंडारण निर्माताओं, और ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर फर्मों और मटेरियल रीसाइकिलर्स तक मोबिलिटी इकोसिस्टम की पूरी मूल्य श्रृंखला को एक ही छत के नीचे लाएगा।

### कहां आयोजित हो रहा एक्सपो

वैश्विक एक्सपो तीन स्थानों - नई दिल्ली में भारत मंडपम, दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा।

### भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 19-22 जनवरी तक भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो (भारत सीई एक्सपो) 2025 का पहला संस्करण भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें कंपोनेंट निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, वित्तपोषकों, प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाताओं और अन्य सहित सीई (निर्माण उपकरण) उद्योग की बड़े पैमाने पर भागीदारी की उम्मीद है।

### कौन कर रहा आयोजित

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा समर्थित वैश्विक एक्सपो का आयोजन उद्योग संघों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम), ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए), इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए), ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएम), इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीईएमए), नैसकॉम, इंडियन स्टील एसोसिएशन, मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया और सीआईआई शामिल हैं। इसमें 5,100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी होंगे और अनुमान है कि दुनिया भर से पांच लाख से अधिक लोग इसमें भाग लेंगे।

# सेंसेक्स 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 पर बंद

▸▸ बीएसई स्मॉल कैप में 735 अंक की बढ़त रही

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** सेंसेक्स 16 जनवरी को 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 98 अंक की तेजी रही, ये 23,311 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 735 अंक की तेजी के साथ 52,308 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 में तेजी और 17 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.55% के बढ़त के साथ बंद हुआ।



### एशियाई बाजारों में दिखी तेजी

- एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.33% की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 1.23% और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.28% की तेजी देखने को मिली। एनएसई के डेटा के अनुसार, 15 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,533 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,682 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 15 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 1.65% की तेजी के साथ 43,221 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.83% ऊपर 5,949 बंद हुआ। जबकि नैस्डैक इंडेक्स में 2.45% की तेजी रही। गौरतलब है की अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च बंद होने जा रही है। बुधवार देर रात कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की। इस खबर के बाद अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेजी देखने को मिली। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्टों ने भारत के अडाणी ग्रुप और अडाणी इंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था।

# जुर्माने के खिलाफ एनसीएलटी पहुंची मेटा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई के आदेश के खिलाफ मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सएप की याचिकाएं गुरुवार को स्वीकार कर लिया। सीसीआई ने बाजार प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इस मुद्दे पर मेटा और सीसीआई की प्रारंभिक दलीलें सुनने के बाद राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है। एनसीएलएटी की पीठ ने कहा, "हमारा मानना है कि पक्षों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर विचार करने की जरूरत है। हम दोनों अपीलों को स्वीकार करते हैं।" पीठ में इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण भी शामिल थे। हालांकि, सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने संबंधी अंतरिम राहत के बारे में एनसीएलएटी ने कहा कि वह अगले सप्ताह फैसला करेगा। कार्यवाही के दौरान, व्हाट्सएप और मेटा प्लेटफॉर्म की ओर से पेश हुए वकील ने अपीलीय न्यायाधिकरण से सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। हालांकि, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने इसका विरोध किया।




# सोना 79,184 रुपए पर पहुंचा

- 91,784 रुपए प्रति किलो बिक रही चांदी
- कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 16 जनवरी को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 760 रुपए बढ़कर 79,184 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,424 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,234 रुपए बढ़कर 91,784 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 89,550 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,770 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,620 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,620 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,620 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,670 रुपए है।

## आपका राशिफल 17 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

# कलक्टर ने की जनसुनवाई, पहुंचाई लोगों को राहत

## 7 प्रकरणों का मौके पर ही किया निस्तारण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को डीओआइटी सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, विद्युत, सड़क, पानी सहित राजस्व, डिस्कॉम, पंचायतीराज व विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान कुल 27 परिवाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सतर्कता समिति में 4 दर्ज प्रकरणों की सुनवाई कर 3 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कर शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। एडीएम राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, पीएचडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, जिला उद्योग महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, सतर्कता शाखा के अनिल कुट्टी आदि मौजूद थे।

# विकास कार्यों का किया लोकार्पण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का लोकार्पण गुरूवार को जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, विधायक रतन देवासी, प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवड़ा, विकास अधिकारी हेमलता विश्नोई, उप प्रधान महादेवाराम देवासी, सीबीइओ गजेन्द्रकुमार देवासी, पालिकाध्यक्ष जेठीदेवी, उपखंड अधिकारी सुनिल कुमार, तहसीलदार हनवन्तसिंह ने किया। सभी ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। जिला प्रमुख राणा ने सभी सरपंचों को बधाई देते हुए उनके विकास कार्यों की सराहना की। विधायक देवासी ने कहा कि रानीवाड़ा पंचायत समिति के सभी ग्राम पंचायतों का विकास कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से हुआ है। इससे ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से लाभ मिला। प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवड़ा, विकास अधिकारी हेमलता विश्नोई, उप प्रधान महादेवाराम ने भी संबोधित किया। इस दौरान 134 कार्यों के 7.24 करोड के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। प्रधान देवडा सहित सभी समिति सदस्यों ने जिला प्रमुख एवं विधायक को ज्ञापन सौंपकर रानीवाडा पंचायत समिति के भवन के ठप पड़े विकास कार्य को शुरू करवाने की मांग की।

# स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग जालोर द्वारा राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला परिषद सभागार में विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशिय ग्रीवा (गर्भाशिय के निचले हिस्से) में होता है। ज्यादातर यह कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के कारण होता है। सर्वाइकल कैंसर के फैलने का कारण, उनके लक्षणों पर विस्तृत देते हुए उनके निदान एवं उपचार के विषय में आवश्यक जानकारी दी। स्तन कैंसर की जानकारी देते हुए कहा कि यह एक ऐसी बीमारी है। जिसमें स्तन के लॉब्युल, नलिकाओं या आसपास के सयोजी ऊतक की कोशिकाओं असमान रूप से बढ़ने लगती हैं। स्तन कैंसर के लक्षणों के बारे में बताते हुए कहा कि स्तन या बगल में प्रायः दर्द रहित गांठ, स्तन के पूरे या आंशिक भाग में सूजन, त्वचा में गढ़े या सिकुड़न, स्तन में दर्द या भारीपन जैसे कई प्रकार की लक्षण होते है। इसके उपचार एवं निदान के विषय में आवश्यक जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित ने कहा कि राजस्थान मरू उड़ान के तहत जिला स्तर के साथ ब्लॉक स्तर पर भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जेंडर स्पेशलिस्ट द्रौपदी भंडारी ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिए अहम माध्यम होगा। बाल विकास परियोजना विभाग रामजीवन विश्नोई ने कहा कि महिलाएं कोमल हैं, लेकिन कमजोर नहीं। वो शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़े तो सफलता तय है।

# ज्ञान विज्ञान की परम्परा में भारत हमेशा अग्रणीः जोशी





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपर्ट टॉक का आयोजन शिक्षाविद संदीप जोशी, पीएमश्री प्रभारी देवेशसिंह दुआ व कार्यक्रम अधिकारी नृसिंहगिरी एवं प्राचार्य शांतिलाल जीनगर की मौजूदगी में हुआ। शिक्षाविद जोशी ने बताया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का हिस्सा रहा है। विज्ञान व गणित में आविष्कार का भारत का लोहा विश्व ने माना है। पीएमश्री प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी ने लक्ष्य का महत्व, पीएमश्री गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। नृसिंह गिरी ने मेंटर मेंटी, नशा मुक्ति, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर जानकारी दी। टीएलएम निर्माण, लिखित परीक्षा, क्विज परीक्षा, कलाम, रामानुजन जयंती, सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति, उत्कृष्ट खिलाड़ी को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन राजेश कुमार ने किया।




# विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** किसान नेता व इंजी. जोराराम विश्नोई की 11वीं पुण्यतिथि पर राउमावि निम्बोड़ा में स्वेटर वितरित किए गए। प्रधानाचार्य नारायणलाल जीनगर ने बताया कि कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रमेश सारण व कमलेश विश्नोई की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। टीकमसिंह राणावत, जेताराम खिलेरी, जगमाल देवासी, ओखसिंह, बाबूलाल, जोराराम देवासी, गजाराम देवासी, प्रभुराम राणा, वचनाराम, प्रकाशकुमार व्याख्याता, शम्भूसिंह गहलोत, पाबूराम देवासी, गजानंद, कुलदीप, खीमाराम सोलंकी, लाडूराम मांजू, पुष्पेन्द्रकुमार वाजपेयी, विक्रमसिंह, रेवाराम पुरोहित, पोपटराम, तेजाराम चौधरी, खेताराम एवं दिनेश कुमार मौजूद थे।

# कालमा की प्रथम पुण्यतिथि पर 40 लोगों ने किया रक्तदान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** बाबूलाल कालमा की प्रथम पुण्यतिथि पर कालमा फाउंडेशन द्वारा नाहर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 यूनिट रक्तदान किया गसर। शिविर में मुकेशकुमार, डॉ. कीर्ति, लवजीतसिंह, जितेंद्रकुमार, रमेश फुलवारिया, प्रेसकुमार, मादाराम राणा, जगदीश राणा ने उपस्थिति दर्ज कराई। कालमा फाउंडेशन ने इस आयोजन के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए पहल की। फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे समाजसेवी कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# स्वामित्व योजना के तहत जिलास्तरीय कार्यक्रम आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण एवं लाभार्थियों को संबोधित किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत जिलास्तरीय कार्यक्रम जिला संदर्भ केन्द्र जालोर क्लब के पास जिला परिषद व पंचायत समिति जालोर का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा को जिला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।



# बैलगाम ट्रेफिक में जाम हुआ आम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** शहर में ट्राफिक व्यवस्था सुचारू नहीं होने से शहर के मुख्य मार्गों पर जाम लगा रहता है। जिससे अन्य लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के पीडब्लूडी रोड पर जाम की स्थिति ने पूरे शहर की सांसें अटका रखी है। यहां यातायात पुलिस की तैनातगी नहीं होने के कारण यह समस्या अक्सर रहती है। अब सावों की सीजन शुरु होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से खरीदारी के लिए लोगों का आना जाना भी बढ़ गया है। नगर में यातायात व्यवस्था को बहाल रखने के लिए नगर परिषद व पुलिस को मिलकर कार्रावाई करनी होगी। पालिका प्रशासन की ओर से पूर्व में थैलों एवं लॉरी संचालकों के लिए लाइन बनाकर उसमें रहकर कार्य करने की हिदायत दी थी। लेकिन, सभी ने उस लाइन को पार कर दिया है। ऐसे में सभी लोग सड़क के किनारे खड़े रहते है। इससे ज्यादा समस्या होती है।

# 'भाजपा सरकार ने युवाओं को दी रोजगार की सौगात'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** भाजपा जालोर की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार योजना को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। भाजपा जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी के अनुसार जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने शिवशक्ति नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा की स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी की सौगात दी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर रही है सरकार। नगर महामंत्री मांगीलाल दर्जी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सायब खां मौजूद थे।

# धरना 19वें दिन जारीः बावरला के ग्रामीणों ने दिया समर्थन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** भाजपा सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के तत्वावधान में सांचौर मुख्यालय पर धरना 19वें दिन गुरुवार को जारी रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म कर उनके हितों के साथ अन्याय किया है। जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि सांचौर मुख्यालय से डेढ सौ किमी जाना संभव नहीं है। उन्होंने जिला बाहल करने की मांग की। ग्रामीणों ने आक्रोश रैली निकाली व सीएम के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, भीमाराम चौधरी, राजूराम बागड़वा पंचायत समिति सदस्य, किशनलाल लोल, लक्ष्मणराम, भगराज चौधरी, धर्माराम विश्नोई, प्रकाश कुमार, हीरालाल विश्नोई, मंगलाराम विश्नोई, प्रकाश गोदारा, भारमलराम विश्नोई, उम्मेदसिंह राजपूत, किशनाराम ढाका, भंवरलाल लोल, खमुराम लोल, भीयाराम लोल, तलकाराम, श्रवणकुमार, कमलेशकुमार, पुनमाराम गोदारा, भांगीरथराम, सांवलाराम सुथार, चौथाराम, बिरबल सियाक, सुखराम जाणी, सरदाराराम देवासी, राणाराम पंवार, जगदीश गोदारा समेत कई लोग मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया कि मांग पूरी नहीं होने तक धरना व मासिक महापड़ाव जारी रहेगा।

# शिक्षक संघ का प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन आज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन कचहरी रोड विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।

संयोजक जयकरण खिलेरी के अनुसार सम्मेलन का उदघाटन मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सुभाष लाबा, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीरप्रसाद शर्मा, भीनमाल के विधायक डॉ समरजीतसिंह, जिला प्रमुख राजेशकुमार राणा, पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, जिला कलक्टर जालौर सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद व भामाशाहों की उपस्थिति में होगा। सम्मेलन में राजस्थान के सभी जिलों से हजारों शिक्षकों की भागीदारी रहेगी। जिसमें शिक्षक हितों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

# नर्मदा नहर में डूबे किशोर का मिला शव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** चितलवाना थाना क्षेत्र के अगड़ावा गांव में मंगलवार रात नहर में डूबे प्रवीणकुमार पुत्र हनुमानाराम भील का शव पनोरिया वितिरिका के हैड पर तैरता दिखाई देने पर गुरुवार को बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार प्रवीण नहर किनारे अपने घर जा रहा था। रास्ते में अचानक पैर फिसलने से नहर में गिर गया। लोगों को इसकी जानकारी मिली तो सभी ने बचाव कार्य शुरू कर पुलिस को सूचित किया। लेकिन रात होने के कारण तत्काल बचाव अभियान नहीं चलाया जा सका। दूसरे दिन बुधवार को प्रवीण का पता नहीं चला। प्रशासन की अनदेखी के चलते एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर नहीं पहुंची। गुरुवार को ग्रामीणों ने पनोरिया वितरिका के हेड के पास शव को तैरते हुए देखा और प्रशासन को सूचित किया। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

जागरूक टाइम्स
जयपुर, शुक्रवार, 17 जनवरी, 2025



# 3 महीने बाद मैदान पर उतरे कुलदीप यादव



## ▸▸ इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते वनडे सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर गेंदबाजी प्रैक्टिस की एक वीडियो शेयर की है, जिसमें वह लाल गेंद से अभ्यास कर रहे हैं और पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं, जोकि भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। लेग स्पिनर कुलदीप यादव ग्रोइन इंजरी के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को भारतीय टीम का ऐलान होने वाला है और उससे पहले कुलदीप ने गेंदबाजी शुरू कर दी है, ऐसे में उनकी वापसी की उम्मीदें बढ़ गई है। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम 22 जनवरी से पांच मैचों की टी20 सीरीज और फिर वनडे सीरीज खेलेगी। हालांकि टी20 सीरीज के लिए कुलदीप यादव टीम में जगह नहीं बना पाए हैं लेकिन वनडे सीरीज में उनकी वापसी हो सकती है। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में पहले टेस्ट के दौरान ग्रोइन की चोट का शिकार हुए कुलदीप ने इंस्टाग्राम पर 45 सेकंड का वीडियो साझा किया है जिसमें वह नेट्स पर गेंदबाजी कर रहे हैं। लेग स्पिनर कुलदीप ने भारत के लिए आखिरी मैच अक्टूबर में बेंगलुरु के मैदान पर न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में खेला था। इंग्लैंड की टीम अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत का दौरान करके पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी। कुलदीप को टी20 टीम में नहीं चुना गया है लेकिन वह आने वाले कुछ दिनों में फिटनेस टेस्ट देंगे जिससे वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी उपलब्धता का पता चलेगा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज 22 जनवरी से शुरू होगी, जबकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच 20 फरवरी से खेलना है। कुलदीप के उपलब्ध नहीं होने पर रवि बिश्नोई या वरूण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

भारतीय बल्लेबाजों को मिला नया गुरु

# भारत के बैटिंग कोच बने सितांशु कोटक



**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गुरुवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया। 52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ,''यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी।

सूत्र ने कहा ,'' भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।''

### खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या

समझा जाता है कि मुंबई के पूर्व दिग्गज नायर समीक्षा के दायरे में है। ऐसा माना जा रहा है कि वह सिर्फ प्रभावी सीनियर खिलाड़ियों के लिए ही उपलब्ध रहते हैं, उनकी नियुक्ति में भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर महान पूर्व बल्लेबाज गावस्कर ने भारतीय सहयोगी स्टाफ की भूमिका पर यह कहकर सवाल उठाया था कि कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या आने के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सहयोगी स्टाफ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल और नीदरलैंड के रियान टेन डोइशे कोच हैं।

# द. अफ्रीका को बड़ा झटका एनरिक नॉर्त्जे को फिर लगी चोट

## चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे पीठ की चोट के कारण बुधवार को चैंपियंस ट्राफी से बाहर हो गए। नॉर्त्जे ने पिछले साल जून में टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें इस हफ्ते के शुरू में दक्षिण अफ्रीका की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल किया था, लेकिन सोमवार को हुए स्कैन से स्पष्ट हो गया कि वह 19 फरवरी को पाकिस्तान में शुरू होने वाले आईसीसी के इस टूर्नामेंट के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगे।



क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा, 'प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज नॉर्त्जे पीठ की चोट के कारण बेटवे एसए20 के बचे हुए मुकाबलों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं।' टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा आगे की जाएगी। पिछले साल नवंबर में ग्रोइन स्ट्रेन की वजह से एनगिडी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहे थे। एनगिडी ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज मिस किया था। उनकी टीम में वापसी हुई है। बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई है। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी में भी उनसे यही उम्मीद की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी। तब टीम का प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्हें सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। उस टूर्नामेंट में भी तेम्बा बावुमा कप्तान थे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में भी पहुंची थी।

विजय हजारे ट्रॉफी

# भारतीय टीम में नहीं होंगे राहुल और सैमसन : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी के लिए तैयारी शिविर में शामिल न होने के संजू सैमसन के फैसले से उन्हें केरल की टीम से बाहर होना पड़ा। अब रिपोर्ट के अनुसार विकेटकीपर-बल्लेबाज को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से भी बाहर किया जा सकता है। सैमसन का नाम विजय हजारे ट्रॉफी के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में था, जिसमें 30 खिलाड़ी शामिल हैं। फिर भी केरल के प्रशिक्षण शिविर में रिपोर्ट न करने के कारण भारत के इस स्टार को टूर्नामेंट के लिए नहीं चुना गया। टीम ने वायनाड के कृष्णगिरी स्टेडियम में दो अभ्यास मैच खेले जिसके बाद चयनकर्ताओं ने 19 सदस्यीय टीम का चयन किया। सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद सलमान नजीर को केरल का कप्तान बनाया गया। सैमसन भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरे विकेटकीपर की भूमिका के लिए दौड़ में थे, लेकिन दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपना आखिरी 50 ओवर का मैच दिसंबर 2023 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे में खेला था। बीसीसीआई ने राष्ट्रीय खिलाड़ियों के बिना चोट के उचित कारण या चोट की चिंता के घरेलू मैचों को छोड़ने के बारे में कड़ा रुख अपनाया है। संभावना है कि सैमसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना जाएगा, भले ही वह टी20आई में नंबर 1 पसंद बने हुए हैं। सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज में अभिषेक शर्मा के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। दूसरे विकेटकीपर के स्थान को लेकर बहस तब तेज हो गई क्योंकि केएल राहुल अब वनडे में विशेषज्ञ विकेटकीपर की भूमिका के लिए विचार में नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'वनडे विश्व कप के दौरान स्टंप के पीछे केएल राहुल की मौजूदगी ने भारतीय टीम को संतुलन दिया, लेकिन स्टाइलिश कर्नाटक के दाएं हाथ के इस खिलाड़ी के आगे चलकर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बड़े विकेटकीपर की भूमिका निभाने की संभावना नहीं है।' चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल भारत के विकेटकीपर हो सकते हैं। विकेटकीपर के स्थान के मामले में ऋषभ पंत पहली पसंद हैं, दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन के बीच मुकाबला हो सकता है। सैमसन हार सकते हैं, क्योंकि उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी छोड़ने का फैसला किया है। किशन ने 27 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 42 से अधिक की औसत से 933 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। पिछले साल घरेलू क्रिकेट छोड़ने के बाद वे मौजूदा चयन समिति के साथ थोड़े से नाराज हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें बीसीसीआई का वार्षिक केंद्रीय अनुबंध भी खोना पड़ा। किशन का विजय हजारे ट्रॉफी में प्रदर्शन सामान्य रहा जिसमें उन्होंने पूर्वोत्तर के एक राज्य के खिलाफ सात मैचों में एक शतक सहित 316 रन बनाए। किशन विश्व कप टीम का हिस्सा थे जबकि युवा यूपी और राजस्थान रॉयल्स के जुरेल ने सभी को प्रभावित किया है और निश्चित रूप से दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो सकते हैं।




# चैंपियंस ट्रॉफी : पीसीबी ने तय की टिकटों की कीमत

मात्र 310 रुपए में देख पाएंगे मैच




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की माली हालत किसी से छिपी नहीं है। इसकी एक झलक चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तय की गई टिकट की कीमतों में देखने को मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आगामी टूर्नामेंट के लिए टिकट की कीमत 1000 पाकिस्तानी रुपए रखी है। भारतीय मुद्रा के हिसाब से टिकट की कीमत सिर्फ 310 रुपए बनती है। पीसीबी ने उसके देश में होने वाले मैचों के लिए टिकट की कीमत तय कर दी है। इनकी न्यूनतम कीमत 1000 पाकिस्तानी रुपए रखी गई है। यह नहीं बताया गया है कि दुबई में होने वाले भारत के मैचों की टिकट दर क्या होगी। दस्तावेज के अनुसार पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले मैचों के न्यूनतम टिकट 1000 पाकिस्तानी रूपए के रखे हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के रावलपिंडी में होने वाले मैचों के टिकटों की कीमत 2000 पाकिस्तानी रूपए (620 भारतीय रूपए) और सेमीफाइनल के 2500 पाकिस्तानी रूपए (776 भारतीय रूपए) होगी। पीसीबी ने सभी मैचों की वीवीआईपी टिकट 12000 पाकिस्तानी रूपए (3726 भारतीय रूपए) की रखी है लेकिन सेमीफाइनल में यह 25000 (7764 भारतीय रूपए) की होगी। कराची में प्रीमियर दीर्घा की टिकट 3500 पाकिस्तानी रूपए (1086 भारतीय रूपए), लाहौर में 5000 (1550 भारतीय रूपए) और रावलपिंडी में पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच का टिकट 7000 (2170 भारतीय रूपए ) है।

## म नो रं ज न

# 'नागिन' बन बड़े पर्दे पर कहर बरसाएंगी श्रद्धा!



लंबे समय से खबर आ रही थी कि बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर नागिन का रोल निभाने वाली हैं। लंबे समय से भारत में नाग-नागिन पर कोई फिल्म नहीं बनी है ऐसे में फैंस श्रद्धा कपूर को इच्छाधारी नागिन के रोल में देखने के लिए बेताब थे। लेकिन फिल्म को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आ रही थी, अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। क्रिएटिव प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। निखिल द्विवेदी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर नागिन की स्क्रिप्ट की तस्वीर शेयर की है, जिसके फ्रंट पेज पर नागिन लिखा है। पेज पर लिखा है, "नागिनः प्यार और बलिदान की एक महाकाव्य कहानी।" आगे लिखा है, "SAFFRON मैजिकवर्क्स की ओर से निर्मित और विकसित।" पेज के आसपास आप कुछ गेंदे के फूल भी देख सकते हैं। फोटो के कैप्शन में निखिल ने लिखा, "मकर संक्रांति और फाइनली" निखिल का पोस्ट देखकर ऐसा लग रहा है कि उनकी फिल्म नागिन जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए रेडी है। इंस्टाग्राम स्टोरी में निखिल ने श्रद्धा कपूर का नाम नहीं लिया है लेकिन लंबे समय से खबरें आ रही हैं कि श्रद्धा कपूर नागिन में लीड रोल निभाने वाली हैं। दरअसल निखिल द्विवेदी ने खुद ये बात कही थी कि इस फिल्म के लीड रोल के लिए उनके दिमाग में सिर्फ श्रद्धा कपूर थीं। निखिल ने कहा, "एकलौती एक्ट्रेस जिसके बारे में मैंने इस फिल्म को लेकर सोचा था वो श्रद्धा थी, क्योंकि मुझे लगता है कि वो उन एक्ट्रेसेज में से हैं जिनके पास कई क्वालिटी है और वो हर शेड्स काफी अच्छे से निभा सकती हैं।"

निखिल द्विवेदी की बात करें तो इससे पहले उनकी फिल्म 'CTRL' नेटफ्लिक्स पर आई थी। जिसमें विहान और अनन्या पांडे लीड रोल में थे। फिल्म काफी पसंद की गई थी। वहीं श्रद्धा कपूर की बात करें तो आखिरी बार वो हॉरर कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में नजर आई थीं।

# वरुण धवन ने झांसी में शुरू की 'बॉर्डर 2' की शूटिंग



वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म 'बॉर्डर 2' के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं। झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित 'बॉर्डर 2' का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने 'बॉर्डर 2' के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने इस आउटफिट को ब्लैक लेदर जैकेट के साथ पहना और मूंछों वाला लुक दिया। उन्होंने कुमार और दत्ता के साथ फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़ा। निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक्शन, धैर्य और देशभक्ति! अभिनेता वरुण धवन ने निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ झांसी के सुंदर छावनी क्षेत्रों में 'बॉर्डर 2' यात्रा शुरू की। 23 जनवरी, 2026- एक अविस्मरणीय गाथा के लिए तैयार हो जाइए।' हालांकि, सनी देओल, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी आने वाले महीनों में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे।

# कंगना के फैंस को खास तोहफा 99 रुपए में 'इमरजेंसी' की टिकट




बॉलीवुड एक्ट्रेस एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। अब इस फिल्म की रिलीज से पहले दर्शकों के लिए खुशखबरी आई है कि आप कंगना रनौत की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'इमरजेंसी' की टिकट 99 रुपए में बुक कर सकते हैं। आप सिर्फ 99 रुपए में इस फिल्म का मजा सिनेमाघरों में उठा सकते हैं। अगर आप भी बड़े पर्दे पर इस नई फिल्म को देखने का इंतजार कर रहे हैं तो 17 जनवरी को 'सिनेमा लवर डे' के खास मौके पर इस धमाकेदार ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। 17 जनवरी को 'सिनेमा लवर डे' के स्पेशल मौके पर दर्शकों को कई फिल्में सिर्फ 99 रुपए में देखने को मिलने वाली है। इस दिन भारत के ज्यादातर सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में सिर्फ 99 रुपए में नई और पुरानी मूवीज दिखाई जा रही है। साल 2025 का पहला 'सिनेमा लवर डे' 17 जनवरी को मनाया जाएगा, इस मौके पर आप कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' के पहले दिन की टिकट 99 रुपए में बुक कर सकते हैं। 'इमरजेंसी' को 99 रुपए में देखना एक्ट्रेस के फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। कंगना रनौत की ये फिल्म 1977 के भारतीय आपातकाल पर आधारित है।

# समंथा रूथ प्रभु ने जिम में दिखाया जलवा



ये हर नए साल की कहानी है कि पहले ही रेजोल्यूशन पर गंभीरता से अमल किया जाता है। इसके बाद वक्त के साथ ये संकल्प धीमा पड़ने लगता है। लेकिन खूबसूरत एक्ट्रेस समंथा रूथ प्रभु ने अपनी इस लीक को तोड़ दिया है। समंथा ने नए साल पर लिए रिजोल्यूशन को अभी तक जारी रखा है। समंथा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में समंथा जिम में हैवी वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। गुरुवार को, सामंथा ने एक वर्कआउट वीडियो साझा किया, जिसमें जिम में अलग-अलग व्यायाम करते हुए उनके कई मोंटेज दिखाए गए। इसकी शुरुआत अभिनेत्री के अपने बिस्तर पर सोने से होती है और बैकग्राउंड में ऑडियो बजता है, 'सोचिए कुछ बुरे दिन मुझे रोक देंगे?' उन्होंने रिंग पुल-अप्स, वेट हील डिप्स, केटलबेल बेंट-ओवर रो, डंबल लेटरल आर्म रेज और डंबल ओवरहेड शोल्डर प्रेस जैसे वर्कआउट किए। एक्ट्रेस समंथा ने वर्कआउट प्रेरणा की गहन खुराक के साथ कुछ स्वास्थ्य सलाह भी दी। वीडियो की शुरुआत उसके कबूलनामे से होती है, 'नए साल में दो सप्ताह बीत चुके हैं, और आपके संकल्प पहले से ही कम हो रहे हैं? यहां भी ऐसा ही! ऐसा कई बार हुआ है।' हालांकि कुछ असफलताओं से किसी को पीछे नहीं हटना चाहिए। लेकिन कुछ बुरे दिनों का मतलब यह नहीं है कि हम बाहर हैं। सामंथा ने कहा, कभी-कभी हम आराम करते हैं, कभी-कभी हम धक्का देते हैं। बस यही चलता है। बता दें कि समंथा रूथ प्रभु ने अपने करियर की शुरुआत साउथ सिनेमा से की थी। यहां कई सुपरहिट फिल्में देने के बाद समंथा स्टार बन गईं।

# अजय देवगन से भिड़ेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा



अजय देवगन साल 2012 में 'सन ऑफ सरदार' नाम की फिल्म लेकर आए थे। इस एक्शन-कॉमेडी जॉनर की फिल्म को लोगों ने पसंद किया था। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म हिट रही थी। लंबे समय से इसके सीक्वल यानी दूसरे पार्ट की भी चर्चा हो रही है। अब 'सन ऑफ सरदार 2' की रिलीज डेट सामने आ गई है। ये फिल्म 25 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म क्रिटिक और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया के जरिए 'सन ऑफ सरदार 2' की रिलीज डेट शेयर की है। विजय कुमार अरोड़ा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अजय के साथ मृणाल ठाकुर, संजय दत्त और रवि किशन नजर आने वाले हैं। पहले पार्ट को अश्विनी धीर ने डायरेक्ट किया था। अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाले हैं। दरअसल, 25 जुलाई को ही सिद्धार्थ की फिल्म 'परम सुंदरी' रिलीज होने वाली है। यानी दोनों एक्टर्स की फिल्मों का क्लैश होने वाला है। 'परम सुंदरी' में जान्हवी कपूर फीमेल लीड हैं। तुषार जलोटा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। अब देखना होगा कि इस भिड़ंत में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारता है। 'सन ऑफ सरदार 2' के अलावा अजय देवगन साल 2025 में और भी कुछ फिल्मों में नजर आने वाले हैं। 17 जनवरी को 'आजाद' नाम की एक फिल्म रिलीज हो रही है, जिसके जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा ठडानी और अजय के भांजे अमन देवगन डेब्यू कर रहे हैं। अजय देवगन भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा एक मई को 'रेड 2' रिलीज होने वाली है। साल के आखिर में वो 'दे दे प्यार दे दे 2' लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म 14 नवंबर को रिलीज होगी। देखना होगा कि इन फिल्मों के जरिए अजय साल 2025 में कैसा कमाल दिखाते हैं। बहरहाल, 'सन ऑफ सरदार' के पहले पार्ट में मृणाल ठाकुर की जगह सोनाक्षी सिन्हा थीं, लेकिन इस बार वो फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

# मरु उड़ान कार्यक्रम में दिखा उत्साह, संवाद स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** महिलाओं की शिक्षा स्वास्थ्य स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत नवाचार कार्य' मों की कड़ी में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मिल गेट पाली में जिला स्तरीय संवाद आयोजन के साथ राजस्थान मरु उड़ान कार्य' म का शुभारम्भ किया गया। महिला अधिकारिता एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में उपनिदेशक भागीरथ ने बताया कि कार्य' म में चार सत्रों का आयोजन किया गया। पहले सत्र में चिकित्सा विभाग से केसी सैनी ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसे बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए इससे जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि पर विशेष जोर देते हुए समय पर इलाज लेने और पोषण, नियमित व्यायाम और व्यक्ति गत स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया।

दूसरे सत्र में कोर्स कॉर्डिनेटर नेतराम द्वारा व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण की विस्तार से जानकारी दी गई। तीसरे सत्र में महिला अधिकारिता विभाग से कनिष्ठ सहायक अमृत जांगिड द्वारा शिक्षा सेतु योजना एवं नारी उद्यम प्रोत्साहन योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महिलाओं को शिक्षा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवसर मिलें, इसलिए उनके लिए सरकार विभिन्न प्रयास कर रही है। अंतिम सत्र में जिला हब एम्पावरमेन्ट ऑफ वुमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय कार्य योजना के अनुसार कार्य' मों / गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के साथ महिला सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे सखी वन स्टोप सेंटर एवं महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की विस्तार से जानकारी दी।






### मरु उड़ान कार्यक्रम को गति देने का आह्वान

इसी के साथ ही पाली ब्लॉक की साथिनों को राजस्थान मरू उडान के तहत पंचायत स्तर पर महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा को बढावा देने हेतु महिला सभा का आयोजन कर राजस्थान मरू उड़ान कार्य' म के गति देने का आह्वान किया गया। इस कार्य' म में विद्यालय से उप प्राचार्य शोभा सोनी, सुशीला सिंगाडिया, लक्ष्मणसिंह मेड़तिया, शोभा करमचंदानी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। मंच संचालन डॉ राजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने किया। इस दौरान 12 ग्राम पंचायतों की साथिन एवं विद्यालय की 200 छात्राएं उपस्थित रही।

# शिव महिला मंडली ने महाकुंभ में साधू-संतों को करवाया भोजन

## भजनों के दौरान एकत्रित हुए थे 4 लाख रुपए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर की शिव महिला भजन मंडली ने प्रयागराज महाकुंभ में साधू-संतों के भोजन प्रसादी के लिए 4 लाख की राशि एकत्रित कर भंडारा किया। हर बार कुंभ मेले में अखिल भारतीय रामानंद खाकी बुसी अखाड़ा के महंत हरीदास महाराज साधू-संतों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था करते थे। लेकिन इस बार महाकुंभ के एक माह पहले ही उनके देवलोक गमन होने पर इसका पूरा जिम्मा उनकी शिष्या व शिव महिला भजन मंडली की अध्यक्ष मंजुदेवी कुमावत ने उठाया। महाकुंभ में शिव महिला मंडली एवं महंत हरिदास महाराज के शिष्य एवं मारवाड़ व मेवाड़ के भक्तजनों ने मिलकर भंडारा किया। साधू-संतों को भोजन प्रसादी, चादर, कलश, मेवा एवं दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष मंजूदेवी ने बताया कि पिछले 3-4 सालों से मंडली की महिलाएं घर-घर जाकर भजन कीर्तन करती है। इससे मिलने वाली राशि एकत्रित की थी। इस राशि का सदुपयोग करते हुए महाकुंभ में साधू-संतों के भोजन प्रसादी की। गौरतलब हैं कि शिव महिला मंडली समय-समय पर पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी, गोवंशों के लिए चारा तथा विभिन्न धार्मिक कार्य' मों के लिए सेवा कार्य करती आ रहीं हैं। भजन कीर्तन से जो भी राशि मिलती हैं परोपकार में खर्च करती हैं। इस मौके पर थानाराम, बाबूलाल, रमेशकुमार, रूपाराम, चुन्नीलाल, हीरालाल, नैतिक, प्रवीण व मेवाड़ से प्रभुलाल, बालूदास, ऊंकारसिंह, जगदीश, मोहनकुमार, मंडली की गायत्री राठी, कन्यादेवी, भगवती राठी, चंद्रादेवी, भीमादेवी, गीतादेवी, बसंतीदेवी, मीराकंवर, नंदादेवी, नितिशा आदि मौजूद रहे।



# टायर फटने से दूसरी जीप से टकराई बोलेरा, तीन घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** बाली-फालना मार्ग पर श्रीसेला गांव के पास टायर फटने से जीप दूसरी जीप से टकरा गई। जिससे एक वाहन में सवार चालक एवं दो महिलाएं घायल हो गई।

फालना पुलिस के अनुसार हादसा दो बोलेरो जीपों के बीच हुआ। टायर फटने से बोलेरो दूसरी बोलेरा जीप से टकरा गई। हादसे में चालक डूंगाराम चौधरी पुत्र चतराराम चौधरी एवं दो महिलाएं घायल हो गई। सभी घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डूंगाराम चौधरी उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

# 'शिक्षा के साथ मिलते है संस्कार भी'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** आशापुरा आदर्श विद्या मंदिर में अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सादड़ी संकुल प्रमुख मनोहरलाल सोलंकी और स्थानीय प्रबंध समिति के सह व्यव-स्थापक मुनेशकुमार भाटी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। भाटी ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों द्वारा देशभर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करने का काम किया जाता है। सोलंकी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर नजर रखें और विद्यालय में आकर शिक्षकों से बातचीत करें। अभिभावकों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मोबाइल के अधिक उपयोग से बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रतापसिंह सोलंकी, आचार्य दीपेंद्रसिंह, शंकरलाल, भोमाराम, संगीतादेवी, भगवतीदेवी सहित अभिभावक मौजूद थे।

# जनसुनवाई में तेरह प्रकरणों का हुआ हाथों हाथ निस्तारण

## जिला कलक्टर ने सुनी परिवेदनाएं, पहुंचाई राहत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और सतर्कता समिति की बैठक में प्रकरणों का निस्तारण किया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान करें और उन्हें राहत प्रदान करें। इस अवसर पर जयपुर से वर्चुअली उच्च अधिकारी भी जुड़े। सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज अधिकाधिक प्रकरणों को निपटाने के लिए कहा। जिला कलक्टर मंत्री ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की और अधिकारियों को समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 54 प्रकरणों की सुनवाई कर 9 प्रकरणों का हाथों हाथ निस्तारण किया गया और शेष रहे प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इसी तरह सतर्कता समिति की बैठक में आए 8 में से 4 का निस्तारण किया गया। शेष रहे मामलों में संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के दिशा निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई में राजस्व के 11 प्रकरण, आरडी/पीआर के 6, विद्युत के 2, पीएचइडी के 3, स्वायत्त शासन के 9, विजिलेंस का 1 अन्य 6 प्रकरण आए। साथ ही बिजली, पेयजल, रसद, कृषि व सहकारिता विभाग के प्रकरणों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ बजरंगसिंह, जिला परिषद सीइओ मुकेश चौधरी, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व अन्य विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। ब्लॉक लेवल अधिकारी वीसी से जुड़े रहे।



# मॉडल राठेलाव तालाब की सफाई को अभियान जोरों पर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी के निर्देशानुसार देसूरी ग्राम पंचायत द्वारा गुरुवार को राठेलाव चौराहे स्थित मॉडल राठेलाव तालाब की सफाई को लेकर सफाई अभियान शुरू किया गया। सरपंच केसाराम भील व ग्राम विकास अधिकारी घीसाराम चौधरी ने बताया कि मॉडल राठेलाव तालाब में दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों का कचरा, पॉलीथिन, कटिंग बाल व अन्य प्रकार के वेस्टेज डालने से तालाब का सौंदर्यकरण खराब हो रहा है। इससे पूर्व भी ग्राम पंचायत द्वारा तीन बार सफाई अभियान चलाया गया। मगर दुकानदारों द्वारा फिर से मॉडल तालाब में कचरा पॉलीथिन आदि डाला जा रहा है। सरपंच केसाराम भील एवं ग्राविअ घीसाराम चौधरी के अनुसार पंचायत प्रशासन द्वारा अपील के साथ चेतावनी भी दी गई है कि अगर तालाब को इस तरह कचरा डालकर सौंदर्यकरण बिगाड़ा गया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बहरहाल राठेलाव तालाब की सफाई करवा कर इसे स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उधर तालाब के साथ गली-मोहल्लों में एवं नालियों आदि की सफाई भी युद्धस्तर पर शुरू की गई है।



### तालाब की पाळ का पक्का निर्माण जरूरी

मुख्य मॉडल राठेलाव तालाब की पाळ कच्ची मिट्‌टी की होने के कारण तालाब के किनारे तेज हवाओं से पॉलीथिन की थैलियों आदि इकट्‌ठी हो जाती है। जिससे प्रतीत होता है कि तालाब में गंदगी का आलम है पर ऐसा नही है। यदि तालाब की पाळ का पक्का निर्माण किया जाए तो कचरे व पॉलीथिन आदि से मुक्ति मिल सकती है। लोग भी कचरा व पॉलीथिन आदि डालने से परहेज करेंगे। उधर ग्रामीणों का कहना है कि अक्सर कई दुकानदार रात में कचरा व पॉलीथिन आदि चुपके से तालाब में डाल देते है। व्यापारियों को स्वयं इसके प्रति जागरुक होकर अपने आपको कचरा डालने से रोकना होगा। तालाब साफ सुथरा बना रहेगा

# सनातन धर्म मंडल से जुड़ा उज्जैनी वीर मामाजी मंदिर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सनातन धर्म मंडल व उज्जैनी वीर मामाजी मंदिर के श्रद्धालुओं की बैठक मामाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में मामाजी मंदिर के श्रद्धालुओं ने सनातन धर्म मंडल पदाधिकारियों से भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित अति प्राचीन उज्जैनी बीर मामाजी मंदिर की सम्पूर्ण व्यवस्था सनातन धर्म मंडल की ओर से करने का आग्रह किया गया। इस पर निर्णय लिया गया कि अब यह मंदिर सनातन ट्रस्ट मंडल बाली के अधीन रहेगा। धर्म मंडल अध्यक्ष अजयपाल जोधा ने इस पर अपनी सहमति देते हुए कहा कि अब इस मंदिर के विकास की जिम्मेदारी मंडल की रहेगी। पूजा पाट साफ-सफाई, निर्माण आदि की व्यवस्था मंडल द्वारा की जाएगी। अब यह भी सनातन धर्म मंडल के मंदिरों में शुमार होगा। मंदिर के विकास को कुछ भामाशाहों से भी वार्ता की गई। इस पर उन्होंने भी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर दलपत रावल, लाखाराम देवासी, पार्षद बगदीदेवी, दिलीप डांगी, रघुनाथ डांगी, वक्ताराम, मादाराम, कसनाराम देवासी, गोमाराम देवासी, प्रतापराम मेघवाल, विजेंद्रकुमार, रामलाल चौधरी, अचलसिंह राव सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



# काग संयुक्त सचिव व हीरावत प्रचार मंत्री मनोनीत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली/नारलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल आर्य की ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए चिकित्सा विभाग जोधपुर के अर्जुन काग को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। काग के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बनने पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। उधर राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से सकाराम व सुखदेव हीरावत सरगरा खारड़ा नाडोल को राष्ट्रीय प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

# इएमटी कांतीलाल बने नर्सिंग अधिकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** समीपवर्ती मोरखा निवासी एवं राजकीय चिकित्सालय में अस्थाई रूप से 108 वाहन में इएमटी के पद पर कार्यरत कांतीलाल पुत्र लालाराम को जोधपुर के महात्मा गांधी चिकित्सालय में बतौर नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिल गई है। लंबे समय तक एंबुलेंस में इएमटी रहे कांतीलाल के कुशल व्यवहार व सकात्मक रवैये का हर कोई कायल था। ऐसे में उनकी नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया।

# परिहार फिर बने शहीद भगतसिंह सेवा समिति के अध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखामाता मंदिर परिसर में शहीद भगतसिंह सेवा समिति की बैठक संस्थापक व अध्यक्ष अमृत परिहार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के चुनाव करवाने पर चर्चा की गई, जिसके बाद सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें एक बार पुनः अमृत परिहार को अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ संरक्षक हिम्मत देवड़ा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र व संदीप, सचिव अरुण जॉन, सहसचिव धनराज देवड़ा, मंत्री कुलदीपसिंह, श्रवण परिहार, महामंत्री रमजान खान, फागूराम प्रजापत, रूपेशकुमार देवासी, रोहित वर्मा, कोषाध्यक्ष ललित माली, नरपत माली, मीडिया प्रभारी नरपत सिसोदिया, बाबूदास वैष्णव, प्रचार मंत्री सुरेश मारू, मुनराज देवड़ा, सदस्य गोविंदकुमार, मुकेश प्रजापत, ओम दमानी, कमलेश मीणा, मनोहरसिंह, इंदरसिंह, अर्जुन माली व राजेंद्र मीणा को नियुक्त किया गया। कार्य' म में सुमेरपुर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष रविकांत रावल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हनुमतसिंह राजपुरोहित, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, सांसद प्रतिनिधि अनूपसिंह राठौड़, पार्षद दिलीप सोलंकी, भरतसिंह पालड़ी, सुरेश पुराडा भी मौजूद थे।




# छाया कोहरा, शीत लहर ने किया परेशान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** उपखंड क्षेत्र में घना कोहरा छाने के साथ शीत लहर में तेजी आने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोहरे के कारण वाहन चालकों को दिन के समय भी वाहन की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। कोहरे के चलते दृश्यता काफी कम हो गई है, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उधर शीत लहर चलने से तापमान में गिरावट आई है। किसानों के लिए यह मौसम चिंताजनक साबित हो रहा है, क्योंकि पाले की संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस स्थिति में उनके फसलों को गंभीर नुकसान हो सकता है, खासकर उन फसलों को जो ठंडे मौसम को सहन नहीं कर पातीं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। इस कठिनाई में स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे कोहरे के कारण सड़क पर चलते समय विशेष सावधानी बरतें और जरूरत पड़ने पर ही यात्रा करें।





# देवासी बने कांग्रेस के ब्लॉक प्रवक्ता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पंचायत समिति सदस्य फूलाराम देवासी को ब्लॉक कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर गुरुवार को उनके स्वागत में एक कार्य' म आयोजित किया गया। कार्य' म में देवेंद्रसिंह देवड़ा, अरविंद लोहार, भलाराम देवासी, मूलसिंह राणावत, साकिर खान, पप्पूभाई और सलमान खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# 'वाणी पार्थिव व मौन दिव्य है'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** मौन आत्मा की भाषा है, जिसे सांसारिक कोलाहल के बीच सुनना संभव नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो व्यक्ति के अंतर्मन की यात्रा का नाम हैं मौन। बीके शालिनी ने गुरुवार को खांटेड भवन में आयोजित सत्संग के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक कहावत है कि वाणी पार्थिव व मौन दिव्य है। मौन भाषा बोली और बंधनों को बिछाकर स्व से जोड़ती है और जीवन में पूर्णता लाती है। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

# करिअर-डे पखवाड़े में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** अरावली महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्य' मों का आयोजन किया गया। संयोजक कुलदीप दवे ने बताया कि बुधवार को निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद, नाटक व चित्रकला प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष डा. हिम्मतसिंह राठौड़, सहायक निदेशक डॉ. नौरतन मुदगल व प्राचार्य कृष्णपालसिंह देवड़ा ने छात्रों को जीवन में विवेकानंद के जीवनी से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में मजबूत नींव रखने की बात को साझा किया। महाविद्यालय के छात्र रवि सोनी द्वारा चित्रित की गई अनुपम कृति को महाविद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय को प्रेषित कर नवाचार का कार्य किया गया। इस मौके पर मालदेवसिंह, कैलाशकुमार, नरेन्द्र गोयल, रंजीत गहलोत, इंसाफ खान, रमेश कुमावत आदि मौजूद रहे।



## राजस्थान मंडपम और यूनिटी मॉल के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक

# यूनिटी मॉल से स्थानीय उत्पादों को मिलेगा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### राजस्थान मंडपम होगा विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त, बड़े आयोजनों की करेगा मेजबानी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान मंडपम विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त और अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की पुख्ता कार्ययोजना बनाई जाए ताकि यहां पर बड़े आयोजन सुगमता से हो सके। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम एवं यूनिटी मॉल की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम स्थानीय कला, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि देश एवं विदेशों के बेहतरीन कन्वेंशन सेन्टर का परीक्षण कर राजस्थान मंडपम में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएगी। उन्होंने यहां विकसित होने वाले कन्वेंशन सेन्टर, एक्जीबिशन सेन्टर, मीटिंग हॉल एवं आगन्तुकों की पार्किंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राजस्थान मंडपम एवं यूनिटी मॉल की प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, रीको के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा यूनिटी मॉल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर में 'मेक इन इंडिया' तथा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के तहत स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल का भी निर्माण किया जाएगा। यह मॉल जीआई प्रोडक्ट, हस्तशिल्प उत्पाद एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में कार्य करेगा। इसमें दुकानकारों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही, यहां कॉमन ट्रेनिंग सेन्टर, ओपन थिएटर, बिजनेस मीटिंग हॉल एवं सेमीनार हॉल आदि सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत का बीजेपी व आरएसएस पर हमला

# यूजीसी के नए नियम उच्च शिक्षा को बर्बाद कर देंगे



**जयपुर।** विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर चांसलर और शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति को लेकर यूजीसी के नए नियमों के ड्राफ्ट पर विवाद बढ़ने लगा है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में नियुक्ति के नए नियम देश की उच्च शिक्षा को बर्बाद कर देंगे। इससे अयोग्य लोगों के विश्वविद्यालयों में काबिज होने का खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि यूजीसी के नए नियम का ड्राफ्ट आरएसएस के विचारकों को विश्वविद्यालयों में स्थापित करने का प्रयास है। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर कहा, ऐसा लगता है कि यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर एवं शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति के लिए बनाया गया नियमों का ड्राफ्ट आरएसएस विचारकों को विश्वविद्यालयों में स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए बनाया गया है।

### » चहेते लोगों को प्रोफेसर बनाना होगा आसन

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इस ड्राफ्ट के अनुसार अब वाइस चांसलर बनने के लिए एकेडमिशियन होने की बाध्यता भी नहीं रहेगी और राज्य के विश्वविद्यालयों में भी वाइस चांसलर की नियुक्ति केंद्र सरकार ही करेगी। इन नियमों से विश्वविद्यालयों में अनुबंधित प्रोफेसरों की संख्या 10 फीसदी भी हो सकेगी, यानी चहेते लोगों को प्रोफेसरों की तरह लगाना आसान होगा।

### » देश की संघीय व्यवस्था से भी खिलवाड़

गहलोत ने कहा कि ऐसे नियम हमारी उच्च शिक्षा को बर्बाद कर देंगे, क्योंकि इससे अयोग्य लोगों के विश्वविद्यालयों में काबिज होने का खतरा होगा। यह देश की संघीय व्यवस्था के साथ खिलवाड़ होगी, क्योंकि इससे राज्यों के अधिकार कम होंगे। सभी राज्य सरकारों एवं एकेडमिशियन कम्युनिटी को ऐसे नियमों का विरोध करना चाहिए। जो उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को खराब करेंगे एवं देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेंगे।

## » बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ बोले

# कांग्रेस नेता अपनी दादी से ले सीख



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सेवादल की शाखाओं को लेकर कहा कि आरएसएस में ही आ जाओ, संघ राष्ट्रवाद से ओत प्रोत संगठन है। सेवादल का अभिप्राय सही नहीं है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कहा कि जब भी संसद का सत्र शुरू होता था। तब सनसनीखेज खबरें चलाई जाती थी। जिससे विपक्ष हंगामा खड़ा कर दे और संसद में व्यवधान पैदा हो जाए। ये बात अमित शाह भी कह चुके है। कांग्रेस क्या करें वो कर सकती है। लेकिन वो ऐसा नहीं करें, जिससे देश की छवि आहत हो। विदेशी धरती पर राहुल गांधी को अनर्गल बयान नहीं देने चाहिए। कांग्रेस नेता अपनी दादी से तो सीख ले। वो विदेशी धरती पर भारत की राजनीति को लेकर आरोप प्रत्यारोप नहीं करती थी। यही कहती थी कि देश की बात देश में हो।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली विसं. चुनावः कांग्रेस ने जारी की छठी लिस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को 2 कैंडिडेट की छठी लिस्ट जारी की। इसमें तिमारपुर से लोकेंद्र चौधरी और रोहतास नगर से सुरेशवती चौहान को टिकट दिया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। इससे पहले बुधवार देर रात कांग्रेस ने 5 कैंडिडेट की पांचवी लिस्ट जारी की थी। जिसमें 2 एससी कैंडिडेट के नाम थे। बवाना सीट से सुरेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है।

### कोल स्कैम केस : सुनवाई से हटे जस्टिस केवी विश्वनाथन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कोयला घोटाला मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। जस्टिस विश्वनाथन ने इसके पीछे की वजह बताते हुए कहा कि वे इस मामले में वकील के तौर पर पेश हुए थे। जस्टिस विश्वनाथन के हटने के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि वे 10 फरवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में मामलों की सुनवाई के लिए 3 जजों की बेंच का पुनर्गठन करेंगे।

### रिपब्लिक डे पर फ्लाईपास्ट परेड, ध्रुव-तेजस नहीं भरेंगे उड़ान

**नई दिल्ली।** रिपब्लिक डे पर होने वाली फ्लाईपास्ट परेड में इस बार एएचएल ध्रुव और सिंगल इंजन लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को शामिल नहीं किया जाएगा। इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी ने बताया कि हाल ही में एक, एएचएल ध्रुव के एक्सीडेंट होने के बाद यह निर्णय लिया गया। वहीं तेजस को शामिल नहीं करने को लेकर उन्होंने बताया कि एयरफोर्स ने रिपब्लिक डे परेड में सिंगल इंजन वाले एयरक्राफ्ट का प्रदर्शन बंद कर दिया है।

### हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद

**नई दिल्ली।** अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च बंद होने जा रही है। बुधवार देर रात कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच कर लिया है। हालांकि एंडरसन ने कंपनी बंद करने का कोई विशेष कारण नहीं बताया। हिंडनबर्ग रिसर्च की शुरुआत 2017 में हुई थी। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्टों ने भारत के अडाणी ग्रुप और इकान इंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था।

### गार्ड्स को गोली मारकर 93 लाख रुपए लूटे

**बीदर।** कर्नाटक के बीदर में गुरुवार को हथियारबंद लुटेरों ने दो सिक्योरिटी गार्ड्स को गोली मारकर 93 लाख रुपए लूट लिए। इसमें दोनों गार्ड्स की मौत हो गई। बीदर शहर के शिवाजी चौक की है। गार्ड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में कैश भर रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना बाइक सवार लुटेरों ने आठ राउंड फायरिंग की और कैश लेकर फरार हो गए। मृतकों की पहचान गिरि वेंकटेश और शिवा काशीनाथ के रूप में हुई है। दोनों एटीएम में कैश रिफिल करने वाली कंपनी सीएमएस में काम करते थे।

### असम खदान हादसाः एसआईटी करेगी जांच

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने गुरुवार को उमरंगसो कोयला खदान हादसे की न्यायिक जांच और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से जांच करवाने की घोषणा की है। दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो इलाके में एक कोयला खदान में 6 जनवरी को अचानक पानी भर गया था, जिससे नौ मजदूर खदान में फंस गए थे। हादसे में अब तक चार रैट माइनर्स की मौत हो चुकी है। पांच मजदूर अभी भी खदान में फंसे हुए हैं। राज्य सरकार ने पीड़ितों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की, साथ ही में सभी 220 ऐसी ही खदानों को बंद करने की भी घोषणा की।

### मणिपुर में 6 संदिग्ध गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल में एक व्यक्ति की मौत के सिलसिले में कट्टरपंथी मैतेई समूह अरमबाई टेंगोल के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। संदिग्ध सदस्यों ने मंगलवार को फिरौती के लिए मोहम्मद नवाश का उसके घर से अपहरण कर लिया था। नवाश को थौबल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सगोलसेम चिंगखेंगनबा सिंह (25), चिंगखम सनतोम्बा सिंह (19), सपम सोमोरजीत सिंह (32), मैबाम बोकेनजीत सिंह (24), अथोकपम जीबन सिंह (30) और चिंगखम मणि सिंह (41) के रूप में हुई है। अरमबाई टेंगोल ने एक बयान में दावा किया कि उसकी यूनिट 2 एंड्रो शाखा के सदस्य इस घटना में शामिल नहीं थे।

## फर्जी डिग्री बांटने के मामले में यूजीसी का बड़ा एक्शन

### राजस्थान की तीन प्राइवेट यूनिवर्सिटी पर पीएचडी कराने पर रोक

**जयपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राजस्थान की तीन निजी प्राइवेट यूनिवर्सिटी पर पीएचडी कराने पर पांच वर्ष तक की रोक लगा दी है। यूजीसी के नोटिस के मुताबिक चूरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी, अलवर की सनराइज यूनिवर्सिटी और झुंझुनूं की सिंघानिया यूनिवर्सिटी पर पीएचडी कराने पर रोक लगाई गई है। यह रोक शिक्षण सत्र 2025-26 से 2029-30 तक जारी रहेगी।

# 26 से पहले 'दिल्ली मार्च' शुरू करेंगे किसान

### आंदोलन में एक सौ एक किसानों का समूह होगा शामिल



**चंडीगढ़।** किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने गुरुवार को ऐलान किया कि 101 किसानों का एक समूह 21 जनवरी को शंभू सीमा बिंदु से दिल्ली की ओर अपना मार्च फिर से शुरू करेगा। उनका लक्ष्य केंद्र सरकार पर दबाव डालना है ताकि सरकार किसानों की मांगों खास तौर से फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसीपी) की कानूनी गारंटी, को मंजूर करे। इससे पहले 101 किसानों का जत्था पिछले साल दिसंबर में तीन अलग-अलग प्रयासों में शंभू सीमा से दिल्ली की ओर पैदल मार्च करने निकला था, लेकिन हरियाणा में सुरक्षा बलों ने उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी थी। इन कोशिशों के बावजूद किसान अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटे हैं। 15 जनवरी को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ खनौरी सीमा के पास आमरण अनशन पर बैठ गया था। यह अनशन डल्लेवाल के लिए 52वां दिन है। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे अपने संघर्ष को जारी रखेंगे।

### ईडी ने तीन ठिकानों पर मारा छापा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को 6,000 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता और हावड़ा में तीन अलग-अलग जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह छापा व्यवसायी दीपक जैन के आवास और कार्यालयों पर की गई। पहला कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके बेहाला में और दूसरा कोलकाता से सटे हावड़ा जिले के शिबपुर में है। ईडी के मुताबिक मामले की जांच के दौरान उसे कई फर्जी कंपनियों और एजेंसियों का पता चला, जो अपराध में शामिल थीं। यह व्यक्ति ऐसी ही एक एजेंसी का निदेशक है और धोखाधड़ी के लिंक और पैसे की हेराफेरी कैसे की गई, इसका पता लगाने के लिए तलाशी ले रहे हैं।

## राजस्थान में 'मध्यप्रदेश मॉडल' लागू

# सीएम भजनलाल ने बढ़ाया सरपंचों का कार्यकाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने पंचायत चुनावों को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए राज्य में 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की राह प्रशस्त कर दी है। इसके तहत वर्तमान सरपंचों का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। सरपंचों को प्रशासक बनाकर पंचायतों का संचालन करने का आदेश जारी किया गया है। सरकार का यह कदम मध्य प्रदेश मॉडल पर आधारित है, जिसमें पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रशासनिक जिम्मेदारी निवर्तमान सरपंचों को दी गई है। दरअसल, प्रदेश में 6759 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 17 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से पंचायत चुनाव समय पर कराना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके मद्देनजर सरकार ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया है। भजनलाल सरकार ने आदेश जारी करते हुए निवर्तमान सरपंचों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किया है। पंचायतों के सुचारू संचालन के लिए प्रशासकीय समिति का गठन भी किया गया है। प्रशासकीय समिति में निवर्तमान उप सरपंच और वार्ड पंचों को शामिल किया गया है। सरकार के इस आदेश में प्रशासकीय समिति की भूमिका भी तय की गई है।



### राजस्थान में शहरी निकायों की बदलेंगी सीमाएं

#### जयपुर, कोटा, जोधपुर में हो सकता है एक ही नगर-निगम, चार मंत्रियों की कमेटी करेंगी रिव्यू

**जयपुर।** राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के बाद अब सरकार शहरी निकायों का भी पुनर्गठन करने जा रही है। नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं की सीमाओं में बदलाव करने और नए शहरी निकाय बनाने और खत्म करने का आकलन करने के लिए सरकार ने मंत्रियों की कमेटी का गठन किया है। इस पुनर्गठन के बाद ही चुनाव होंगे। निकाय चुनाव का समय बढ़ाने और वन स्टेट-वन इलेक्शन के लिए भी पुनर्गठन को अहम माना जा रहा है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को कैबिनेट सब कमेटी का संयोजक बनाया गया है। इस कमेटी में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन मंत्री संजय शर्मा और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार को मेंबर बनाया गया है। मंत्रियों की कमेटी शहरी निकायों का पुनर्गठन करने के लिए खाका तैयार करेगी।

# दिल्ली-जयपुर हाइवे पर अग्निकांडः केमिकल के टैंकर में लगी भीषण आग

### » टैंकर को उठाने के प्रयास में दो क्रेन भी हुई जलकर खाक



**बहरोड़/जयपुर।** जिले के पनियाला थाना क्षेत्र में गुरुवार की अल सुबह दिल्ली-जयपुर हाइवे 48 पर एक केमिकल से भरे टैंकर में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही पनियाला पुलिस मौके पर पहुंच गई और यातायात को रोक दिया। आग इतनी विकराल हो गई कि दमकल की गाड़ियां, जो नीमराणा और बहरोड़ से आई थीं, आग बुझाने में घंटों लगी रहीं।

पनियाला थाना प्रभारी मोहर सिंह ने बताया कि करीब रात 3 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि हाइवे पर एक टैंकर में आग लगी है। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने तुरंत यातायात को रोक दिया और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल इंचार्ज मेघराज ने बताया कि आग की गंभीरता को देखते हुए एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। जल रहे टैंकर की चपेट में आने से दो क्रेन जलकर खाक हो गई। क्रेन की सहायता से टैंकर को एक साइड हटा दिया गया। आग लगने से हाइवे पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बहरोड़ सदर पुलिस ने सोतानाला के पास ट्रैफिक को रोक दिया और आग बुझने के बाद यातायात को सुचारू रूप से चालू कर दिया। घटना टैंकर चालक के लिए भी खतरनाक साबित हुई, जिसने आग लगने से पहले कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि आग के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है।

घटना के बाद पनियाला गांव और आस-पास के क्षेत्रों के लोग दहशत में आ गए। गांव के निवासियों ने बताया कि हाइवे पर इस तरह के हादसे अक्सर होते रहते हैं और केमिकल टैंकर की वजह से खतरा कई गुना बढ़ जाता है। जल रहे टैंकर की चपेट में आने से दोनों क्रेन जलकर खाक हो गईं। बता दें कि टैंकर में अत्यंत ज्वलनशील बेंजिल केमिकल भरा हुआ था।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को मिली बड़ी सफलता

# गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश की पत्नी गिरफ्तार

### इटली के ट्रेपानी शहर में दबिश देकर पकड़ा



**जयपुर।** राजस्थान की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश की पत्नी को अरेस्ट करवाया है। इटली के ट्रेपानी शहर से दबिश देकर लोकल पुलिस की मदद से पकड़ा गया है। जेल से बाहर आने पर पति की मदद से ट्यूरिष्ट वीजा पर वह इंडिया से भागी थी। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ टीम ने गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय बदमाश अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर (26) निवासी बीछवाल बीकानेर को अरेस्ट करवाया है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समंवय कर एजीटीएफ टीम ने कार्रवाई करवाई। इटली की लोकल पुलिस के जरिए बुधवार को ट्रेपानी शहर के सिसली इलाके में दबिश देकर सुधा कंवर को पकड़ा गया।

#### » बिजनेसमैन को धमकी, गोलीबारी तक करवाते

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई और उसकी पत्नी सुधा कंवर का गैंग व्यापारियों को धमकी भरे कॉल से जबरन वसूली करता है। जबरन वसूली के रुपए नहीं मिलने पर गैंग के बदमाश पीड़ित बिजनेसमैन व उसके परिवार पर गोलीबारी तक करते है। सुधा कंवर का पति अमरजीत विश्नोई रोहित गोदारा और गिरोह के अन्य सदस्यों के लिए 'डब्बा कॉल' की व्यवस्था करता था। अमरजीत को एजीटीएफ की सूचना पर पिछले साल 8 जुलाई को इटली में स्थानीय पुलिस के जरिए गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### » गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड में भी सहयोगी

एडीजी एमएन ने बताया कि गैंगस्टर अमरजीत की पत्नी सुधा कंवर (26) मूलतः मेडता सिटी नागौर की रहने वाली है। पहले पति से तलाक होने के बाद इसने अमरजीत विश्नोई के साथ शादी की। उसके बाद वह भी अपराध की दुनिया में शामिल होकर पति का साथ देने लगी। 3 दिसम्बर 2022 को 3 दिसम्बर को गैंगस्टर राजू ठेहट उर्फ राजेन्द्र हत्याकाण्ड के शूटरों में से मनीष उर्फ बच्चिया को सुधा कंवर ने मनी ट्रांसफर कर और हथियार उपलब्ध करवा जघन्य हत्याकांड में मदद की थी। पुलिस ने 5 फरवरी-2023 को मामले में आरोपी सुधा कंवर को अरेस्ट कर जेसी भेज दिया था।

## जेडीए ने नववर्ष पर आमजन को दी तीन सौंगाते

# 500 करोड़ रूपये पीडब्ल्यूसी की बैठक में किए स्वीकृत

### गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक एलिवेटेड रोड

### » सालिगरामपुरा फाटक पर आरओबी निर्माण

### » सीबीआई/इंडुनी फाटक पर आरओबी निर्माण




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर शहर के सुनियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जेडीसी ने बताया कि इस क्रम में जेडीए द्वारा गुरूवार को मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में आमजन की सुविधार्थ सुरक्षित एवं सुगम यातायात हेतु गोपालपुरा बाईपास पर एलिवेटेड रोड, इंडुनी/सीबीआई फाटक पर आरओबी एवं सालिगरामपुरा फाटक पर आरओबी निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी कर आमजन को राज्य सरकार की ओर नववर्ष पर जेडीए द्वारा तीन सौगातें दी गई है। जिससे जयपुर के बाशिन्दों को उमदा और विश्वस्तरीय सुविधाएं सुलभ होंगी और जयपुर में निवेश के नये आयाम खुलेंगे।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को चिंतन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 500.00 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये। बैठक में जोन-14 में जयपुर-सवाईमोपुर रेल्वे लाईन पर सालिगरामपुरा फाटक एल.सी. 67(ए) आरओबी निर्माण हेतु 86.00 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-10 में जयपुर रेवाड़ी रेल्वे लाईन पर सीबीआई/इंडूनी फाटक (एल.सी.214) पर आरओबी निर्माण हेतु 95.00 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-5 में गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक एलिवेटेड रोड़ निर्माण हेतु 185.00 करोड़ रूपये प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

बजट घोषणा वर्ष 2024-25 अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमू के भवन निर्माण हेतु अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से 4000.00 वर्गमीटर भूमि आवंटन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जोन-6 में विद्याधर नगर विधानसभा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 70.25 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-2 में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20.02 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। बैठक में जोन-4 में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 6.93 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

बैठक में जोन-6 में निर्मल विहार एस-2ए एवं लोहामण्डी में पीएचईडी पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 5.61 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-12ए में जविप्रा की आवासीय योजना ग्राम बैनाड़ मय दौलतपुरा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 3.97 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जोन-10 में गोनेर रोड से रिंग रोड़ तक नाले के कायाकल्प कार्य एवं विकास कार्य हेतु प्रस्तावित जीएडी को मंजूरी दी गई। बैठक में ओटीएस सामुदायिक केन्द्र के रिनोवेशन कार्य हेतु 2.51 करोड़ रूपये की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-1 में नंदपुरी अण्डरपास एवं गौरव टॉवर के पीछे की ओर जल भराव की समस्या के समाधान हेतु एवं ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने के लिए 7.80 करोड़ रूपये की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में निर्माणाधीन हाईकोर्ट पार्किंग प्रोजेक्ट हेतु पूर्व में स्वीकृत राशि 50.00 करोड़ रूपये को बढ़ाते हुए 65.00 करोड़ रूपये की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com